CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 24°C

देहरादून, मंगलवार 23 सितम्बर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 46 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 30 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी में जातीय रैलियों पर लगा बैन, वाहनों पर नहीं लिख सकेंगे जाति के स्लोगन व नारे पेज 2



प्रीति पाल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय दल की होंगी ध्वजावाहक खेल टाइम्स



करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है मां शाकुम्भरी सिद्ध पीठ सम्पादकीय



अमेरिका ने एच-1बी वीजा फीस बढ़ाई, तो चीन लाया के. वीजा पेज 12

# अहमदाबाद प्लेन क्रैश: पायलट की गलती बताना गलत

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा: स्वतंत्र जांच की संभावनाएं तलाशें, केंद्र-डीजीसीए व एएआईबी से मांगा जवाब

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ शीर्ष अदालत ने उठ रही चर्चाओं को अफसोसजनक बताया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश में पायलट की गलती को लेकर उठ रही चर्चाओं को अफसोसजनक बताया है।

इसके लिए कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) और विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) से जवाब मांगा है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने इस मामले में स्वतंत्र जांच करवाने की संभावना पर भी ध्यान दिया है। इसको लेकर एविएशन सुरक्षा एनजीओ सेफ्टी मैटर्स फाउंडेशन ने पीआईएल दायर की है। इसमें आरोप लगाया गया है कि प्रारंभिक रिपोर्ट में जरूरी जानकारी छुपाई गई है और यह नागरिकों के जीवन, समानता और सही जानकारी पाने के अधिकार का उल्लंघन करती है। पीआईएल में कहा गया है कि ईंधन स्विच की खराबी और इलेक्ट्रिकल फॉल्ट जैसी तकनीकी समस्याओं को नजरअंदाज किया गया और दुर्घटना का दोष केवल पायलट पर डाल दिया गया। अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का बोइंग 787-8 विमान 12 जून को टेकऑफ के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गया था। इसमें 270 लोगों की मौत हो गई थी। सुमित सभरवाल फ्लाइट के मुख्य पायलट और क्लाइव कुंदर को-पायलट थे। एनजीओ की तरफ से पैरवी कर रहे सीनियर एडवोकेट प्रशांत भूषण ने कोर्ट में कहा कि दुर्घटना को हुए 100 दिन से ज्यादा हो गए हैं, लेकिन अब तक केवल प्रारंभिक रिपोर्ट ही जारी हुई है। उन्होंने कहा रिपोर्ट यह नहीं बताती कि असल में क्या हुआ और भविष्य में क्या सावधानी बरतनी चाहिए। इसका मतलब है कि आज भी इन बोइंग विमानों में यात्रा करने वाले सभी लोग खतरे में हैं। इस पर कोर्ट ने कहा कि निष्पक्ष जांच की मांग सही है, लेकिन सभी निष्कर्ष सार्वजनिक करने से जांच प्रभावित हो सकती है। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने अहमदाबाद प्लेन क्रैश पर अपनी प्राइमरी रिपोट 12 जुलाई को जारी की थी। रिपोर्ट में पायलट सुमित सभरवाल और को-पायलट क्लाइव कुंदर के बीच बातचीत का जिक्र था।

# आजम खां आज होंगे रिहा



■ परवाना सीतापुर जेल पहुंचा, जेल प्रशासन ने पूरी तैयारी की

**सीतापुर।** समाजवादी पार्टी के नेता आजम खां मंगलवार को (आज) जेल से रिहा होंगे। जानकारी के मुताबिक, उनकी रिहाई का परवाना सीतापुर जेल पहुंच गया है। सुबह 8 बजे उन्हें रिहा किया जा सकता है। उनकी रिहाई को लेकर जेल प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है।

आजम खां पिछले 23 महीने से सीतापुर जेल में बंद हैं। हाल ही में क्वालिटी बार पर कब्जे के केस में आजम को इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिली थी। इस मामले में 21 नवम्बर 2019 को एफआईआर दर्ज हुई थी। हाईकोर्ट ने 21 अगस्त को फैसला सुरक्षित रख लिया था। रामपुर एमपी-एमएलए कोर्ट ने 17 मई 2025 को उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट का रुख किया था। क्वालिटी बार पर कब्जे के केस में आजम के परिवार के खिलाफ 2019 में एफआईआर दर्ज हुई।

### सुप्रीम कोर्ट से जैकलीन को झटका याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने उस याचिका पर विचार करने से साफ इन्कार कर दिया, जिसमें उन्होंने 200 करोड़ रुपये के मनी लान्ड्रिंग केस में दर्ज प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट यानी ईसीआईआर को रद्द करने की मांग की थी। यह मामला कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़ा है, जो पहले ही कई धोखाधड़ी के मामलों में जेल में बंद है। जस्टिस दिपांकर दत्ता और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच ने जैकलीन फर्नांडिस की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी की दलीलें सुनने के बाद कहा कि हम इस स्तर पर हस्तक्षेप नहीं करेंगे। इसके साथ ही अदालत ने साफ कर दिया कि 3 जुलाई को दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा दिए गए आदेश को ही बरकरार रखा जाएगा। इसमें जैकलीन की ईसीआईआर रद्द करने की याचिका को खारिज कर दिया गया था।

### एनएससीएन (के) पांच वर्ष के लिए गैर कानूनी संगठन घोषित

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने नगा संगठन नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड (खापलांग) (एनएससीएन-के) को उसके सभी गुटों और शाखाओं के साथ आगामी 28 सितम्बर से पांच वर्ष के लिए गैरकानूनी संगठन घोषित किया है। गृह मंत्रालय ने सोमवार को एक अधिसूचना जारी कर कहा कि इस संगठन के गैर कानूनी गतिविधियों में शामिल होने के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है। अधिसूचना में कहा गया है कि परिस्थितियों और संगठन की गैर कानूनी गतिविधियों को देखते हुए इसे गैर कानूनी घोषित किया जाना जरूरी हो गया है।

### सीतारमण ने लिया स्टेशनरी की दुकान का जायजा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को दिल्ली के लक्ष्मी नगर इलाके में एक स्टेशनरी की दुकान पर पहुंचकर स्वयं यह देखा कि जीएसटी के तहत लागू सुधारों का आम लोगों को फायदा मिल रहा है या नहीं। श्रीमती सीतारमण ने नवरात्र और जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत के मौके पर दुकानदार और दुकान में मौजूद सभी कर्मचारियों को फूल दिए। इसके बाद उन्होंने दुकानदार से जीएसटी में सोमवार से प्रभावी सुधारों से कीमतों में होने वाली कटौती के बार में पूछा। दुकानदार ने बताया कि जीएसटी सुधारों के कारण स्टेशनरी की कीमतें कम से कम 10 प्रतिशत कम हो गई हैं।


### अंतरिक्ष में विदेशी उपग्रह की संदिग्ध हरकत, भारत सतर्क

**नई दिल्ली।** भारत अब अंतरिक्ष में मौजूद अपने उपग्रहों को बाहरी खतरों से बचाने के लिए एक नई योजना पर काम कर रहा है। इस योजना का मकसद उन संभावित हमलों को रोकना है, जो दुश्मन देशों के उपग्रहों से आ सकते हैं। यह कदम इसलिए तेजी से उठाया जा रहा है, क्योंकि हाल ही में एक विदेशी उपग्रह भारत के एक उपग्रह के बेहद करीब आ गया था।

# POK एक दिन बोलेगा 'मैं भारत हूं', ऑपरेशन सिंदूर फिर शुरू होगा

## पीओके बिना हमला किए वापस मिलेगा: राजनाथ सिंह

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मोरक्को में भारतीय समुदाय से की बातचीत

■ हमारी सेना ने 100 किमी अंदर जाकर पाक ठिकाने तबाह किए

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) भारत को बिना किसी लड़ाई या हमले के अपने आप मिल जाएगा। पीओके के लोग खुद आजादी की मांग कर रहे हैं और एक दिन वे कहेंगे कि मैं भी भारत हूं।

राजनाथ सिंह ने यह बात मोरक्को में भारतीय समुदाय से बातचीत के दौरान कही। उन्होंने याद दिलाया कि पांच साल पहले कश्मीर में सेना के एक कार्यक्रम में भी उन्होंने यही बात कही थी। यह बयान उस समय आया है जब विपक्ष केंद्र सरकार पर आरोप लगा रहा है कि हमने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पीओके को कब्जाने का मौका गंवा दिया गया। उस समय भारतीय वायुसेना ने कई पाकिस्तानी फाइटर जेट गिराए थे, लेकिन सरकार ने सीजफायर मान लिया। दरअसल, राजनाथ सिंह दो दिन के दौरे पर मोरक्को पहुंचे हैं। यहां उन्होंने टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के नए व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफार्म 8/8 मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का उद्घाटन किया। यह अफ्रीका में किसी भारतीय रक्षा कंपनी का पहला संयंत्र है। राजनाथ सिंह ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के अगले ही दिन सीडीएस, तीनों सेनाध्यक्षों और रक्षा सचिव के साथ बैठक में उन्होंने पूछा था कि अगर सरकार आदेश दे, तो क्या सेना तैयार है। सिंह ने बताया उन्होंने बिना एक पल गंवाए कहा कि बिल्कुल तैयार हैं। इसके बाद पीएम मोदी ने हमें पूरी छूट दी और आपने नतीजा देखा कि सीमा पर नहीं, बल्कि 100 किमी अंदर जाकर आतंकी ठिकाने -शेष पृष्ठ दो पर

# मानहानि को अपराध की श्रेणी से बाहर किया जाए: सुप्रीम कोर्ट

## जेएनयू की पूर्व प्रोफेसर को नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ मीडिया संस्थान के खिलाफ गलत रिपोर्टिंग का किया था केस



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि अब समय आ गया है कि मानहानि को अपराध की श्रेणी से बाहर किया जाए। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच पूर्व जेएनयू प्रोफेसर अमिता सिंह की ओर से 2016 में एक मीडिया संस्थान के खिलाफ दाखिल मानहानि मामले की सुनवाई कर रही थी।

मीडिया संस्थान की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि प्रोफेसर अमिता सिंह ने एक डॉजियर (दस्तावेज) तैयार किया था, जिसमें जेएनयू को अश्लील गतिविधियों और आतंकवाद का अड्डा बताया गया। अमिता सिंह का आरोप है कि रिपोर्टर और संपादक ने बिना सत्यता जांचे यह खबर प्रकाशित की, जिससे उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा। सुनवाई के दौरान जस्टिस सुंदरेश के आदेश पर वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कोर्ट से सहमति -शेष पृष्ठ दो पर

### दिल्ली दंगे मामले में दिल्ली पुलिस को नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली में 2020 में हुए दंगों के आरोपियों में शामिल जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व छात्रों शरजील इमाम, उमर खालिद और अन्य की ज़मानत याचिकाओं पर सोमवार को दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, एएम सिंघवी और अन्य की संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद नोटिस जारी किया। उन छात्रों को दंगों में एक बड़ी साजिश रचने के आरोप में गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया था। खालिद और अन्य 2020 से दंगों के सिलसिले में जेल में हैं। पुलिस के मुताबिक, दंगों में 53 लोग मारे गए थे और 700 से ज्यादा घायल हुए थे। अधिवक्ता सिंघवी ने अदालत से अंतरिम ज़मानत याचिका पर भी नोटिस जारी करने का अनुरोध किया।

# पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के साथ न्याय करे मोदी सरकार: राहुल

■ कहा: केंद्र की तरफ से व्यापक राहत पैकेज दिया जाए

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि राज्य के लिए केंद्र की तरफ से व्यापक राहत पैकेज दिया जाना चाहिए।

श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि पंजाब को बाढ़ की वजह से लगभग 20,000 करोड़ रुपये का नुक़सान हुआ है। ऐसे में प्रधानमंत्री द्वारा घोषित 1600 करोड़ रुपये का प्रारंभिक राहत पैकेज पंजाब के लोगों के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि लाखों घर उजड़ गए हैं और चार लाख एकड़ से ज्यादा भूमि पर फ़सल बाढ़ के कारण बर्बाद हो गई है। किसानों को पशुधन की बड़ी हानि हुई है और बड़ी संख्या में किसानों के जानवर बह गए हैं।

# डुसू इलेक्शन की ईवीएम व पेपर ट्रेल्स प्रिजर्व होंगे

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश, एनएसयूआई ने चुनाव में गड़बड़ी का लगाया था आरोप

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली यूनिवर्सिटी स्टूडेंट यूनियन (डुसू) इलेक्शन में इस्तेमाल किए गए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) और इससे जुड़े पेपर ट्रेल्स को प्रिजर्व यानी संरक्षित करने का आदेश दिया है।

वोटिंग के दौरान ईवीएम में छेड़छाड़ के आरोपों के आधार पर दायर की गई याचिका पर हाईकोर्ट ने सुनवाई की। पूर्व डुसू अध्यक्ष रौनक खत्री और इस साल अध्यक्ष पद की उम्मीदवार रही एनएसयूआई की जोस्लिन नंदिता चौधरी ने ये याचिका दायर की थी। उनका आरोप है कि 18 सितम्बर, 2025 को हुए मतदान में ईवीएम से छेड़छाड़ की गई थी। इसलिए चुनाव को रद्द कर ज्यूडिशियल मॉनिटरिंग में दोबारा चुनाव कराए जाएं। कोर्ट ने कहा कि रिट याचिका इस प्रेयर के साथ दायर की गई है कि अध्यक्ष पद के लिए हुए मतदान की प्रक्रिया को रद्द किया जाए, क्योंकि ईवीएम में छेड़छाड़ हुई है। याचिका के अनुसार, कई कॉलेजों में मतदान के दौरान गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। खासकर आरोप यह है कि ईवीएम पर बैलेट डिस्प्ले में एबीवीपी के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार के नाम के सामने नीली स्याही से निशान लगे हुए थे।

### युवक ने की कॉकपिट का दरवाजा खोलने की कोशिश, हिरासत में

**वाराणसी।** बेंगलूर से वाराणसी आ रहे एयर इंडिया के विमान का हवा में कॉकपिट का दरवाजा खोलने की कोशिश करने वाले युवक को वाराणसी एयरपोर्ट में हिरासत में ले लिया गया है। पायलट को इस बात की जानकारी होते ही एयर ट्रैफिक कंट्रोल को इस बात की जानकारी दी। एटीसी ने एयरपोर्ट प्रशासन को इसकी सूचना दी। विमान के एयरपोर्ट पर लैंड होते युवक को सीआईएसएफ ने हिरासत में ले लिया। स्थानीय पुलिस को भी घटना की जानकारी दी गई है। बताया जा रहा है कि एयर इंडिया की फ्लाइट (आईएक्स -1086) में सवार युवक टॉयलेट का दरवाजा समझ कर खोलने का प्रयास कर रहा था। फूलपुर थाना प्रभारी ने बताया कि युवक के साथ आठ लोग थे। कुल नौ लोगों से पूछताछ चल रही है। सभी लोग बेंगलूर से काशी दर्शन पूजन करने आए है।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 9953305014

# मोदी ने देशवासियों से मेड इन इंडिया उत्पाद खरीदने को कहा

शाह टाइम्स ब्यूरो




■ प्रधानमंत्री ने देशवासियों को लिखा खुला पत्र, दुकानदारों से की मेड इन इंडिया उत्पाद बेचने की अपील

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी बचत उत्सव पर देशवासियों को खुला पत्र लिखा है। पीएम मोदी ने लोगों को लिखे पत्र में कहा कि इस वर्ष त्योहारों में हमें एक और उपहार मिल रहा है।

22 सितम्बर से अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू होने के साथ ही पूरे देश में जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत हो गई है। इन रिफॉर्म्स से किसान, महिला, युवा, गरीब, मध्यम वर्ग, व्यापारी, लघु उद्योग, कुटीर उद्योग, सभी को फायदा होगा। पीएम मोदी ने कहा कि नए जीएसटी रिफॉर्म्स की विशेषता यह है कि अब मुख्य रूप से सिर्फ दो ही दरें रहेंगी। रोज़मर्रा की जरूरी चीजें जैसे खाना, दवाइयां, साबुन, टूथपेस्ट और कई अन्य सामान अब जीरो टैक्स- यानी 5 फीसदी की दर से ही मिलेंगे। बाकी सामानों पर टैक्स दरें भी कम हुई हैं। घर और परिवार से जुड़ी ज्यादातर चीजें और सेवाएं अब 5 फीसदी टैक्स दर से ही उपलब्ध होंगी। यानी इंश्योरेंस से लेकर घर के सामान तक सब सस्ता हुआ है। आने वाले समय में और आसान होता जाएगा। नए इंश्योरेंस प्लान भी अब जीएसटी को छोड़कर ही दिए जाएंगे। उन्होंने लिखा कि मुझे ये देखकर अच्छा लगा कि कई -शेष पृष्ठ दो पर

### मोदी बोले- कांग्रेस ने नॉर्थईस्ट को नजरअंदाज किया

**ईटानगर, त्रिपुरा।** पीएम अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा के दौरे पर हैं। उन्होंने अरुणाचल के ईटानगर में 5,100 करोड़ रुपये के नए प्रोजेक्ट्स की नींव रखी। उन्होंने कहा कि अरुणाचल को कांग्रेस ने नजरअंदाज किया। हमारा पूरा नॉर्थ ईस्ट छूट गया। जब मुझे सेवा का अवसर दिया, तो मैंने कांग्रेसी सोच से देश को मुक्ति दिलाई। हमारी प्रेरणा इसी राज्य में वोटों और सीटों की संख्या नहीं , नेशन फर्स्ट की भावना है। पीएम ने कहा कि जिनको कभी किसी ने नहीं पूछा उनको मोदी पूजता है। इसलिए जिस नॉर्थ ईस्ट को कांग्रेस ने भुला दिया था वो 2014 के बाद विकास की प्राथमिकता बन गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### छुट्टी के बाद मुख्य सचिव शशि प्रकाश ने संभाला कार्यभार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल ने सवा महीने की छुट्टी के बाद नवरात्र के पहले दिन कार्यभार संभाल लिया है। आज वह अपने कार्यालय में बैठे और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। दरअसल स्वास्थ्य कारणों के चलते वह छुटी पर चल रहे थे। एसपी गोयल की छुटी के दौरान उनके सारे पद कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार को सौंप दिए गए थे। गौरतलब है कि आईएएस अधिकारी शशि प्रकाश गोयल ने 31 जुलाई को उत्तर प्रदेश के नए मुख्य सचिव का पदभार ग्रहण किया था। 1989 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी गोयल इससे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव और नागरिक उड्डयन, संपदा एवं प्रोटोकॉल विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव के रूप में कार्यरत थे। वह उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त स्थानिक आयुक्त भी थे। गोयल ने मनोज कुमार सिंह का स्थान लिया था, जो 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हुए थे।

### मीट बिक्री पर रोक की मांग पर सियासी पारा चढ़ा

**लखनऊ।** आज से शुरू हुए शारदीय नवरात्र के दौरान मीट बिक्री पर रोक लगाने की मांग ने राजनीतिक पारा बढ़ा दिया है। अब इस मामले पर असदुद्दीन ओवैसी के पार्टी नेता सैयद असीम वकार ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। साथ ही भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा है। एआईएमआईएम नेता सैयद असीम वकार ने तंज कसते हुए कहा कि लीगल का गोश्त बिकेगा और इल्लीगल का नहीं बिकेगा। यह सरकार सिर्फ हिन्दू-मुस्लिम करके देश को बांटना चाहती हैं।

# जीएसटी सुधार पर योगी ने व्यापारियों व ग्राहकों से किया संवाद

गोरखपुर, वार्ता



नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म यानी अगली पीढ़ी के लिए जीएसटी सुधार सोमवार से लागू हो गए, जिसे लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश सरकार द्वारा पूर्व में तय जीएसटी रिफॉर्म जागरूकता अभियान के पहले चरण की शुरुआत खुद व्यापारियों और ग्राहकों के बीच जनसंपर्क करके की।

मुख्यमंत्री ने सोमवार पूर्वाह्न पदयात्रा कर झूलेलाल मंदिर से गोरखनाथ मंदिर मार्ग तक कारोबारी प्रतिष्ठानों में जाकर कारोबारियों और वहां मिले ग्राहकों से बात की और जीएसटी सुधारों पर उनकी प्रतिक्रिया जानी। उन्होंने कारोबारियों से आग्रह किया मोदी सरकार से उपहार स्वरूप घटी जीएसटी का लाभ ग्राहकों को अवश्य दें और साथ ही स्वदेशी उत्पादों को बघवा देने के लिए प्रतिष्ठानों पर गर्व से कहो यह स्वदेशी है का पोस्टर भी लगाएं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में जीएसटी परिषद ने तीन सितम्बर की बैठक में कर सुधारों का निर्णय लिया था। ये निर्णय सोमवार से प्रभावी हो गए। इसे लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गत दिनों एक समीक्षा बैठक में 22 सितम्बर से 29 सितम्बर तक 'जीएसटी रिफॉर्म जागरूकता अभियान' का पहला चरण शुरू करने का निर्णय लिया था। इसका शुभारंभ सोमवार को उन्होंने खुद पदयात्रा, जनसंपर्क और संवाद से किया। 'जीएसटी रिफॉर्म जागरूकता अभियान' के तहत मुख्यमंत्री ने झूलेलाल मंदिर से गोरखनाथ मंदिर मार्ग तक पदयात्रा की और मार्ग पर स्थित कई दुकानों में जाकर व्यापारियों और ग्राहकों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जीएसटी की घटी दरों को लेकर उनसे संवाद किया। उन्हें जीएसटी की घटी दरों से संबंधित एक स्टीकर और गुलाब का फूल दिया।

### जीएसटी की नई दर लागू होने के बाद वैष्णव पहुंचे व्यापारियों के बीच

**नई दिल्ली।** देश में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की नई दरें लागू होने के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के आर के पुरम सेक्टर आठ की मार्केट में पहुंचे और व्यापारियों से संवाद किया। वैष्णव ने व्यापारियों से बातचीत के दौरान जीएसटी में नए सुधार को लेकर सरकार की मंशा और नीयत को उनके सामने रखा। उन्होंने जनता के साथ-साथ व्यापारियों को सम्बोधित करते हुए इन सुधारों को ऐतिहासिक बताया और कहा कि ए सुधार 140 करोड़ से अधिक भारतीयों को राहत देंगे, खपत बढ़ाएंगे और अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करेंगे।

# यूपी में 10 गुना बढ़ी नगर आयुक्त की पॉवर

## मेयर भी मंजूर कर सकेंगे पांच करोड़ के प्रोजेक्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने शहरों के विकास को गति देने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसमें नगर निगमों में कमिश्नर को 1 करोड़ और मेयर को 5 करोड़ रुपये तक के वित्तीय ताकत दी है।

इस फैसले से नगरायुक्त और मेयर बड़े प्रोजेक्ट भी अपने स्तर पर स्वीकृत कर सकेंगे। इससे बड़े प्रोजेक्ट के लिए शासन से मंजूरी की जरूरत नहीं रहेगी। इसमें निगम कमिश्नर अपने स्तर पर जहां एक करोड़ के प्रोजेक्ट पास कर सकते हैं, वहीं मेयर के पास अब 5 करोड़ रुपये तक की वित्तीय पॉवर होगी। अभी तक नगरायुक्त के पास महज 10 लाख रुपये तक की पॉवर थी, जबकि मेयर 15 लाख तक के प्रोजेक्ट ही मंजूर कर पाते थे।विभिन्न शहरों की लोकल लेबल पर जरूरतों और सरकार से अप्रूवल में देरी की वजह से होने वाली परेशानियों की वजह वित्तीय पॉवर में संशोधन का प्रस्ताव काफी पहले ही आ गया था। हालांकि अब सरकार ने इस प्रस्ताव के गुण-दोष की विवेचना के बाद मंजूरी दे दी है। सरकार के इस फैसले से नगरायुक्त और मेयर की वित्तीय पॉवर दस गुना से भी ज्यादा बढ़ जाएगी। इससे शहर में विकास के बड़े प्रोजेक्ट को भी स्थानीय स्तर पर मंजूर किया जा सकेगा। बड़ी बात यह कि इस तरह के प्रोजेक्ट के लिए स्थानीय निकाय को शासन की मंजूरी का इंतजार नहीं करना होगा। अधिकारियों के मुताबिक इस एक फैसले से सरकार ने कई शिकार किए हैं। इसमें एक तरफ मेयर की वित्तीय पॉवर बढ़ाकर उन्हें खुश किया है। इससे शहर के विकास में तेजी आएगी। इसी के साथ मैन्यूअल टेंडर में होने वाली धांधली पर भी अंकुश लगाने की कोशिश की है।

# मोदी देश-विदेश में लाखों लोगों के लिए प्रेरणा: राधाकृष्णन

नई दिल्ली, वार्ता



उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लोगों की भावनाओं की गहरी समझ है, उसी के अनुरूप योजनाओं का क्रियान्वयन करते है, जिससे देश-विदेश में लाखों लोगों के लिए वह प्रेरणा हैं।

श्री राधाकृष्णन ने सोमवार को यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषणों पर आधारित संकलित पुस्तकों, 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' का विमोचन किया। प्रधानमंत्री के दूसरे कार्यकाल के चौथे और पांचवें वर्ष के चुनिंदा भाषणों वाली ये पुस्तकें कई मायनों में सुशासन के प्रति उनके दृष्टिकोण और दृष्टिकोण को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि मोदी देश-विदेश में लाखों लोगों के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने पिछले ग्यारह वर्षों में निरंतर जनहितैषी कार्य करके देश के अंतिम छोर पर रहने वाले लोगों को भी सीधे लाभ पहुंचाने का काम किया किया। उन्होंने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। मोदी जनता के लिए सच्चे मन से काम करते हैं और बदले में कुछ भी अपेक्षा नहीं करते हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिका द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगाए जाने के बावजूद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हमेशा मोदी को अपना अच्छा मित्र बताया है। प्रधानमंत्री मोदी रूसी राष्ट्रपति पुतिन के भी घनिष्ठ मित्र हैं। इसी प्रकार अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में मतभेदों के बावजूद चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के मोदी के साथ अच्छे संबंध हैं।

## आदेश: वाहनों पर नहीं लिख सकेंगे जाति के स्लोगन व नारे

# यूपी में जातीय रैलियों पर लगा प्रतिबंध

लखनऊ, वार्ता

इलाहाबाद हाईकोर्ट की सख्ती के बाद उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने एफआईआर से लेकर चार्जशीट तक में से जाति का कालम हटा दिया है। इसी के साथ सरकार ने जातीय रैलियों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। सरकार के इस फैसले के तहत अब प्रदेश में कहीं भी न तो सार्वजनिक तौर पर जाति का उल्लेख होगा और न ही कानूनी या सरकारी दस्तावेजों में ही जातियों का जिक्र किया जाएगा। इस संबंध में उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव ने सभी पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के लिए गाइडलाइन जारी कर दी है।

पिछले दिनों इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इस संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार को कठोर दिशा निर्देश दिए थे। इसके बाद उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव ने भी अपने आदेश में इसे जाति आधारित राजनीति और सामाजिक भेदभाव पर रोक लगाने के लिए अहम कदम बताया है। कार्यवाहक मुख्य सचिव दीपक कुमार ने अपने आदेश में साफ तौर पर कहा है कि अब प्रदेश में कहीं कोई जातीय रैलियां नहीं होंगी। इसी के साथ सरकारी दस्तावेजों में से भी जाति का कालम हटाने को कहा है। अभी तक एफआईआर, गिरफ्तारी मेमो समेत पुलिस के अन्य दस्तावेजों में शिकायतकर्ता या आरोपियों की जाति का उल्लेख अनिवार्य रूप से किया जाता था।

इसी प्रकार प्रशासनिक दस्तावेजों में भी जाति का उल्लेख करने की परंपरा रही है। अब मुख्य सचिव के आदेश के बाद इनमें से किसी भी दस्तावेज में न तो जाति का उल्लेख होगा और न ही कहीं सार्वजिनक स्थान पर जाति को लेकर चर्चा होगी। इसी क्रम में जातीय रैलियां पर भी रोक लगाई गई है। सरकारी दस्तावेजों में पहचान के तौर पर जाति का जिक्र होता था, लेकिन अब जाति के स्थान पर संबंधित के माता-पिता का नाम लिखा जाएगा।

**एफआईआर में भी जाति का जिक्र नहीं हो सकेगा होगा माता-पिता का नाम**

### जातिवाद का खेल खुल कर खेलने के लिए लाया गया आदेश : सपा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कार्यवाहक मुख्य सचिव द्वारा राज्य में जातिगत गत भेदभाव समाप्त करने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर जाति के उल्लेख करने पर रोक लगाने के दिए गए आदेश का समाजवादी पार्टी ने विरोध किया है। पार्टी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट किया, जब जातिवाद करते हुए ये भाजपा सरकार और इसके जिम्मेदार जनता द्वारा पकड़े गए, जब इन भाजपाइयों का अपना जातिवाद खुल गया, जब पीडीए ने इन भाजपाई जातिवादियों से नियुक्तियों और व्यवस्था में व्याप्त इनका स्वजातिवाद पूछ लिया तो पीडीए से घबरा कर ये नियम ले आए हैं, इस नियम के पीछे भी इन भाजपाइयों की मंशा जातिवाद का खेल और खुलकर खेलने की है, पीडीए रुकेगा नहीं, बल्कि पीडीए इन भाजपाइयों से सवाल पूछता रहेगा।

### अखिलेश ने उठाए पांच सवाल

**लखनऊ।** अखिलेश ने इस कदम को दिखावा करार देते हुए कई सवाल उठाए हैं। उन्होंने सोमवार को अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर एक पोस्ट में लिखा कि क्या यह फैसला 5000 साल पुरानी जातिगत मानसिकता को खत्म कर पाएगा? अखिलेश यादव ने अपने पोस्ट में पांच प्रमुख सवाल उठाए। उन्होंने पूछा- और 5000 सालों से मन में बसे जातिगत भेदभाव को दूर करने के लिए क्या किया जाएगा? वस्त्र, वेशभूषा और प्रतीक चिन्हों से जाति-प्रदर्शन को मिटाने के लिए क्या कदम उठाए जाएंगे? किसी से मिलने पर नाम से पहले जाति पूछने की मानसिकता को खत्म करने के लिए क्या उपाय होंगे? किसी का घर धुलवाने जैसे जातिगत भेदभाव को समाप्त करने और झूठे आरोप लगाकर बदनाम करने की साजिशों को रोकने के लिए क्या योजना है?

## अर्थ व्यापार


सेंसेक्स 82626.23 | निफ्टी 25327.05

सोना रु. 111330 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

चांदी रु. 128000 प्रति किलो

# लगातार दूसरे दिन लुढ़के शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता



अमेरिका द्वारा एच-1बी वीजा के शुल्क में बढ़ोतरी से सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में शुरुआती कारोबार में बिकवाली हावी रही और आईटी तथा टेक कंपनियों में बड़ी गिरावट देखी गई। इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टीसीएस के शेयरों में दो से ढाई प्रतिशत के बीच गिरावट चल रही थी।

बीएससी का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 475.16 अंक की गिरावट के साथ 82,151.07 अंक पर खुला। हालांकि बाद में इसकी गिरावट कुछ कम हुई और खबर लिखे जाते समय यह पिछले कारोबारी दिवस की तुलना में 154.95 अंक (0.15 प्रतिशत) नीचे 82,471.28 अंक पर था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 सूचकांक भी 88.95 अंक की गिरावट में 25,238.10 अंक पर खुला और खबर लिखे जाते समय 31.30 अंक यानी 0.12 प्रतिशत गिरकर 25,296 अंक पर था। आईटी के अलावा फार्मा, स्वास्थ्य, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद सेक्टरों में गिरावट देखी गई। वहीं बैंकिंग, ऑटो, धातु और एफएमसीजी सेक्टरों के शेयरों में लिवाली का जोर रहा। आईटी कंपनियों के अलावा एलएंडटी और एयरटेल भी गिरावट में रहने वाली प्रमुख कंपनियों थे। वहीं, अल्ट्राटेक सीमेंट, अडानी पोर्ट्स, ट्रेंट और इंटरनल के शेयरों में तेजी थी। उल्लेखनीय है कि अमेरिका ने 21 सितम्बर से एच1बी वीजा के लिए 1,00,000 डॉलर का शुल्क लगा दिया है। हालांकि बाद में यह स्पष्टीकरण दिया गया कि यह शुल्क पुराने बीमाधारकों पर लागू नहीं होगा और सिर्फ नए वीजा के लिए आवेदन करते समय चुकाना पड़ेगा।

### जीएसटी 2-0 से आसान होगा जीवनयापन: फिक्की

**नई दिल्ली।** भारतीय उद्योग परिसंघ (फिक्की) ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत सोमवार से लागू अगली पीढ़ी के सुधारों का स्वागत करते हुए कहा है कि इससे आम लोगों का जीवनयापन आसान होगा। फिक्की के अध्यक्ष हर्षवर्धन अग्रवाल ने एक बयान में कहा, षफिक्की आज से जीएसटी 2-0 के लागू होने का स्वागत करता है। संशोधित ढांचा एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों) के लिए अनुपालन संबंधी बोझ को कम करेगा, 'मेक इन इंडिया' उत्पादों की लागत प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार करेगा और जीवन को आसान बनाएगा। उल्लेखनीय है कि देश में सोमवार से जीएसटी के हालिया सुधार लागू हो गए हैं। इसके तहत स्लैब की संख्या चार से घटाकर दो कर दी गई है। आम लोगों के इस्तेमाल की अधिकतर चीजों पर कर की दर शून्य या पांच प्रतिशत कर दी गई है।

### चांदी के बाद अब सोने ने तोड़े सभी रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** एमसीएक्स में अचानक सोने की रफ्तार तेज हो गई। सुबह चांदी में भी तेजी देखी गई थी। उस समय सोने में भी बढ़ोतरी हो रही थी, हालांकि ये इतनी ज्यादा नहीं थी। लेकिन अब सोने की रफ्तार चांदी तेज हो गई। सोने ने सोमवार दोपहर 12 बजे के आसपास एक नया रिकॉर्ड बनाया है। आईबीजेए में सोमवार को 24 कैरेट सोने का भाव 109775 रुपये दर्ज किया गया है।। इसमें 1209 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी है। सोने ने अब तक 110202 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंचकर लो रिकॉर्ड और 109847 रुपये पहुंचकर हाई रिकॉर्ड बनाया है। दोपहर 1 बजे 1 किलो चांदी की कीमत 132,457 रुपये दर्ज की गई है। इसमें 2619 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी देखी जा रही है। चांदी ने अब तक 130658 रुपये प्रति किलो पहुंचकर लो रिकॉर्ड और 132665 रुपये पहुंचकर हाई रिकॉर्ड बनाया है।

# चावल-गेहूं मजबूत, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़, दालों में आया उबाल



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिस बाजारों में सोमवार को चावल के दाम बढ़ गए। गेहूं में भी तेजी रही। खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया, जबकि चीनी और दालों में तेजी रही। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसम्बर वायदा 17 रिंगिट की बढ़त में 4,442 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.89 प्रतिशत की गिरावट के साथ 50.17 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिस बाजारों में चावल की औसत कीमत 130 रुपए बढ़कर 3,875.45 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं भी सात रुपए महंगा हुआ और 2,870.42 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत 3,325.15 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सूरजमुखी तेल 95 रुपए और वनस्पति 267 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। अन्य तेलों में गिरावट रही। सरसों तेल औसतन पांच रुपए और मूंगफली तेल 41 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। पाम ऑयल 70 रुपए और सोया तेल 50 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गया। दाल-दलहनों में आज तेजी का रुख रहा। तुअर दाल की औसत कीमत 185 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। उड़द दाल में 58 रुपए और मूंग दाल में 168 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी दर्ज की गई। मसूर दाल 184 रुपए और चना दाल 131 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 104 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी 18 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल.दलहन: दाल चना 7956.51 रुपए, मसूर काली 8185.87 रुपए, मूंग दाल 10145.57 रुपए, उड़द दाल 10460.99 रुपए, अरहर दाल 10589.67 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2870.42 रुपए और चावल 3875.45 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4316.01 रुपए और गुड़ 5018.68 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**पीओके एक...** तबाह किए गए। जैश-ए-मोहम्मद का एक बड़ा आतंकी कह रहा था कि मसूद अजहर के परिवार को भारत ने तबाह कर दिया। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत ने आतंकियों को उनके धर्म के आधार पर नहीं, बल्कि उनके कर्म (अपराध) देखकर मार गिराया। उन्होंने कहा कि आतंकवादी हमारे लोगों को धर्म पूछकर मारते हैं, लेकिन भारत ने उनका धर्म नहीं देखा, सिर्फ उनके बुरे काम देखकर जवाब दिया है। राजनाथ सिंह ने मोरक्को की राजधानी रबात में भारतीय समुदाय से मुलाकात और चर्चा की। राजनाथ सिंह मोरक्को के रक्षा मंत्री अब्देलतीफ लाउदिई के साथ बैठक करेंगे। इसमें दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग पर एक समझौता (एमओयू) होने की संभावना है। इस समझौते के तहत प्रशिक्षण, रक्षा उद्योग और नौसेना के सहयोग को बढ़ाया जाएगा। भारतीय नौसेना के जहाज पहले भी अक्सर मोरक्को के कासाब्लांका बंदरगाह जाते रहे हैं। भारत ने 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। इसके तहत भारत ने बहावलपुर, मुरीदके, मुजफ्फराबाद सहित पाकिस्तान के 7 शहरों में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर नष्ट कर दिया था, जिनमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए।

**मानहानि को...** जताते हुए कहा कि राहुल गांधी का मामला भी इसी तरह विचाराधीन है। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने प्रोफेसर अमिता सिंह को नोटिस भेजा। 2017 में दिल्ली की एक मेट्रोपॉलिटन अदालत ने मीडिया संस्थान के एडिटर और डिप्टी एडिटर को मानहानि मामले में समन भेजा था। 2023 में दिल्ली हाईकोर्ट ने यह समन रद्द कर दिया। लेकिन 2024 में सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट का फैसला पलटते हुए केस को दोबारा मजिस्ट्रेट कोर्ट में भेज दिया। इसके बाद मई 2025 में हाईकोर्ट ने फिर से समन को सही ठहराया। इसके खिलाफ मीडिया संस्थान और डिप्टी एडिटर ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की। याचिका में कहा गया, अब नया कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएसएस) लागू है। इसके सेक्शन 223 के अनुसार केस की सुनवाई शुरुआती स्तर पर ही होनी चाहिए। हालांकि हाईकोर्ट का मानना है कि चूंकि शिकायत 2016 की है, इसलिए नया कानून लागू नहीं होगा। दरअसल, भारत उन कुछ लोकतांत्रिक देशों में शामिल है जहां मानहानि को अब भी आपराधिक अपराध माना जाता है। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 356 इसके लिए सजा का प्रावधान करती है। पहले यही प्रावधान आईपीसी की धारा 499 में था, जिसकी संवैधानिक वैधता को सुप्रीम कोर्ट ने 2016 में सही ठहराया था। 2016 में सुब्रमण्यम स्वामी बनाम भारत सरकार मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि आपराधिक मानहानि कानून बोलने की आज़ादी पर एक जरूरी रोक है और यह लोगों के जीवन और सम्मान की रक्षा करता है।

**मोदी ने...** दुकानदार और व्यापारियों ने अपने यहां 'पहले और अब' के बोर्ड लगाए हैं, जिसमें लोगों को दिखाया जा रहा है कि कोई सामान कितना सस्ता हो गया है। हमारी जीएसटी यात्रा 2017 में शुरू हुई थी। तब सरकार ने अनेक वस्तुओं के टैक्सों को खत्म कर कारोबारियों को बहुत राहत मिली थी। अब ये नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफार्म्स हमें और आगे ले जा रहे हैं। इसमें सिस्टम को और सरल बनाया गया है। इससे हमारे दुकानदार साथियों, लघु उद्योगों की सहूलियत और बढ़ेगी। पीएम मोदी ने कहा कि नागरिक देवो भव हमारा मंत्र है। पिछले 11 वर्षों में हमारे प्रयासों से 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। देश में एक बड़ा मिडिल क्लास तैयार हुआ है। अब इसे और सशक्त बनाना हमारा संकल्प है।

हमारे मध्यम वर्ग की मेहनत को मजबूती देने के लिए 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक की आयकर में छूट दी जा चुकी है। अब जीएसटी रिफॉर्म्स से भी मध्यम वर्ग को सीधे लाभ मिल रहा है। नए जीएसटी रिफॉर्म्स को लागू करने से देशवासियों को सालाना लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपये बचेंगे। उन्होंने लिखा, देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने के हमारे संकल्प को सिद्ध करने के लिए आत्मनिर्भरता का रास्ता बहुत महत्वपूर्ण है। अभी जो नए जीएसटी रिफॉर्म्स आए हैं, उनसे आत्मनिर्भर भारत अभियान को भी तेज गति मिलेगी। आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक है कि हम स्वदेशी को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। जब भी आप अपने देश के कारीगरों, श्रमिकों और इंडस्ट्री के बनाए सामान को खरीदते हैं, तो आप कई परिवारों की रोजी-रोटी में मदद करते हैं और देश के युवाओं के लिए रोजगार पैदा करते हैं। पीएम मोदी लोगों से अपील करते हुए लिखा कि मैं अपने दुकानदारों और व्यापारियों से भी अपील करता हूं कि वे स्वदेशी सामान ही बेचें। आइए गर्व से कहें, ये स्वदेशी है। आपके घर की बचत बढ़े, आपके सपने पूरे हों, आप अपने पसंद की चीजों को और त्योहारों की खुशी को बढ़ाएं...इसी यही कामना है। एक बार फिर, मैं आपको नवरात्रि के साथ ही 'जीएसटी बचत उत्सव' की शुभकामनाएं देता हूं।

### जीएसटी सुधारों का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाना सरकार के लिए चुनौती

**लखनऊ।** केंद्र सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती कर बड़ी राहत दी है। जीएसटी स्लैब को सरल बनाया है और कई वस्तुओं पर कर कम किया है, लेकिन अधिकारियों की मानें, तो राज्य स्तर पर इसे लागू करना मुश्किल साबित हो सकता है, क्योंकि खुदरा विक्रेताओं और ग्राहकों के बीच कुछ चीजों को लेकर विवाद की भी आशंका बनी हुई है।

उत्तर प्रदेश के अधिकारियों की मानें, तो इसको लागू करने में कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।अधिकारियों की मानें, तो वो यह सुनिश्चित करने की तैयारी कर रहे हैं कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती वास्तव में उपभोक्ताओं तक पहुंचे, क्योंकि नई दरें सोमवार से पूरे देश में लागू हो रही हैं।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# नहीं बख्शे जाएंगे नकल माफिया, सीएम ने दिया सख्त संदेश

## नकल माफिया, कोचिंग माफिया सरकार को बदनाम करने का रच रहे षड्यंत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** यूकेएसएसएससी भर्ती परीक्षा के पेपर लीक प्रकरण में मुख्यमंत्री ने सख्त रुख दिखाया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि कुछ लोग परीक्षा प्रणाली को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं, उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि नकल माफिया को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा है कि उत्तराखंड का आने वाला समय स्थिरता और विकास के नाम रहेगा। सोमवार को, स्थानीय होटल में एक मीडिया कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 4 जुलाई 2021 को उन्होंने जब मुख्य सेवक के रूप में काम काज संभाला तो उस वक्त, विभिन्न विभागों में करीब 22 हजार पद रिक्त पड़े हुए थे, अब सरकार के प्रयासों से 25 हजार से अधिक युवाओं को सरक. ारी नौकरी मिल चुकी है, इसमें एक भी परीक्षा में नकल का मामला सामने नहीं आया।

■ सीएम बोले उत्तराखंड में आने वाला समय स्थिरता और विकास का



मुख्यमंत्री ने कहा कि भर्ती प्रकिया में बाधा न पहुंचे इसके लिए सरकार सख्त नकल विरोधी कानून लेकर आई। इससे कुछ लोगों के पेट में दर्द होने लगा, जिस कारण वो सरकार को बदनाम करने का प्रयास करने लगे। रविवार को भी फिर ऐसा प्रयास किया गया, जबकि ये पेपर लीक जैसा मामला नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ नकल माफिया, कोचिंग माफिया सरकार को बदनाम करने का षड्यंत्र रच रहे हैं, इसका जल्द खुलासा होगा। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि नकल माफिया को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसा षडयंत्र पूर्व में भी हो चुका है, लेकिन सरकार ने पारदर्शिता के साथ सभी परीक्षाओं को सम्पन्न कराकर नकल माफिया के इरादों पर पानी फेर दिया।

### जनता ने चुना राजनीतिक स्थिरता और विकास

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड की जनता ने विकास और स्थिरता को चुना है, उत्तराखंड का आने वाला समय विकास और स्थिरता के नाम रहेगा। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमेश पोखरियाल निशंक, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, प्रमुख सचिव डॉ. आर मीनाक्षी सुंदरम, सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी, प्रो. सुरेखा डंगवाल, प्रो दुर्गेश पंत, वरिष्ठ पत्रकार पवन लालचंद सहित तमाम लोग उपस्थित हुए।

### आपदा में फर्स्ट रिस्पांडर

सीएम पुष्कर धामी ने कहा कि इस बार पूरा हिमालयी क्षेत्र आपदा की जद में आया है, इसलिए उनकी कोशिश रहती है वो आपदा प्रभावितों के बीच पहुंचकर लोगों का दुख दर्द बांट सके, साथ ही तत्काल राहत और बचाव अभियान भी संचालित हो सके।

उन्होंने कहा कि सरकार उत्तराखंड में मौजूद वैज्ञानिक संस्थानों के जरिए उत्तराखंड में आपदा के कारणों का पता लगाते हुए, आपदा की पूर्व सूचना जुटाने और नुकसान को कम से कम करने की दिशा में प्रयासरत है।

# पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस ने प्रदेश भर में फूंका सरकार का पुतला

■ गढ़वाल व कुमाऊं के सभी जनपदों में भाजपा सरकार व अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के खिलाफ जबरदस्त प्रदर्शन



**शाह टाइम्स मुख्य संवाददाता**

**देहरादून।** विगत दिवस रविवार को उत्तराखंड में संपन्न हुई यूकेएसएसएससी परीक्षा के पेपर लीक होने के विरोध में सोमवार को उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा के आह्वाहन पर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर प्रदेश की भाजपा सरकार व उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के खिलाफ जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए राज्य सरकार का पुतला दहन किया गया।

राजधानी देहरादून समेत गढ़वाल व कुमाऊं के सभी जिला मुख्यालयों पर पार्टी ने प्रदर्शन व पुतला दहन किया। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना व महानगर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी के संयुक्त नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं ने राजीव भवन से जुलूस निकाल कर प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया।

धस्माना ने कहा कि राज्य की सरकार के पारदर्शी परीक्षा करने के सारे दावे एक बार फिर खोखले साबित हुए और अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष गणेश मर्तोलिया का यह बयान सरकार के खोखलेपन को साबित करने के लिए काफी हैं जिसमें वे स्वीकार कर रहे हैं कि परीक्षा में दिए गए प्रश्नपत्र के तीन पन्ने तो बाहर आ गए थे किंतु उसको पेपर लीक नहीं कह सकते।

इस अवसर पर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी, जगदीश धीमान, मनीष नागपाल, राजेन्द्र शाह, सुनीता प्रकाश, प्रतिमा सिंह, सावित्री थापा, इलायास अंसारी, मुकेश सोनकर, ललित बद्री, राजेश पंढीर, इकराम, अशोक कुमार, पुनीत चौधरी, वीरेंद्र पंवार, सूरज क्षेत्री, हेमंत उप्रेती, राजेश उनियाल, इकराम व आनंद सिंह पुंडीर आदि उपस्थित रहे।

# पीएमजीएसवाई की सड़कों और पुलों को जल्द किया जाए सुचारू : जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को कैंप कार्यालय में पीएमजीएसवाई के अधिकारियों से प्रदेश में बरसात के कारण बंद हुई सड़कों तथा क्षतिग्रस्त ग्रामीण मोटर मार्गों एवं पुलों की स्थिति की समीक्षा कर विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश में पीएमजीएसवाई के अंतर्गत प्रभावित क्षेत्रों में कार्ययोजना बनाकर तेजी से सड़कों और पुलों को सुचारू किया जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी बहाल हो सके।



■ कैबिनेट मंत्री ने की पीएमजीएसवाई एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ अवरुद्ध सड़क मार्गों की समीक्षा

अधिकारियों ने अवगत कराया कि पीएमजीएसवाई के अंतर्गत वर्तमान में प्रदेश में कुल 89 सड़कें अवरुद्ध हैं, जिनमें गढ़वाल क्षेत्र में 70 और कुमाऊं मंडल में 19 सड़कें शामिल हैं। इन अवरुद्ध मार्गों को खोलने के लिए गढ़वाल में 104 मशीनें तथा कुमाऊं में 63 जेसीबी मशीनें लगाई गई हैं। मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी विधानसभा क्षेत्र में आपदा से हुए नुकसान की समीक्षा के दौरान लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि प्रभावित क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त सड़कों व पुलों के पुनर्निर्माण कार्यों को शीघ्रता से प्रारंभ किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि क्षतिग्रस्त सड़क मार्गों, पुलों इत्यादि का इस्टीमेट तैयार कर शासन से स्वीकृत कराएं और पुनर्निर्माण कार्य जल्द शुरू करें, ताकि स्थानीय जनता को आवागमन में असुविधा न हो।मंत्री जोशी ने मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत क्यारा धनोल्टी मोटर मार्ग को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र कार्य करने के भी निर्देश दिए। बैठक के दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने बीती आपदा में मसूरीख्रदेहरादून मार्ग पर क्षतिग्रस्त पुल को रिकॉर्ड समय पर वैली ब्रिज तैयार करने पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को शाबाशी दी।

इस अवसर पर सीईओ यूआरआरडीए अभिषेक रोहिला, पीएमजीएसवाई मुख्य अभियंता संजय कुमार पाठक, मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग रंजीत सिंह, जिला पंचायत सदस्य वीर सिंह चौहान, मंजीत रावत, भूपेंद्र कठेत सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# वर्ष 2024-25 के बजट के कार्यों की मुख्य सचिव ने की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट भाषण में उल्लिखित संतृप्तिकरण बिंदुओं की मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने सोमवार को सचिवालय में समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि बजट सत्र 2024-25 के दौरान वित्त मंत्री के बजट भाषण में उल्लिखित संतृप्तिकरण बिन्दुओं को सम्बन्धित विभाग, शीघ्र समय-सीमा निर्धारित करते हुए कार्ययोजना प्रस्तुत की जाए।

मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश के सभी जनपद मुख्यालयों एवं महत्त्वपूर्ण पर्यटक स्थलों को हवाई कनेक्टिविटी उपलब्ध कराए जाने हेतु शीघ्र कार्ययोजना प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कार्ययोजना के सभी स्तरों की समय सीमा निर्धारित करते हुए लगातार मॉनिटरिंग की जाए। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुन्दरम, सचिव सचिन कुर्वे, दिलीप जावलकर, सी. रविशंकर, अपर सचिव डॉ. अहमद इकबाल, रंजना राजगुरू, हिमांशु खुराना एवं गौरव कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अपर सचिव मनमोहन मैनाली ने किया।



### गैर सरकारी ट्रॉलियों का होगा सेफ्टी ऑडिट

उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि प्रदेश के असुरक्षित पुलों एवं आवागमन हेतु प्रयोग हो रही ट्रॉलियों का शीघ्र ही जीर्णोद्धार करा लिया जाए। उन्होंने कहा कि जहां-जहां ट्रॉलियां संचालित हो रही हैं, वहां शीघ्र से शीघ्र पुल तैयार कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि यदि प्रदेश में कहीं गैर सरकारी ट्रॉली भी संचालित हो रही है, तो ऐसी ट्रॉलियों का भी सेफ्टी ऑडिट करवा लिया जाए, साथ ही सरकार द्वारा इसे नियमानुसार संचालित कराया जाए एवं ऐसी ट्रॉलियों को लोक निर्माण विभाग द्वारा जीर्णोद्धार किया जाएगा।

### सभी विभागों में ई-ऑफिस की तैयारी

मुख्य सचिव ने सभी विभागों एवं जनपद स्तरीय कार्यालयों में ई-ऑफिस लागू किए जाने हेतु सभी विभागों से सूचना मांगी है। उन्होंने कहा कि सभी विभागों को ई-ऑफिस में शिफ्ट किए जाने और शासन के साथ लिंकेज की प्रक्रिया में गति लाने की आवश्यकता है। उन्होंने आईटी विभाग को शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

थीम बेस्ड विज्ञान एवं नवाचार केन्द्र मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश के सभी जनपदों में थीम बेस्ड विज्ञान एवं नवाचार केन्द्रों की स्थापना की दिशा में तेजी लातेुए कार्य पूर्ण किए जाएं। उन्होंने जनपद रूद्रप्रयाग में विज्ञान एवं नवाचार केन्द्र के लिए जिलाधिकारी से सम्पर्क कर शीघ्र भूमि चिन्हित किए जाने की बात कही। उन्होंने प्रदेश के 13 रोजगार केन्द्रों को स्वरोजगार केन्द्रों के रूप में विकसित किए जाने और इन स्वरोजगार केन्द्रों को लाइब्रेरी, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आदि सुविधाओं से आच्छादित करते हुए केन्द्रीयकृत स्वरोजगार केन्द्र तैयार किए जाएं।

■ योजनाओं से संबंधित सभी विभागों की प्रगति को लेकर दिए निर्देश

### जनपद मुख्यालयों में पुस्तकालय

मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने शिक्षा विभाग को स्कूलों में फर्नीचर की उपलब्धता के साथ ही सभी जनपद मुख्यालयों और 50 हजार से अधिक आबादी वाले शहरों में शीघ्र से शीघ्र पुस्तकालय की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इन पुस्तकालयों का संचालन दून लाइब्रेरी की तर्ज पर सोसाईटी मोड पर किया जाए, ताकि इनके संचालन एवं रखरखाव की समस्या का हल हो सके।

# मुख्यमंत्री ने दीं 72.62 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद उत्तरकाशी के विकासखंड नौगांव के ग्राम तुनाल्का में न्यायिक विभाग के टाइप-2 के 06 आवास एवं पहुंच मार्ग के निर्माण कार्य हेतु 2.49 करोड की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया। सीएम ने नाबार्ड वित्त पोषण से सम्बन्धित विभिन्न जनपदों के अन्तर्गत सिंचाई विभाग की 25 योजनाओं हेतु 69.13 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया। सीएम ने माध्यमिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत दून पुस्तकालय एवं शोध केन्द्र हेतु 01 करोड़ अनुदान धनराशि राज्य आकस्मिकता निधि से स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।

# पेपर लीक की भ्रामक खबरें फैलाकर सियासी रोटियां सेक रही कांग्रेसः उनियाल

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने विपक्ष को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि कठोर नकल कानून की सफलता और देश भर में होने वाली उसकी प्रशंसा उन्हें हजम नहीं हो रही है। इसीलिए कांग्रेस के नेता और नकारात्मक सोच वाले लोग पेपर लीक की भ्रामात्मक खबरें फैलाकर राजनैतिक रोटियां सेंक रहे है।

उन्होंने मीडिया में जारी बयान में आरोप लगाया कि विपक्षी दलों द्वारा भ्रामक खबरें फैलाई जा रही है कि बीते दिवस संपन्न परीक्षा में पेपर लीक हो गया है। जबकि हकीकत यह है कि पेपर लीक नहीं हुआ है और आयोग द्वारा भी स्पष्ट किया गया है। परीक्षा शुरू होने के 35 मिनट बाद किसी शरारती तत्व द्वारा पेपर का स्क्रीनशॉट लेकर बाहर भेजा गया, जिसका भ्रामात्मक प्रचार किया जा रहा है। दरअसल राज्य ने नकल विरोधी कानून बनाया उसकी पूरे देश में प्रशंसा हुई है। 200 से अधिक नकल माफियाओं की गिरफ्तारियां हुई, जिससे एक माहौल ऐसा बना कि पारदर्शिता परीक्षा संपन्न होने लगी। 25 हजार सरकारी नौकरी लगी वो सब पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी से लगी। विपक्षी दल और कुछ लोगों को यह रास नहीं आ रहा है कि हमारे कानून पूरे देश में पसंद किया जा रहा है। इसलिए जनता को भ्रमित करने और अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने के लिए ये काम किया जा रहा है। जबकि सच यह है कि हमारी पुष्कर धामी सिंह की सरकार में नकल कानून के संरक्षण में पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ परीक्षाएं आयोजित की जा रही है। आज जिस तरह के परिणाम सामने आ रहे हैं, उसने हर जनपद के मेधावी बच्चों को सफलता मिल रही है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि सामाजिक बुराइयां दूर करना हम सब का दायित्व है। इन मुद्दों पर सबको मिलकर लड़ना चाहिए लेकिन फिर जब पेपर लीक खबरें सामने आईं, विपक्ष फिर से सरकार और संस्थाओं की छवि खराब करने में जुट गया है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि हमारी सरकार ईमानदार भर्ती प्रक्रिया और नकल माफियाओं पर कठोर कार्रवाई के लिए पूरी तरह कटिबद्ध है।



■ कहा - कठोर नकल कानून की सफलता और देश भर में होने वाली प्रशंसा हजम नहीं कर पा रही कांग्रेस

# उत्तराखण्ड कांग्रेस को जल्द मिलेगी नई टीम

**देहरादून।** उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस महामंत्री संगठन विजय सारस्वत ने जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से नियुक्त सभी 28 पर्यवेक्षकगणों ने अपने-अपने पर्यवेक्षण वाले जनपद में पार्टी के सभी जिला, ब्लाक व नगर कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से मुलाकात और बैठकें कर सभी जनपदों में संगठन को अपनी रिपोर्ट पार्टी के महासचिव संगठन के.सी. वेणुगोपाल व प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा को सौंप दी है। सारस्वत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेता राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की प्रेरणा से हो रहे संगठन सृजन अभियान के उत्साहवर्द्धक परिणाम आयेंगे।

# राजभवन में भगीरथ उद्यान का राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राजभवन में राजा भगीरथ की स्मृति में समर्पित भगीरथ उद्यान स्थापित किया गया है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को राजभवन परिसर में ''भगीरथ उद्यान'' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने उद्यान में स्थापित महान राजा भगीरथ की भव्य प्रतिमा का अनावरण भी किया। राजभवन स्थित ''भगीरथ उद्यान'' में लगभग 10 फीट ऊंची प्रतिमा को 8 फीट ऊँचे ग्रेनाइट चबूतरे पर स्थापित किया गया है। इसे हरिद्वार के प्रख्यात कलाकार शिवम चौरसिया ने फाइबर और रेजिन से निर्मित किया है। उद्यान में प्रतिमा के साथ विभिन्न प्रजातियों के पौधों का भी रोपण किया गया है, जो इसे हरियाली और आध्यात्मिकता से परिपूर्ण वातावरण प्रदान करते हैं। इस अवसर पर सचिव राज्यपाल रविनाथ रमन, विधि परामर्शी कौशल



कुमार किशोर, अपर सचिव रीना जोशी, अपर सचिव मुख्यमंत्री बंशीधर तिवारी, अपर सचिव लो.नि. वि. विनीत कुमार, देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पंडया, उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश चन्द्र शास्त्री, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, सहायक अभियंता लो.नि.वि. विजय धस्माना, उद्यान अधिकारी दीपक पुरोहित सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### कर्तव्यनिष्ठ एवं लोक कल्याण का संदेशः धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह प्रतिमा राजभवन आने वाले प्रत्येक नागरिक और अतिथियों को कर्तव्यनिष्ठा, लोक कल्याण और भारतीय संस्कृति का संदेश देती रहेगी। उन्होंने कहा यह प्रतिमा हमें सदा स्मरण दिलाएगी कि 'भगीरथ प्रयत्न' ही महान लक्ष्यों की प्राप्ति का मार्ग है। उद्घाटन से पहले राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने राजभवन स्थित राजप्रज्ञेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश एवं प्रदेशवा. सियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए कामना की।

# पेपर लीक पर भ्रम फैलाना विपक्ष की नेगेटिव राजनीति का हिस्साः भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने पेपर लीक प्रकरण पर विपक्ष के झूठ व अफवाह फैलाने की नकारात्मक राजनीति करने का आरोप लगाया है। प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कटाक्ष किया कि राजनीति में शॉर्टकट अपनाने वालों की आड़ में कांग्रेस, माहौल खराब करने की साजिश कर रही है। जबकि कठोरतम नकल कानून के संरक्षण में रिकॉर्ड माफियाओं की गिरफ्तारी हुई और ईमानदार पारदर्शी परीक्षाएं संचालित हो रही हैं।

उन्होंने मीडिया द्वार पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए कहा कि पूर्ववर्ती विपक्ष की सरकारों ने राज्य में नकल माफियाओं को पनपाकर, युवाओं के भविष्य छलने का काम किया था। हमारी सरकार, विशेषकर मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में हम राज्य से नकल माफिया को मिटाने में सफल हुए हैं। देश का सबसे कठोर नकल निरोधक कानून लागू किया, जिसका नतीजा है कि 200 से अधिक आरोपी सलाखों के पीछे हैं। विगत 3 वर्षों में ही 25 हजार सरकारी नियुक्तियां देने का सार्वकालिक रिकॉर्ड बना है और एक भी गड़बड़ी या अनियमितता का आरोप नहीं लगा। ईमानदारी और पारदर्शिता का परिणाम रहा कि युवा एक साथ 3-4 परीक्षाओं में सफल हो रहे हैं।



■ कहा - राजनीति में शॉर्टकट अपनाने वालों की आड़ में, कांग्रेस रच रही साजिश, जनता के नकारे जाने वाले अब राजनैतिक षड्यंत्रों के सहारे

उन्होंने कहा, इतनी सुदृढ़ परीक्षा व्यवस्था के वावजूद जिस तरह की जानकारियां सोशल मीडिया में सामने आई उससे षडयंत्र का बू आ रही है। हालांकि इस पूरे मामले में पुलिस जांच कर रही है और शीघ्र पूरी सच्चाई सामने आ जाएगी। लेकिन अब तक सामने आए तथ्यों के आधार पर किसी भी तरह से पेपर लीक की पुष्टि नहीं होती है। जैसी जानकारी सामने आ रही है कि उसके मुताबिक पेपर के 3 पृष्ठों का स्क्रीन शॉट किसी को लाभ पहुंचाने के बजाय सोशल मीडिया में वायरल किया गया।

### कहा - युवा मुद्दों की खाल में अपनी नई नवेली राजनीति चमकाने में लगे हैं बहुत से लोग

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि बेहद दुर्भाग्य है कि युवा मुद्दों की खाल में बहुत से लोगों अपनी नई नवेली राजनीति चमकाने में लगे हैं। उनके लिए राज्य की छवि खराब करना, राजनीति में आगे बढ़ने की बहुत छोटी कीमत है। यही वजह है कि उनके द्वारा सोशल मीडिया पर इस तरह के अनेकों झूठे और बेबुनियाद प्रोपेगेंडा चलाए जाते है। लेकिन इससे भी अधिक दुर्भाग्यपूर्ण है, मुख्य विपक्षी पार्टियों का ऐसे प्रोपेगेंडा को अपना राजनैतिक हथियार बनाना। इस प्रकरण में भी कहीं न कहीं, पर्दे के पीछे से विपक्ष के नेताओं की साजिशें काम कर रही है। लेकिन भाजपा इन्हें किसी भी कीमत पर सफल नही होने देगी और युवाओं का भविष्य सुरक्षित और सफल बनाती रहेगी।

जो साफ इशारा करता है कि राजनैतिक लाभ और प्रदेश को बदनाम करने के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु यह समूचा घटनाक्रम संचालित किया गया है। हमे उम्मीद है कि शीघ्र इस पूरी साजिश को अंजाम देने वालों के चेहरे सबूतों के साथ सामने होंगे। उन्होंने कांग्रेस पार्टी को निशाने पर लेते हुए कहा कि लगातार जनता का विश्वास जीतने में असफल होने के बाद उनके नेता भ्रम, झूठ, अफवाह और साजिश की राजनीति करने में जुटे हैं। हालत यह है कि कांग्रेस पार्टी के पास ना तो पर्याप्त नेता है और ना ही कार्य करता, यही वजह है कि वे शॉर्टकट की राजनीति करने वालों के भरोसे मैदान में हैं।

# प्रभारी सीएमएस सहित पांच के खिलाफ कार्रवाई

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।**स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने । बागेश्वर जिला चिकित्सालय में एक बच्चे की मृत्यु के प्रकरण में हुई गंभीर लापरवाही पर डॉ. तपन शर्मा प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला चिकित्सालय बागेश्वर को असंवे. दनशीलता, एम्बुलेंस व्यवस्था सुनिश्चित न करना, प्रशासनिक अक्षमता के कारण तत्काल प्रभाव से पद एवं दायित्वों से अवमुक्त किया गया है ।निदेशक कुमाऊं मंडक के साथ संबद्व किया गया है। ईश्वर सिंह टोलिया एवं लक्ष्मण कुमार 108 वाहन चालक कोकर्तव्यों के प्रति उदासीनता एवं असंवेदनशीलता के कारण एक माह तक कार्य से विरक्त रहने का आदेश एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। महेश कुमार (नर्सिंग अधिकारी), हिमानी (नर्सिंग अधिकारी) एवं सूरज सिंह कन्नाल (कक्ष सेवक) को अपने कर्तव्यों के प्रति असंवेदनशीलता व उदासीनता बरतने के कारण कठोर चेतावनी जारी, भविष्य में पुनरावृत्ति न हो इसका आदेश जारी किया गया है। डॉ. भूरेन्द्र घटियाल चिकित्साधिकारी, जिला चिकित्सालय बागेश्वर को कठोर चेतावनी जारी की गई है।डॉ. अंकित कुमार बाल रोग विशेषज्ञ, जिला चिकित्सालय बागेश्वर को प्रतिकूल प्रविष्टि दर्ज करने का आदेश जारी किया गया है।



# जनता दरबार में रखीं जनसमस्याएं, 44 शिकायतें दर्ज

■ जिलाधिकारी ने की शिकायतों की समीक्षा, आपदा प्रभावित क्षेत्रों के कार्यों पर ली अद्यतन जानकारी, जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण को दिए निर्देश, अधिकारियों को उपस्थित रहने का दिया आदेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद मुख्यालय नई टिहरी में सोमवार को आयोजित जनता दरबार कार्यक्रम में जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 44 शिकायतें दर्ज की गईं।जिलाधिकारी ने सीएम हेल्पलाइन पोर्टल और सीएम जन समर्पण पोर्टल पर लंबित शिकायतों की विस्तार से समीक्षा की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही बार-बार सामने आने वाली शिकायतों का अलग से विवरण तैयार करने के भी आदेश दिए।कार्यक्रम में आपदा प्रभावित क्षेत्रों में बिजली, पानी और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया गया। जिलाधिकारी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को आपदाग्रस्त क्षेत्रों में संचालित और बंद स्कूलों की रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर प्रतिदिन गांववार रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।पेयजल विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि तोलियाकाटल, भरवाकाटल, सौंदणा और रगड़गांव में पेयजल आपूर्ति बहाल कर दी गई है। वहीं सकलाना पट्टी में अतिरिक्त पाइप भेजे जा रहे हैं, ताकि वहां भी जलापूर्ति सामान्य की जा सके।

जनता दरबार में तहसील नैनबाग के ग्राम टटोर निवासी मनोज सिंह ने बंदोबस्त खतौनी में दर्ज अशुद्ध नाम सुधारने की मांग रखी, जिस पर एसडीएम धनोल्टी को जांच कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। ग्राम टटोर के गंभीर सिंह ने वर्ष 1396 से 1401 तक की खाता खतौनी अभिलेख की जांच की मांग की, जिस पर भी आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। वहीं ग्राम नैचोली के ग्रामीणों ने नागराजा मंदिर के पुनर्निर्माण और जीर्णोद्धार के लिए धनराशि उपलब्ध कराने तथा मुख्य सड़क से गांव तक पैदल मार्ग स्वीकृत करने की मांग रखी। जिलाधिकारी ने डीडीओ को इस संबंध में आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त सड़क, शिक्षा, आपदा, पुनर्वास, पेयजल और बाल विकास विभाग से संबंधित कई शिकायतों पर भी चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि समस्याओं का समाधान शीघ्रता और प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।जनता दरबार में सीडीओ वरुणा अग्रवाल, आईएसए प्रशिक्षु स्नेहिल कुंवर सिंह, एडीएम ए.के. सिंह, सीओ टिहरी ओसिन जोशी, सीएमओ श्याम विजय, पीडी डीआरडीएपी एस. चौहान, डीडीओ मो. असलम, एसडीएम संदीप कुमार समेत विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी भौतिक और वर्चुअल माध्यम से मौजूद रहे।

# लंबगांव थाना पुलिस पर लगे आरोपों की जांच की मांग

■ नगर पंचायत अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन, पीड़ित केशव थलवाल के लिए न्याय की गुहार अमानवीय व्यवहार के आरोपों पर उच्च स्तरीय जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग तेज



**शाह टाइम्स संवाददता**

**नई टिहरी।** प्रतापनगर क्षेत्र के पट्टी ओण के कुराण निवासी केशव थलवाल द्वारा लंबगांव थाना पुलिस पर लगाए गए गंभीर आरोपों को लेकर मामला गरमा गया है। इस संदर्भ में लंबगांव नगर पंचायत अध्यक्ष रोशन रांगड़ ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि केशव थलवाल ने पुलिस पर अमानवीय व्यवहार का आरोप लगाया है, जिससे न केवल उसे मानसिक आघात पहुंचा है बल्कि यह घटना देवभूमि की गरिमा को भी आहत करती है।

नगर पंचायत अध्यक्ष ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि केशव थलवाल अत्यंत गरीब परिवार से संबंध रखता है और इस तरह की घटनाएं सामाजिक न्याय की भावना को ठेस पहुंचाने वाली हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि इस मामले में शामिल पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को लंबगांव थाने से हटाकर जनपद से बाहर भेजा जाए। इसके साथ ही उन्होंने उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराए जाने पर जोर दिया। उनका कहना है कि यदि जांच में दोषी पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।घटना को लेकर क्षेत्रवासियों में भी रोष व्याप्त है और लोग शासन-प्रशासन से अपेक्षा कर रहे हैं कि मामले को गंभीरता से लेकर न्याय सुनिश्चित किया जाए।

# पेपर लीक मामले पर कांग्रेस में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** पेपर लीक मामलों के खिलाफ कीर्तिनगर बाजार में जिला कांग्रेस कमेटी देवप्रयाग द्वारा सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का पुतला दहन किया गया। जिलाध्यक्ष उत्तम सिंह असवाल ने कहा कि भाजपा सरकार में कई वर्षों से पेपर लीक मामलों के सामने आने के बाद उत्तराखंड के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ होता जा रहा है।आरोप लगाते हुए असवाल ने प्रदेश सरकार को युवा विरोधी बताया।

कहा कि सरकार अपने कार्यकर्ता और हाकम सिंह जैसे नेताओं के साथ मिलकर लाखों रुपए लेकर बाहर के युवाओं को नौकरी देने का काम रहे हैं। सरकार एक तरफ कठोर कानून बनाने की बात करती है और दूसरी तरफ लगातार पेपर लीक हो रहे हैं, जो कि युवाओं के भविष्य पर धब्बा साबित हो रहा है।असवाल ने यूकेएसएसएससी के निदेशक जी एस मार्तोलिया के बयान को भी दुर्भाग्यपूर्ण बताकर निंदा करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शीघ्र इस्तीफा देने की बात कही।बताया कि उत्तराखंड के युवाओं के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ को कांग्रेस पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी।मौके पर श्याम लाल आर्य, रघुवीर सिंह भंडारी, प्रदीप थपलियाल, रामलाल नौटियाल, वीरेंद्र राणा, आशुतोष रावत, अर्जुन गोदियाल, पुरुषोत्तम उनियाल आदि उपस्थित रहे।

# हरियाली कार्यक्रम का आयोजन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थत्यूड़/टिहरी।** जौनपुर ब्लॉक के अंतर्गत स्थित प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां भवानी मंदिर में नवरात्रि के पावन अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धा और उल्लास का माहौल देखने को मिला। सोमवार को मंदिर समिति भवान द्वारा पारंपरिक" गया।



समिति के अनुसार नवरात्रि के अंतिम दिन विशेष भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दूर-दराज से आने वाले भक्तगण प्रसाद ग्रहण करेंगे। यह आयोजन पूरे क्षेत्र में धार्मिक आस्था का केंद्र बन चुका है।

गांव-गांव से लेकर दूरस्थ क्षेत्रों से भी श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं और माता भवानी के दरबार में हाजिरी लगाकर अपनी मनोकामनाएँ रखते हैं। श्रद्धालुओं का मानना है कि सिद्धपीठ मां भवानी में जो भी भक्त अपनी सच्ची निष्ठा से अरदास करता है, उसकी मनोकामनाएँ अवश्य पूर्ण होती हैं।

इस पावन आयोजन में मंदिर समिति, स्थानीय पुजारी नौटियाल परिवार सहित क्षेत्रवासी सक्रिय योगदान देते हैं। साल में दोनों नवरात्रों पर यह परंपरा निरंतर निभाई जाती है, जिसमें भक्ति और लोकआस्था का अद्भुत संगम दिखाई देता है।

आयोजन की जानकारी अध्यापक महाबीर नौटियाल ने दी। उन्होंने बताया कि भवान सिद्धपीठ केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक धरोहर का भी प्रतीक है।

# प्रो. मैखुरी विश्व के शीर्ष वैज्ञानिकों की सूची में शामिल

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के पर्यावरण विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. आरके मैखुरी का नाम विश्व के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शामिल किया गया है। प्रो. मैखुरी का नाम विश्व के शीर्ष वैज्ञानिकों के शामिल करने पर विवि के अधिकारियों एवं शिक्षकों ने खुशी जाहिर की है। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय कैलिफोर्निया अमेरिका द्वारा वर्ष 2025 के लिए जारी विश्व के शीर्ष दो वैज्ञानिकों की सूची शामिल हुए प्रो. आरके मैखुरी का नाम पांचवीं बार शामिल हुआ शीर्ष वैज्ञानिकों में हुआ है।

## एक नजर .......

### भागवत कथा के पांचवें दिन श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का किया वर्णन

**कोटद्वार ।** पोखड़ा ब्लांक के ग्राम देवकुण्डाई तल्ली, पौड़ी गढ़वाल में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में सभी भक्तों को आचार्य राकेश चंद्र गौड़ द्वारा पंचम दिवस की कथा श्रवण कराई गई, जिसमे श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। महाराज श्री ने कहा धनवान व्यक्ति वही है जो अपने तन, मन, धन से सेवा भक्ति करें वही आज के समय में धनवान व्यक्ति है। परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती है। पूतना चरित्र का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि पूतना राक्षसी ने बालकृष्ण को उठा लिया और स्तनपान कराने लगी। श्रीकृष्ण ने स्तनपान करते-करते ही पुतना का वध कर उसका कल्याण किया। माता यशोदा जब भगवान श्री कृष्ण को पूतना के वक्षस्थल से उठाकर लाती है उसके बाद पंचगव्य गाय के गोब, गोमूत्र से भगवान को स्नान कराती है। सभी को गौ माता की सेवा, गायत्री का जाप और गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए। गाय की सेवा से 33 करोड़ देवी देवताओं की सेवा हो जाती है। भगवान व्रजरज का सेवन करके यह दिखला रहे हैं कि जिन भक्तों ने मुझे अपनी सारी भावनाएं व कर्म समर्पित कर रखें हैं वे मेरे कितने प्रिय हैं। भगवान स्वयं अपने भक्तों की चरणरज मुख के द्वारा हृदय में धारण करते हैं।

### श्री वैश्य अग्रवाल सभा ने मनाया महाराजा अग्रसेन का जन्मोत्सव

**कोटद्वार ।** श्री वैश्य अग्रवाल सभा की ओर से सोमवार को महाराजा अग्रसेन के 5149 वें जन्मोत्सव सोमवार को धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर लालबत्ती चौक पर स्थित महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा के समक्ष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ सभा अध्यक्ष सुबोध गर्ग, महामंत्री नरेंद अग्रवाल, महिला सभा अध्यक्ष रेनू अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास दीप मित्तल सहित अन्य अतिथियों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वक्ताओं ने उपस्थित लोगों से महाराजा अग्रसेन के समाजवाद के आदर्शों पर चलने का आह्वान करते हुए कहा कि वे एक कर्मयोगी थे जो सभी के लिए समृद्धि का मंत्र देते थे। उन्होंने हमें त्याग, सहयोग, समानता और आत्मनिर्भरता का संदेश दिया। उन्होंने समाज को जोड़ने और सबको साथ लेकर चलने की शिक्षा दी। उन्होंने एक समतामूलक समाज सुनिश्चित करने के लिए एक अनूठा नियम बनाया। उन्होंने यह घोषणा की कि अग्रोहा में स्थायी रूप से बसने के लिए आने वाले किसी भी व्यक्ति को अग्रोहा का प्रत्येक निवासी एक रुपया व एक ईंट देगा। कहा कि उनके आदर्श समाज को हमेशा प्रेरित करते रहेंगे। कार्यक्रम के बाद राजकीय संयुक्त चिकित्सालय में मरीज को फल वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में महिला सभा सचिव पूर्ति अग्रवाल, संजय मित्तल, मीनाक्षी अग्रवाल, वैश्य युवा अग्रवाल सभा अध्यक्ष प्रतीक गुप्ता , सचिव जीवन जैन, नवीन अग्रवाल, पवन ऐरन, अमिताभ अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, गोपाल बंसल और नरेन्द मित्तल सहित अन्य अग्रवंशी शामिल रहे।

### नवरात्र के पहले दिन धारी देवी मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

श्रीनगर। शरदीय नवरात्रों के प्रथम दिन सोमवार को देवी के मंदिरों में भक्तों की लम्बी कतारे दिखने को मिले। पहले दिन देवी मंदिरों और घरों में मां शैलपुरी की पूजा की गई। नवरात्रों के पहले दिन श्रीनगर से 15 किलोमीटर दूर स्थित कल्यासौंड़ के समीप सिद्धपीठ धारी देवी मंदिर सहित नगर क्षेत्र के कंसमर्दनी, बंगलामुखी मंदिर सहित देवलगढ़ स्थित गौरा देवी, राजराजेश्वरी मंदिर में तड़के से ही भक्तां का पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। मंदिर में पुजारियों ने विधि विधान के साथ मां का पूजन व आरती की मंगल कामना की। सिद्धपीठ धारी देवी मंदिर के पुजारी लक्ष्मी प्रसाद पाण्डेय ने बतायाकि धारी देवी मंदिर में सुबह से ही भक्तों की लाइन लगना शुरू हो गयी थी। उन्होंने बताया कि नवरात्र के पहले दिन 3 हजार से अधिक भक्तों ने मां भगवती के दर्शन कर पूजा अर्चना की गई। बताया कि मंदिर में पूजा पाठ करने के लिए दिल्ली, हरियाणा सहित अन्य प्रदेशों से श्रद्धालु पहुंचे। इस दौरान भीड़ को नियंत्रित करने को लेकर पुलिस प्रशासन मौके पर मौजूद रहा। वहीं दूसरी ओर घरों में भी विधि विधान कलश स्थापना कर नवरात्रि व्रत की शुरूआत की गई।

# जानकी चट्टखी तक यमुनोत्री हाईवे होगा चौड़ा

■ यमुनोत्री हाईवे 344 करोड़ की लागत से चौड़ीकरण का काम हुआ शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** विश्व प्रसिद्ध यमुनोत्री धाम का हाईवे दूसरे चरण का कार्य नवरात्र के शुभ अवसर पर शुभारंभ हो गया है। करीब 344 करोड़ की लागत से पालीगाड से जानकीचट्टी तक यमुनोत्री हाईवे 134 चौड़ीकरण कार्य सोमवार को पूजा-अर्चना के साथ शुरू हो गया है। क्षेत्र में हाईवे काफी संकरे और खस्ताहाल था लेकिन अब हाईवे के चौड़ीकरण से चारधाम यात्रा सुगम होगी।

सोमवार को एस और पी इंफ्रास्ट्रक्चर एवं यशमिथा (जेवी) के सीनियर मैनेजर गोपाली श्रीनिवासुलु रेड्डी सहित विभागीय अधिकारियों ने चौड़ीकरण कार्य का भूमि पूजन किया। पालीगाड से जानकीचट्टी तक 22.72 किलोमीटर हाईवे के क्षेत्र का ऑलवेदर परियोजना के तहत 344 करोड़ की लागत से सड़क का चौड़ीकरण कार्य होगा जिसमें 260 करोड़ का सिविल वर्क होगा।

पालीगाड से जानकीचट्टी तक सड़क काफी संकरी है जिसके चौड़ीकरण की आस क्षेत्र के लोग काफी लंबे समय से लगाए हुए थे। वहीं अब लोगों की यह आस जल्दी ही पूरी हो जाएगी। केंद्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी चारधाम परियोजना के तहत ऋषिकेश से लेकर चारों धामों को जोड़ने वाले हाईवे का ऑल वेदर परियोजना के तहत चौड़ीकरण किया जाना है।

इसमें यमुनोत्री धाम को जोड़ने वाला हाईवे भी शामिल है। यमुनोत्री हाईवे धरासू बैंड से लेकर पालीगाड तक तो हाईवे चौड़ा हो गया लेकिन पालीगाड से जानकीचट्टी तक का यह एरिया कुछ विवादों के कारण चौड़ीकरण होने से छूट गया था जिसका चौड़ीकरण के लिए अब विधिवत शुभारंभ हो गया है। वहीं एनएच के ईई मनोज रावत ने बताया कि निर्माण कार्य एजेंसी को पहले यमुनोत्री हाईवे पर बारिश के कारण प्रभावित हुए जगहों पर कार्य करने को कहा गया है।

# फूल सिंह बिष्ट कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव की हलचल तेज

**नई टिहरी।** फूल सिंह बिष्ट राजकीय महाविद्यालय चौंड लंबगांव में छात्रसंघ चुनाव को लेकर हलचल तेज हो गई है। नामांकन तिथि के दिन कुल आठ नामांकन पत्रों की बिक्री हुई, जिनमें अध्यक्ष पद और विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद के लिए दो-दो नामांकन पत्र खरीदे गए, जबकि उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव और कोषाध्यक्ष पद के लिए एक-एक नामांकन पत्र की बिक्री दर्ज की गई।छात्रसंघ चुनाव के मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. भरत सिंह चुफाल ने जानकारी दी कि नामांकन प्रक्रिया 23 सितंबर को होगी।

# प्रदेश में बने हैं त्राहिमाम - त्राहिमाम जैसे हालात: हरक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** पेपल लीक मामले में यूकेएसएसएससी के अधिकारियों के साथ ही भाजपा के बड़े नेताओं की मिलीभगत है। पहले भाजपा पर वोट चोरी का आरोप लगा तो अब पेपर चोर का आरोप लग रहा है। बच्चे मोटी-मोटी फीस देकर कोचिंग की पढ़ाई कर रहे हैं। सालों तक पढ़ने के बाद जब पेपर हो रहे हैं तो हाकम सिंह जैसे पेपल लीक माफिया बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। जिस प्रकार का हालात आज उत्तराखण्ड में बने हैं, उससे लगता है कि 2027 में भाजपा का सूपड़ा साफ होने जा रहा है। शिक्षक और छात्र सड़कों में आंदोलन कर रहे हैं तो माताएं-बहिनें सुरक्षित नहीं हैं। आपदा से पूरा प्रदेश त्रस्त है। जनता में त्राहिमाम-त्राहिमाम जैसे हालात बने हैं। नवरात्रि पर्व के पहले दिन प्रसिद्ध मां धारी देवी मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद रुद्रप्रयाग स्थित जीएमवीएन के गेस्ट हाउस में पत्रकारों से वार्ता करते हुए पूर्व काबीना मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ हरक सिंह रावत ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में रुद्रप्रयाग जिले की स्थापना की। तहसीले बनाई। इसके अलावा जिले को सैनिक स्कूल की सौगात दी, लेकिन आज तक सैनिक स्कूल की कार्यवाही आगे नहीं बढ़ पाई है।

# नवरात्रों में श्रीनगर में बंद रहेंगी मीट की दुकाने

**श्रीनगर।** शरदीय नवरात्रों को देखते हुए नगर निगम प्रशासन ने नगर क्षेत्र में मीट की दुकानों को पूर्ण रूप से बंद रहेंगे। सोमवार को सहायक नगर आयुक्त ने आदेश जारी करते हुए कहा कि नवरात्रों मध्ें आमजन की आस्था को देखते हुए नगर क्षेत्र के अंतर्गत संचालित मीट की दुकान 1 अक्टूबर तक बंद रहेगी। उन्होंने त्योहार को देखते हुए लोगों से पूर्ण सहयोग की अपील की है।

# विशेष गहन पुनर्रीक्षण पर जिलाधिकारी ने दी सख्त हिदायतें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** सोमवार को जिला सभागार नई टिहरी में जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत विशेष गहन पुनरीक्षण की समीक्षा बैठक आयोजित की।

बैठक में उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार कार्यक्रम को सफल बनाना सभी अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस दौरान उन्होंने जनपद क्षेत्रान्तर्गत सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे व्यक्तिगत रूप से समय देकर इस कार्य में पूरी गंभीरता और पारदर्शिता के साथ



जुटें।

जिलाधिकारी ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए वर्ष 2033 और 2025 की नामावली का मिलान कर मतदाताओं को चार अलग-अलग श्रेणियों ए, बी, सी और डी में चिन्हित किया जाएगा। बीएलओ को वर्ष 2025 की अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची के आधार पर यह कार्य करना होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि जहां मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ी है, वहां विशेष सतर्कता बरती जाए। साथ ही सभी एसडीएम को निर्देश दिया गया कि वे बीएलओ के कार्यों की नियमित निगरानी करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निर्देशों के अनुसार, जिन व्यक्तियों का जन्म 01 जुलाई 1987 या इससे पूर्व हुआ है, उन्हें स्वयं का एक अभिलेख प्रस्तुत कर 'ए' श्रेणी में रखा जाएगा। वर्ष 2025 की नामावली में शामिल ऐसे मतदाता, जिनकी आयु 38 वर्ष या उससे अधिक है।

लेकिन वर्ष 2003 की नामावली में उनका नाम दर्ज नहीं है, उन्हें सत्यापन के लिए एक अभिलेख प्रस्तुत कर 'बी' श्रेणी में रखा जाएगा। इसी प्रकार 02 जुलाई 1987 से 02 दिसंबर 2004 के बीच जन्म लेने वाले मतदाताओं को दो अभिलेख एक स्वयं का और दूसरा माता या पिता का देकर 'सी' श्रेणी में शामिल किया जाएगा। वहीं 03 दिसंबर 2004 से 01 जनवरी 2025 के बीच जन्मे मतदाताओं को तीन अभिलेख स्वयं का और माता-पिता का प्रस्तुत कर 'डी' श्रेणी में चिन्हित किया जाएगा।

बैठक में आईएसए प्रशिक्षु स्नेहिल कुंवर सिंह, एडीएम ए.के. सिंह, एसडीएम संदीप कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विजय तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी भौतिक एवं वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।

# आपदा प्रभावितों को बांटी 200 किट, जनता ने जताया आभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली /** आपदा प्रभावितों की मदद के लिए हाथ बढ़ाते स्पर्श गंगा एवं कॉर्पोरेट ने मिलकर थराली आपदा प्रभावितों के लिए थराली क्षेत्र के अलग-अलग जगह पर जाकर आपदा प्रभावितो का हाल चाल जाना और 200 कीट आपदा प्रभावितों को बाटी है।



स्पर्श गंगा से रीता चमोली और चंद्रकला तिवारी के प्रयासों से चमोली जनपद के आपदाग्रस्त दूरस्थ क्षेत्र थराली, चेपड़ो , ऊँग , खड़गोला ,राड़ीगाँव के आस पास के सभी क्षेत्रों में 200 कीट का वितरण किया गया , उन्होंने कहा कि आपदा की घड़ी में सभी को अपने-अपने स्तर से आपदा प्रभावित क्षेत्र में सहयोग एवं सहायता करनी चाहिए और कहा कि स्पर्श गंगा लगातार इससे पहले भी सामाजिक कार्य करती आयी है , सामाजिक संस्थाओं को इस आपदा की घड़ी में आपका प्रभावितों का सहयोग करना चाहिए । सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप जोशी , गंगा सिंह बिष्ट , एवं प्रदीप रावत ने स्पर्श गंगा टीम का विशेष धन्यवाद किया और कहा कि इस आपदा की घड़ी में उनके द्वारा थराली आपदा प्रभावितों की जो मदद की गई ,वह एक सरहानीय कार्य है. उन्होंने कहा कि भविष्य में भी हम स्पर्श गंगा से सहयोग की उम्मीद करेंगे सामाजिक क्षेत्र में अच्छा कार्य किया जा रहा है जनता के हितों के लिए स्पर्श गंगा अलग-अलग क्षेत्र में राहत सामग्री सहित तमाम जरूरतमंद लोगों की मदद करता आया है।

भविष्य में भी ऐसे ही मदद जनता को मिलती रहेगी इस अवसर पर विनोद गुसाई , हरीश जोशी , रिंकी जोशी ,गुड्डी जोशी , दीपा पटवाल, अनीता पंत, जगदीश पंत, मीना बिष्ट , सोनी असवाल ,पूजा पुरोहित , जय सिंह बिष्ट आदि लोग मौजूद रहे।

# चिकित्सा शिविर में की गई स्वास्थ्य जांच, दिव्यांगों को दिए प्रमाण पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** सेवा पर्व के अवसर पर ष्स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहतष सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिन्यालीसौड़ में वृहद विशेषज्ञ चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का विधिवत शुभारंभ दर्जधारी राज्यमंत्री रामसुंदर नौटियाल, ब्लॉक प्रमुख रणवीर महंत एवं नगरपालिका अध्यक्ष मनोज कोहली ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में दून मेडिकल कॉलेज एवं जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 437 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई जिनमें से 14 महिलाओं की ए एन सी जांच, 96 लोगो की हीमोग्लोबिन जांच, 85 लोगों की उच्च रक्तचाप, 85 लोगों की शुगर स्क्रीनिंग जबकि 76 लोगों की टी बी जांच की गई एवं 35 लोगों द्वारा रक्तदान हेतु पंजीकरण कराया गया। शिविर में जांच के साथ उपचार, स्वास्थ्य परामर्श एवं निशुल्क दवाईयां वितरित की गई। किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 40 किशोरियों को काउंसलिंग के साथ - साथ सेनेटरी नेपकिन भी निःशुल्क वितरित किए गए।

ब्लॉक प्रमुख द्वारा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत निक्षय मित्र बनकर 10 टी बी के मरीजों को गोद लिया गया शिविर में समाज कल्याण एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में दिव्यांग शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें 59 दिव्यांगजनों को दिव्यांग प्रमाण पत्र तथा सहायक उपकरण वितरित किए गए। शिविर में बड़ी संख्या में लाभार्थियों ने पहुँचकर स्वास्थ्य सेवाओं का समुचित लाभ उठाया।मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि उक्त पखवाड़े के तहत चिन्यालीसौड़ में विशेषज्ञ चिकित्सा शिविर का आयोजन हो रहा है इसके अलावा जनपद के सभी चिकित्सा इकाइयों में नियमित रूप से शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने ने बताया कि मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगांव में वृहद विशेषज्ञ चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# पेपर लीक नहीं हुआ, हर संदिग्ध जांच एजेंसियों के रडार पर: चौहान

## कहा – जन मुद्दों का विरोध ही कांग्रेस समझ रही विपक्ष का धर्म

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि यूकेएसएससी की परीक्षा नकल विहीन संपन्न हुई और एक छोटी घटना को छोड़ दिया जाए तो सरकार की नकल विरोधी मुहिम पूरी तरह से रंग ला रही है।

पार्टी मुख्यालय मे पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए चौहान ने कहा कि जांच मे यह साफ हो चुका है कि एक परीक्षार्थी को नकल कराने की कोशिश की गयी, लेकिन पेपर को आउट नही किया जा सका। हर सेंटर के बाहर कड़े इंतजाम और जैमर लगे थे। हरिद्वार के जिस सेंटर से संबंधित प्रकरण बताया जा रहा है उसे लेकर जांच एजेंसियों ने स्थिति स्पष्ट कर दी है। हालांकि माफिया करतूतों को अंजाम न दे इसके लिए सतर्कता बढ़ाई गई है और सभी व्यवस्थाये चाक चौबंद है। कड़े नकल कानून का खौफ माफियाओं मे देखा जा सकता है, क्योंकि नकल की कोचिंग दे रहे माफिया या तो सलाखों के भीतर हैं अथवा राज्य छोड़कर जा चुके हैं।

चौहान ने कहा कि परीक्षा मे धांधली का आरोप लगाकर दुष्प्रचार कर रही कांग्रेस और पिपक्ष का यह रवैया स्वाभाविक है। क्योंकि प्रतियोगी परीक्षाओं मे पहले नकल सामान्य बात थी और धामी सरकार ने ही माफिया के गठजोड़ को तोड़ा। माफिया को सलाखों के पीछे भेजा और कठोर नकल विरोधी कानून बनाया। लेकिन भ्रष्टाचार और नकल माफिया कांग्रेस राज मे भी सक्रिय रहा। भ्रष्टाचार और नकल जैसे मुद्दे पर कांग्रेस ने आँखे मूंद ली। जैसे ही नकल का मुद्दा संज्ञान मे आया तो सीएम धामी ने न केवल वृहद जांच करायी, बल्कि कड़ा कानून भी बनाया। लेकिन यह भी कांग्रेस पचा नही पाई और युवाओं के हित मे इस बेहतर कार्य पर भी खामियां निकालने लगी।

उन्होंने कहा कि सत्ता से लगातार दूर रही कांग्रेस की यह पीड़ा साफ दिखती रही है। युवाओं को न्याय दिलाने के लिए धामी सरकार के हर निर्णय का विरोध कांग्रेस विपक्ष धर्म मान बैठी है। जन हित के मुद्दों का विरोध करने से ही जनता ने कांग्रेस को दंडित किया है और वर्तमान मे अस्तित्व को तरस रही है।

चौहान ने कहा कि युवा और मातृ शक्ति का धामी सरकार पर पूरा भरोसा है। क्योंकि कांग्रेस जैसे भानुमती के कुनवे से न राज्य का भला होने वाला है और न ही जन सरो. कारों से जुड़े मसले हल होंगे। आपसी गुटबाजी के कारण न कांग्रेस जनता के मुद्दों को लेकर आगे आ पा रही है और न ही रचनात्मक विपक्ष की भूमिका का ही निर्वहन कर रही है। कांग्रेस को जनता माफ नही करेगी।

# नगर आयुक्त ने किया आपदा प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण

## नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों को दिए जरूरी निर्देश



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** नगर आयुक्त नमामी बंसल ने सोमवार को आपदा प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया ।

प्रभावित क्षेत्रों में जहाँ–जहाँ घरों में मलबा एकत्रित हुआ था, उसे हटवा लिया गया है। नदियों के किनारे जो पुश्ते आपदा के कारण क्षतिग्रस्त हुए थे उनके पुन:निर्माण के लिए कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। प्रभावित क्षेत्रों में सफाई, जल–निक. ासी एवं सामान्य यातायात व्यवस्था को सुचारु करने के लिए नगर निगम की ओर से टीमें कार्य कर रही हैं । नगर आयुक्त नमामि बंसल ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में इस प्रकार की किसी भी आपदा की स्थिति में त्वरित एवं समन्वित कार्यवाही सुनिश्चित करें।

इसके अतिरिक्त क्षेत्रवार आपदा प्रबंधन योजना तैयार की जाएगी।जोखिम वाले क्षेत्रों की समय–समय पर जाँच कर आवश्यक सुदृढ़ीकरण कार्य किए जाए स्थानीय नागरिकों को आपदा प्रबंधन एवं बचाव उपायों के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाए जाए। राहत सामग्री एवं मशीनरी को पूर्व से ही तैयार रखा जाएगा, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत उपयोग किया जाये। इस मौके पर नगर आयुक्त नमामि बंसल के साथ मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अविनाश खन्ना और क्षेत्र के पार्षद रो. बिन त्यागी मौजूद रहे।

# कैबिनेट मंत्री जोशी ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण

## आपदा प्रभावितों को प्रदान की सहयोग राशि

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को उत्तराखंड पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड द्वारा कराए गए दो विकास कार्यों का लोकार्पण किया। मंत्री जोशी ने जोहड़ी गांव स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में टीन शेड निर्माण कार्य तथा नया गांव विजयपुर हाथीबड़कला में स्थित सार्वजनिक शौचालय के नवीकरण कार्य का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने सहस्त्रधारा गुच्छूपानी क्षेत्र के आपदा प्रभावितों को पूर्व सैनिक संगठन द्वारा एकत्र की गई सहयोग राशि भी प्रदान की। इस दौरान आपदा में दिवंगतों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि "हमारी सरकार सैनिकों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है। इस टीन शेड से विद्यालय के छात्र–छात्राओं को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास के मूल मंत्र के साथ लगातार कार्य कर रही है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष राजीव गुरुंग, अध्यक्ष कर्नल (सेनि.) राजेन्द्र सिंह क्षेत्री, ज्योति कोटिया, कैप्टन (सेनि.) सुख बहादुर गुरुंग, ऑनरेरी कैप्टन (सेनि. ) दिनेश प्रधान, पूर्ण कुमार, कमल गुरुंग, कै आर.डी. साही, सतेंद्र गुरुंग, अशोक थापा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### टपकेश्वर मंदिर में नव निर्मित पुल का उद्घाटन

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को नवरात्रि के प्रथम दिवस टपकेश्वर मंदिर में रिकॉर्ड समय के भीतर तैयार किए गए नव निर्मित पुल का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर मंदिर के महंत भरत गिरी महाराज ने कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी का आभार व्यक्त किया। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को मात्र तीन दिन के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पुल निर्माण से श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को बड़ी सुविधा मिलेगी। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि राज्य सरकार जनहित को ध्यान में रखते हुए बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर महंतभरत गिरी महाराज, आचार्य विपिन जोशी, मंडल अध्यक्ष राजीव गुरुंग, महामंत्री मनोज क्षेत्री, मेघा भट्ट, निर्मला भट्ट, राजेंद्र प्रसाद, अंकिता प्रधान, दुर्गा कश्यप, प्रदीप शर्मा, राजेश पंत सहित कई लोग मौजूद रहे।

# चाय बागान में बोरे के अंदर मिला युवती का शव

## दून के बसंत विहार थाना क्षेत्र में हुई सनसनीखेज वारदात, हत्या की आशंका

**देहरादून।** राजधानी देहरादून में रविवार देर रात एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां बसंत विहार थाना क्षेत्र के श्यामपुर आदर्श विहार के पास एक चाय बागान में प्लास्टिक के कट्टे के अंदर एक युवती का शव मिलने से हड़कंप मच गया। इस घटना ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी है। वही सूत्रों की माने तो हत्या के बाद बोर के अंदर युवती के शव को डालने के बाद बसंत विहार थाना क्षेत्र में फेंका गया है। इस घटना को लेकर पुलिस विभाग में भी हड़कंप मचा है और घटना को लेकर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

आधी रात को मिले शव को लेकर बताया जा रहा है कि रविवार देर रात कुछ स्थानीय लोग चाय बागान से गुजर रहे थे, तभी उनकी नजर झाड़ियों में पड़े एक संदिग्ध प्लास्टिक के कट्टे पर पड़ी। वहां मौजूद लोगों ने शक होने पर तुरंत बसंत विहार पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने जब कट्टे को खोला तो अंदर से एक युवती का शव बरामद हुआ।पुलिस के अनुसार, मृतका के शरीर पर कोई गहरे घाव नहीं थे, लेकिन उसके मुंह से खून बह रहा था और हाथ–पांव पर खरोंचें थीं। पुलिस का मानना है कि शव को पहचान छिपाने के उद्देश्य से यहां फेंका गया है। जिसके चलते अनुमान लगाया जा रहा है युक्ति की हत्या की गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह का कहना है कि बोर के अंदर मिले युवती के शव की पहचान का प्रयास किया जा रहा है और घटना का जल्द खुलासा हो जाएगा।

### पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल

इस वारदात ने पुलिस की रात्रि गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। शहर के बीचों–बीच, जहां रात के समय पुलिस की गश्त और चौकसी होनी चाहिए, वहां इस तरह की घटना का होना यह दर्शाता है कि पुलिस की मुस्तैदी में कमी है। लोगों का कहना है कि अगर पुलिस सक्रिय होती तो शायद अपराधी इस तरह की वारदात को अंजाम देने में कामयाब नहीं हो होते।स्थानीय निवासियों में भारी रोष है और वे पुलिस से इस मामले में जल्द से जल्द कार्रवाई करने और शहर में सुरक्षा व्यवस्था को और भी मजबूत करने की मांग कर रहे हैं।

### जांच जारी, पहचान की कोशिश

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल मृतका की शिनाख्त नहीं हो पाई है। वसंत विहार थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। इसके साथ ही, गुमशुदगी की शिकायतों की भी जांच की जा रही है ताकि जल्द से जल्द मृतका की पहचान की जा सके। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि इस मामले का खुलासा जल्द ही कर दिया जाएगा।इस घटना ने पूरे देहरादून में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है।


# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, कोटद्वार

पत्रांक 2112/ निविदा सूचना / 2025–26 दिनांक 22/09/2025

## ई–निविदा सूचना

मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से जनपद पौड़ी गढ़वाल शाखा कोटद्वार के अन्तर्गत निम्नलिखित पेयजल योजनाओं के संचालन एवं रखरखाव कार्यों हेतु उत्तराखण्ड जल संस्थान में पंजीकृत ठेकेदारों से ई–निविदा, टू–विड सिस्टम (तकनीकी एवं कमर्शियल विड) के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित समस्त सूचना www.uktenders.gov.in पर सांय 27.09.2025 की सांय 05:00 बजे से उपलब्ध होगी।

| क्र0 सं0 | विकास क्षेत्र | योजना का नाम | धरोहर राशि | निविदा का कुल मूल्य (जी0एस0टी0 सहित) | निविदा डाउनलोड करने की तिथि एवं समय | प्री–विड मिटिंग की तिथि | निविदा प्रपत्र अपलोड करने की अन्तिम तिथि एवं समय | निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | निविदा को खोले जाने की तिथि एवं समय (तकनीकी निविदा) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कार्य का नामः– पम्पिंग पेयजल योजनाओं का संचालन एवं रखरखाव का कार्य। | | | | | | | | | | |
| 1 | दुगड्डा | जयगांव पम्पिंग | 26000.00 | रू0 1500.00 + GST | 27.09.2025 सांय 5.00 बजे से | 03.10.2025 सांय 12.00 बजे से | 12.10.2025 सांय 5.00 बजे तक | 13.10.2025 सांय 5.00 बजे तक | 14.10.2025 सांय 11.00 बजे से | 01 वर्ष | "D" या उच्चतर |
| 2 | दुगड्डा | चरेख पम्पिंग | 25500.00 | रू0 1500.00 + GST | | | | | | | |
| 3 | दुगड्डा | सिमलना पम्पिंग | 20500.00 | रू0 1500.00 + GST | | | | | | | |
| 4 | दुगड्डा | बिन्दाल गांव पम्पिंग | 29500.00 | रू0 1500.00 + GST | | | | | | | |
| 5 | दुगड्डा | सिमलचौड पम्पिंग | 10000.00 | रू0 1000.00 + GST | | | | | | | |
| 6 | दुगड्डा | दुगड्डा नगर पम्पिंग | 19500.00 | रू0 1500.00 + GST | | | | | | | |
| 7 | द्वारीखाल | कदूडबडा पम्पिंग | 40000.00 | रू0 2000.00 + GST | | | | | | | |
| 8 | द्वारीखाल | परसूली पम्पिंग | 15500.00 | रू0 1000.00 + GST | | | | | | | |
| 9 | द्वारीखाल | ढौरी पम्पिंग | 29500.00 | रू0 1500.00 + GST | | | | | | | |
| 10 | यमकेश्वर | फल्दाकोट पम्पिंग | 33000.00 | रू0 1500.00 + GST | | | | | | | |
| 11 | यमकेश्वर | खेडा मल्ला पम्पिंग | 16000.00 | रू0 1000.00 + GST | | | | | | | |
| 12 | यमकेश्वर | रणचूला पम्पिंग | 47000.00 | रू0 2000.00 + GST | | | | | | | |
| 13 | यमकेश्वर | ऊंचाकोट पम्पिंग | 4500.00 | रू0 2000.00 + GST | | | | | | | |
| 14 | यमकेश्वर | पुण्डरासू पम्पिंग | 64500.00 | रू0 2500.00 + GST | | | | | | | |
| 15 | यमकेश्वर | परिन्दा पम्पिंग | 70000.00 | रू0 3000.00 + GST | | | | | | | |
| 16 | यमकेश्वर | कोटा माला पम्पिंग | 51000.00 | रू0 2000.00 + GST | | | | | | | |
| 17 | यमकेश्वर | करयाली पम्पिंग | 31500.00 | रू0 1500.00 + GST | | | | | | | |
| 18 | यमकेश्वर | नैल गुजराडा पम्पिंग | 15000.00 | रू0 1000.00 + GST | | | | | | | |
| 19 | यमकेश्वर | गंगा भोगपुर पम्पिंग | 9000.00 | रू0 1000.00 + GST | | | | | | | |
| 20 | जयहरीखाल | जयहरीखाल पम्पिंग | 36500.00 | रू0 2000.00 + GST | | | | | | | |
| 21 | जयहरीखाल | काण्डा पम्पिंग | 34500.00 | रू0 1500.00 + GST | | | | | | | |
| 22 | जयहरीखाल | बांसी पम्पिंग | 34000.00 | रू0 1500.00 + GST | | | | | | | |
| 23 | जयहरीखाल | चौण्डी पम्पिंग | 10500.00 | रू0 1000.00 + GST | | | | | | | |
| 24 | जयहरीखाल | सैन्धीखाल पम्पिंग | 34000.00 | रू0 1500.00 + GST | | | | | | | |
| 25 | रिखणीखाल | तैड़िया पम्पिंग | 14500.00 | रू0 1000.00 + GST | | | | | | | |
| 26 | रिखणीखाल | उम्मेदूबाखल पम्पिंग | 34000.00 | रू0 1500.00 + GST | | | | | | | |
| 27 | रिखणीखाल | ह्यून्दी पम्पिंग | 44000.00 | रू0 2000.00 + GST | | | | | | | |
| 28 | रिखणीखाल | अन्दरसौं पम्पिंग | 43000.00 | रू0 2000.00 + GST | | | | | | | |
| 29 | रिखणीखाल | क्यूराली तोल्यू पम्पिंग | 15500.00 | रू0 1000.00 + GST | | | | | | | |
| 30 | रिखणीखाल | परिण्डी पम्पिंग | 44500.00 | रू0 2000.00 + GST | | | | | | | |
| 31 | रिखणीखाल | आमडांडा पम्पिंग | 14500.00 | रू0 1000.00 + GST | | | | | | | |
| 32 | नैनीडांडा | धुमाकोट पम्पिंग | 58000.00 | रू0 2500.00 + GST | | | | | | | |
| 33 | नैनीडांडा | नैनीडांडा पम्पिंग | 20000.00 | रू0 1500.00 + GST | | | | | | | |

ई–निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारियां व शर्तें उत्तराखण्ड की वेबसाइट www.uktenders.gov.in पर ऑन लाइन देखी एवं प्राप्त की जा सकती है।

शर्तें:–

1– निविदा प्रपत्र का मूल्य (उपरोक्त तालिकानुसार अलग–अलग निविदा हेतु पृथक–पृथक) किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत बैक ड्राफ्ट के माध्यम से अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान, कोटद्वार के नाम से बनाकर प्रस्तुत करना होगा।

2– निविदा प्रपत्र के साथ 2% धरोहर धनराशि एफ0डी0आर0/बी0जी0/एन0एस0सी0 के रूप में किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक/डाकघर द्वारा निर्गत, अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, कोटद्वार के पदनाम से न्यनतम 90 दिनों हेतु बंधक हो, जमा करानी होगी।

3– निविदादाता द्वारा उक्त वेबसाइट में रू0 100.00 मूल्य के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर इस आशय का शपथ पत्र अपलोड करना आवश्यक होगा कि उसके द्वारा जो भी सूचनायें वेबसाइट पर दी गई हैं, वह सत्य हैं।

4– निविदादाता द्वारा उक्त वेबसाइट में रू0 100.00 मूल्य के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर रू0 1.00 का रेवेन्यू टिकट लगाकर निविदा दरों की वैधता के सम्बन्ध मे हस्ताक्षर कर अपलोड करना होगा।

5– निविदा प्रपत्र हेतु निविदादाता को डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र (डी0एस0सी0) किसी प्रमाणित/प्राधिकृत संस्था द्वारा निर्गत किया होना आवश्यक है।

6– निम्नलिखित प्रपत्र (प्रपत्र जो वैबसाईट पर निविदा के साथ अपलोड किये गये हैं) मूल रूप में कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान, कोटद्वार में दिनांक 13.10.2025 सांय 5:00 बजे तक अनिवार्य रूप से जमा किये जाने होंगे।

(i) निविदादाता द्वारा रू0 100.00 मूल्य के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र जिसमें यह उल्लिखित होगा कि उसके द्वारा जो भी सूचनायें वैबसाईट पर दी गई हैं वह सत्य है।

(ii) निविदादाता द्वारा निविदा दरों की वैधता के सम्बन्ध में रू0 100.00 मूल्य के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर रू0 1.00 का रेवेन्यू टिकट लगाकर हस्ताक्षरित शपथ पत्र।

(iii) निविदा प्रपत्र के मूल्य का बैंक ड्राफ्ट मूल रूप में।

7– उपरोक्त निविदा सूचना में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो संशोधित निविदा सूचना सीधे वैबसाईट www.uktenders.gov.in पर ही अपलोड की जायेगी। संशोधित निविदा सूचना का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जायेगा।

8– किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित हैं।

9– तकनीकी बिड में सफल पाये गये ठेकेदारों के नाम अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, कोटद्वार के कार्यालय नोटिस बोर्ड पर लगायी जायेगी एवं वेबसाईट पर भी अपलोड़ की जायेगी।

9– शेष समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है।

10– निविदा सम्बन्धी जानकारी हेतु इं0 अभिषेक कुमार वर्मा, अधिशासी अभियन्ता (मो0 नं0 9412081305), इं0 देवकी नन्दन, सहायक अभियन्ता (मो0 नं0– 7060874580) एवं ई0 बृजमोहन रावत (मो0 नं0– 9568704545) से संपर्क स्थापित किया जा सकता है।

अधिशासी अभियन्ता

# डीएम का तीन अफसरों को नोटिस, दो कर्मियों का रोका वेतन

**जनसुनवाई में 66 समस्याएं दर्ज, 32 का मौके पर निस्तारण**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जनपदवासियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में प्रत्येक सोमवार को जिला कार्यालय सभागार में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। सोमवार को आयोजित जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित 66 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से 32 समस्याओं का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया जबकि शेष शिकायतों से संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के लिए प्रेषित किया गया। इस दौरान भूमि विवाद, अतिक्रमण, जलभराव, पेयजल, विद्युत व्यवस्था सहित अनेक मुद्दे उठे। ग्राम पंचायत कोटा मुरादनगर के प्रधान मुजम्मिल अली ने कोटा खेड़ा में नदी द्वार तोड़े गए बांध के निर्माण का मुद्दा उठाया। जोगावाला खानपुर निवासी सरदार अली ने सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग की। रसूलपुर मीठीबेरी के ग्राम प्रधान ने अनुसूचित जनजाति उपयोजना के अंतर्गत प्रस्तावित खेल मैदान की भूमि उपलब्ध कराने की बात कही। नया गांव के प्रधान ने सैनिक कल्याण भवन निर्माण, गाडोवाली के ग्रामीणों ने गंदे पानी के तालाब में मिलने और बीमारी के खतरे, धनपुरा व मुस्तफाबाद के प्रतिनिधियों ने टूटी पेयजल लाइनों की मरम्मत, कोमल पत्नी जयकुमार ने पुत्री के विवाह हेतु आर्थिक सहायता व बीपीएल कार्ड, तथा कई अन्य लोगों ने भूमि विवाद और अतिक्रमण से जुड़ी समस्याओं को उठाया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सीएम पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में ढिलाई बरतने पर खंड शिक्षा अधिकारी भगवानपुर, नारसन और अधिशासी अभियंता यूपीसीएल लक्सर को कारण बताओ नोटिस



जारी करने के आदेश दिए। साथ ही ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर और शिकायत प्रकोष्ठ के सहायक द्वारा सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा बैठकों का कार्यवृत्त ऑनलाइन न डालने पर उनका सितम्बर माह का वेतन रोकने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बैठक में कहा कि जनता द्वारा दर्ज समस्याओं का त्वरित व समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है। किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कार्रवाई तय होगी। उन्होंने एआरटीओ को निर्देश दिए कि बिना हेलमेट चलने और ओवरस्पीडिंग करने वाले दोपहिया वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई करें और 100 प्रतिशत हेलमेट अनिवार्य कराएं। ईओ शिवालिक नगर को अतिक्रमण हटाने का सर्वे करने और नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा। डीएसओ को निर्देश दिए कि सस्ते गल्ले के दुकानदारों द्वारा घोटाला साबित होने पर मुकदमा दर्ज कर दुकानों का निरस्तीकरण करें।

सीएम स्वरोजगार योजना की समीक्षा करते हुए, जिलाधिकारी ने बैंकों को निर्देश दिया कि किसी भी लोन आवेदन को अस्वीकार करने पर स्पष्ट कारण लिखें और समय पर जानकारी उपलब्ध कराएं। पोर्टल पर डाटा समय से अपडेट किया जाए ताकि पेंडेंसी न रहे। बैठक में अपर जिलाधिकारी पीआर चौहान, परियोजना निदेशक केएन तिवारी, जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश, एचआरडीए सचिव मनीष कुमार, उप जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी नलिनी ध्यानी, डीएसओ तेजबल सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी अतुल प्रताप सिंह, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# गुरुकुल कांगड़ी विवि में किया रोबोटिक्स वर्कशॉप का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा ब्लूटूथ मॉड्यूलेटर आधारित रोबोटिक्स वर्कशॉप का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला में डिप्लोमा प्रथम एवं द्वितीय वर्ष तथा बी.टेक प्रथम वर्ष के छात्रों ने प्रतिभाग किया। न्यू सेमिनार हॉल में आयोजित कार्यशाला में लोकेश भारद्वाज एवं अविरल अवस्थी ने छात्रों को ब्लूटूथ मॉड्यूलेटर और उसके विभिन्न कार्यों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से बताया कि किस प्रकार ब्लूटूथ तकनीक का प्रयोग रोबोटिक्स में किया जा सकता है। विभागाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह रावत ने छात्रों के उत्साह



और सक्रिय भागीदारी की सराहना की। कार्यशाला संचालन लैब तकनीशियन प्रद्युमन सिंह ने किया। कार्यक्रम के स्टूडेंट ऑर्गेनाइजर्स प्रिंस शर्मा, ध्रुव शर्मा, ध्रुव पाठक, नितिन जोशी, आर्यन कपूर और अंकुश भट्ट रहे।

## स्वामी यतिश्वरानंद से मिले ग्रामीण

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ग्राम सराय के लोगों ने गांव की विभिन्न समस्याओं को लेकर पूर्व ग्राम प्रधान प्रत्याशी अवनीश कुमार के नेतृत्व में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतिश्वरानंद से मिलकर समस्याओं का समाधान करने की मांग की। इस दौरान अवनीश कुमार ने स्वामी यतिश्वरानंद को गांव की समस्याओं से अवगत कराते हुए बताया कि गांव की सड़कें जर्जर हो चुकी हैं। पेयजल आपूर्ति के लिए डाली जा रही पाइपलाइन का कार्य भी अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्वामी यतिश्वरानंद ने कुछ समस्याओं के समाधान के लिए तत्काल संबंधित विभागों को निर्देश जारी किए और ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का समाधान जल्द कर दिया जाएगा। इस अवसर मनीष कुमार, रमेश, भोपाल, राहुल, किरण, बृजपाल, नीटू, अरविंद सहित बड़ी सख्या में महिलाएं शामिल रही।

# सिटी मजिस्ट्रेट ने व्यापारियों के साथ की बैठक, मंडी क्षेत्र का किया निरीक्षण

**व्यापारियों को अतिक्रमण को स्वयं हटाने के दिए निर्देश**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** अतिक्रमण अभियान के दौरान व्यापारियों द्वारा मंडी प्रशासन के साथ अभद्रता करने के मामले का संज्ञान लेते हुए सोमवार को कृषि उत्पादन मण्डी समिति हरिद्वार यूनियन के सभागार में नगर मजिस्ट्रेट/प्रशासक मंडी समिति कुश्म चौहान द्वारा मण्डी समिति के व्यापारियों की बैठक ली गयी और मंडी का निरीक्षण भी किया। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट कुशुम चौहान ने व्यापारियों को कड़ी चेतावनी जारी करते हुए कहा कि वे स्वयं के स्तर से अतिक्रमण को हटा लें अन्यथा प्रशासन बल का प्रयोग करते हुये अतिक्रमण को हटायेगा।

बैठक में मण्डी समिति में कार्य करने वाले व्यापारी यूनियनों के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें इमरान अली मंसूरी, इरशाद अहमद व



राम विशाल देव विभिन्न यूनियनों के अध्यक्ष एवं अन्य व्यापारियों द्वारा नगर मजिस्ट्रेट को अपनी परेशानियों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। बैठक में मण्डी सचिव लवकेश कुमार, मण्डी निरीक्षक वर्षा गुप्ता, शिवमूर्ति सिंह, मण्डी सहायक अजय कुमार, राजीव कुमार, जितेन्द्र कुमार आदि समिति कार्मिक भी उपस्थित रहे। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट द्वारा सभी व्यापारियों को मण्डी में नियमानुसार कार्य करते हुये, प्रतिदिन कृषक विक्रेता वाउचर 6 आर एवं 9 आर जारी करने के लिये निर्देशित किया तथा सभी व्यापारियों को पुराना अवशेष मण्डी शुल्क, विकास सेस एवं दुकान किराया का भुगतान 7 दिवस के भीतर करने के लिये कहा गया तथा भविष्य में नियमानुसार 15 दिन के अन्दर करने के लिये कहा गया। जिससे कि समिति की आय में अधिक से अधिक वृद्धि हो सके। बैठक के बाद नगर मजिस्ट्रेट द्वारा मण्डी का निरीक्षण कर अतिक्रमण के सम्बन्ध में सचिव को निर्देशित किया गया तथा मण्डी की सफाई व्यवस्था को सुचारु रुप से संचालित करने के लिये सफाई ठेकेदार को निर्देशित किया गया। साथ ही मण्डी में कारोबार के समय सभी व्यापारियों को आवागमन को सुचारु रुप से संचालित करने तथा मालवाहक वाहनों को माल उतारने तथा चढाने के लिये ही दुकानों के सामने खड़ा करने हेतु कहा गया कि जल्दी से जल्दी वाहनों को मण्डी परिसर में बाहर किया जाये, जिससे कि रोड पर जाम की स्थिति न हो तथा किसानों व खरीदरों को परेशानी न हो। मण्डी में दुकानों के आगे निशानदेही करने के लिये सचिव को निर्देशित किया। जिससे कि व्यापारी उस निशान से आगे फल-सब्जी न लगाये और अगर कोई व्यापारी निशान से आगे कारोबार करता है तो उस पर जुर्माना लगाया जायेगा। इसके अतिरिक्त मण्डी में अवैध रुप से व्यापार करने वाले व्यापारियों को भी चेतावनी दी गयी। सचिव को निर्देशित किया गया कि मण्डी में विस्तार से निरीक्षण कर अतिक्रमण को हटाने तथा दुकान विहीन व्यापारियों को फड़ चिन्हित कर आवंटन करने के सम्बन्ध में कार्यवाही करें, सभी व्यापारियों को वेरीफिकेशन भी करें। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट द्वारा व्यापारियों को व्यापार में आने वाली परेशानियों का निराकरण करने के लिये सचिव को निर्देशित किया। अतिक्रमण के सम्बन्ध में नगर मजिस्ट्रेट द्वारा दिये गये निर्देशों से सभी व्यापारियों द्वारा सहमति जताते हुये, नियमानुसार कारोबार करने के लिये कहा गया है। इस अवसर पर समिति कर्मचारियो के साथ-साथ व्यापारी वर्ग से रियाज अली, नवाब, युनूस अहमद, शौकीन, याहया, आफताब, निशान्त माटा, सिद्वार्थ चौधरी, मुरसत, मनीष, हाजी आशिक, गुलफाम, आसीम हुसैन, सन्तोष जायसवाल, हाजी शाहीन, चांद मुबारिक, श्याम सुन्दर, उमाशंकर, सुनील कुमार, नवाब अली, मनोज कुमार, प्रदीप कुमार, असलम, शकील, अहसान आदि उपस्थित रहें।

# पेपर लीक पर युवा कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग का परीक्षा पत्र लीक होने पर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष कैश खुराना के नेतृत्व में परशुराम चौक पर डाइपर और समूह 'ग' की किताबें लेकर सरकार और अधीनस्थ्क सेवा चयन आयोग के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान सरकार पर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ का आरोप लगाते हुए जिलाध्यक्ष कैश खुराना ने कहा कि पेपर लीक होना सरकार की बड़ी नाकामी है। ऐसी सरकार को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। बार बार पेपर लीक के मामले सामने आ रहे हैं। लोक सेवा आयोग लीक सेवा आयोग बनकर रह गया है। कैश खुराना ने कहा कि जब सरकार वोट चोरी से बनेगी तो परीक्षाओं में भी चोरी



होगी। नकल माफिया सरकार पर हावी है। जिन पर कार्यवाही होनी चाहिए। नितिन तेश्वर, तरुण व्यास ने कहा कि सरकार को प्रदेश के युवाओं से माफी मांगनी चाहिए और इस्तीफा देना चाहिए। हाकम सिंह अंदर था और परीक्षा का पेपर बाहर आ गया। इस मामले से प्रदेश की छवि भी धूमिल हुई है। सरकार रोजगार देने में पीछे और पेपर लीक में आगे है। जब परीक्षा सही से नहीं करवा सकते तो आयोग बंद कर देना चाहिए। इस अवसर पर दीपक टंडन, मनोज सैनी, वसीम सलमानी, विशाल प्रधान, सार्थक ठाकुर, लक्की महाजन, ऋषभ वशिष्ठ, सागर बेनीवाल, समर्थ अग्रवाल, मृत्युंजय पांडे, निखिल सौदाई, प्रथम, अंकित, प्रतीक अरोड़ा, दीपक पांडे, संदीप आदि शामिल थे।

# शिवालिक नगर में दुकान पर नकाबपोशों का हमला

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** शिवालिक नगर में अब दिनदहाड़े नकाबपोशों के एक झुंड ने इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान में घुसकर दुकानदार पर हमला करने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर व्यापारियों के परिजनों को भी धमकाया गया। आरोपियों की हरकतें सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस की चौकसी पर सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के अनुसार शिवालिक नगर स्थित क्यू-कलस्टर 262 में इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान चलाने वाले सुमित पांडे ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि रविवार दोपहर अचानक चार से पांच मोटरसाइकिलों पर सवार करीब दर्जनभर नकाबपोश युवक वहां पहुंचे। आरोप है कि युवक लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से दुकानदार पर टूट पड़े और जमकर मारपीट की। हंगामा सुनकर जब परिजन घर से बाहर निकले तो हमलावरों ने उन्हें गालियां दीं और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। आसपास के लोगों के बीच अचानक हुई वारदात से हड़कंप मच गया।

दुकान और आसपास लगे कैमरों में पूरी घटना रिकॉर्ड हो गई। सोमवार को यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। लगातार बढ़ती घटनाओं से पुलिस की गश्त पर भी सवाल उठ रहे हैं। दुकानदार ने गैस प्लांट चौकी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली प्रभारी शांति कुमार गंगवार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने किया गोदान का टीजर जारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कामधेनु प्रोडक्शन के तत्वावधान में निर्मित "गोदान" फिल्म का 1 मिनट का टीजर जारी किया। फिल्म का निर्माण दीनदयाल गौशाला समिति ने किया। इस अवसर पर फिल्म के निर्माता विनोद कुमार चौधरी एवं निर्देशक अमित प्रजापति भी मौजूद रहे। प्रेमनगर आश्रम में फिल्म का टीजर जारी करने के दौरान फिल्म के निर्माता निर्देश को शुभकामनाएं देते हुए कैबिनेट मंत्री सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि फिल्म गोदान सनातन संस्कृति के महत्व को उजागर करने के साथ भारतीय सिनेमा में मूल्यों और परंपरांओ को पुनः स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



## शराब तस्कर पुलिस को देख स्कूटी छोड़कर भागा, तीन पेटी शराब बरादम

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोतवाली ज्वालापुर पुलिस ने स्कूटी पर शराब की तस्करी कर रहे एक व्यक्ति पुलिस को देख कर स्कूटी छोड़कर भाग निकाला पुलिस ने स्कूटी से तीन पेटी देशी शराब की बरामद करी है।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दिए। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि चेतन पुलिस कर्मी शास्त्री नगर से होते हुए मो0 कड़च्छ में गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान पुलिस को देकर तस्कर स्कूटी छोड़कर फरार हो गया।स्कूटी चेक करने पर 3 पेटी देशी शराब की बरामद हुई है।पुलिस ने स्कूटी को सीज कर दिया है। पुलिस टीम में कां. अमित गौड़, कां. राजेश बिष्ट शामिल रहे।

# वैश्य समाज ने धूमधाम से मनाई अग्रसेन जयंती

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** श्री वैश्य बंधु समाज मध्य क्षेत्र हरिद्वार के संयोजन में भगवान अग्रसेन जयंती को धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने देवपुरा स्थित अग्रसेन चौक पर भगवान अग्रसेन की प्रतिमा पर फूलमाला अर्पित कर उन्हें नमन किया और फल वितरित किए। इस अवसर पर श्री वैश्य बंधु समाज मध्य क्षेत्र हरिद्वार के संस्थापक अध्यक्ष अशोक अग्रवाल और अध्यक्ष विनीत अग्रवाल ने कहा कि भगवान अग्रसेन ने मानवता और समाज उत्थान में अहम योगदान दिया। उन्होंने आह्वान किया कि समाज के लोग भगवान अग्रसेन के आदर्शों को अपनाएं और राष्ट्र की उन्नति में अपना योगदान दें। अशोक अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने के लिए सभी को मिलजुलकर प्रयास करने होंगे। भगवान अग्रसेन के पदचिन्हों पर चलकर समाज को गति प्रदान की जा सकती है। संस्था के मुख्य मार्गदर्शक पराग गुप्ता और राकेश बंसल ने कहा कि उनके जीवन दर्शन से प्रेरणा लेकर समाज को मानव उत्थान में योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि वैश्य समाज ने हमेशा जनहित के कार्यों में अपनी भूमिका निभाई है। कंचन अग्रवाल और पायल जैन ने कहा कि भगवान अग्रसेन के जीवन से जुड़ी जानकारी का प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सेवा के माध्यम से उनके अधूरे कार्यों को पूरा किया जा सकता है। इस अवसर पर विनोद मित्तल, महावीर मित्तल, रविंद्र गुप्ता, बीके गुप्ता, अरविंद अग्रवाल, विवेक गुप्ता, मनोज जैन, कंचन अग्रवाल, पायल जैन, डा.अजय, नितिन गुप्ता, जय भगवान गुप्ता, आशीष गुप्ता, ललित जिंदल, डा.बृजेश कंसल, विपुल गुप्ता, वैभव गुप्ता सहित संस्था के पदाधिकारी व सदस्य शामिल रहे।



## देवी दुर्गा की आराधना से जागृत होती है आंतरिक चेतना : स्वामी कैलाशानंद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नवरात्रों के उपलक्ष्य में श्री दक्षिण काली मंदिर में नवरात्र महोत्सव का आयोजन किया गया है। नवरात्रों में मां दक्षिण काली के दर्शन पूजन के लिए आने वाले श्रद्धालु भक्तो के स्वागत के लिए मंदिर में विशेष सजावट की गयी है। सोमवार को पहले नवरात्र पर मंदिर में दर्शन पूजन करने आए भक्तों को मां भगवती की महिमा से अवगत कराते हुए निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी ने कहा कि नवरात्र देवी दुर्गा की कृपा प्राप्त करने का विशेष अवसर है। मां भगवती की कृपा और आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए नौ दिनों तक पूर्ण विधि विधान से व्रत करे। देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों का पूजन और ध्यान से करने आंतरिक चेतना जागृत होती है। जिससे सभी कार्यो में सफलता प्राप्त होती है।

## मां दुर्गा की आराधना और शक्ति की उपासना का पर्व हैं नवरात्र : रविंद्रपुरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि नवरात्र मां दुर्गा की आराधना और शक्ति की उपासना का पर्व हैं। मां भगवती की शक्ति से बड़ी संसार में कोई शक्ति नहीं है। नवरात्र आराधना से प्रसन्न होकर शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा आशा और साहस का संचार करती हैं। नवरात्र आराधना से जीवन में शांति, संतुलन और निर्मलता का संचार होता है। मनसा देवी मंदिर में नवरात्र पूजन के दौरान श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि नवरात्र आत्मचिंतन और आंतरिक शुद्धि प्राप्त करने का भी अवसर है। नवरात्रों में की जाने वाली देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना से शरीर, मन और आत्मा की शुद्धि होती है। मां दुर्गा की उपासना और साधना से तमोगुण का नाश होता है, रजोगुण संतुलित और सतोगुण जागृत होते हैं।

# श्री स्वामिनारायण आश्रम में घर सभा सत्संग का किया आयोजन

## राष्ट्र की एकता अखंडता बनाए रखने में स्वामिनारायण सम्प्रदाय की अहम भूमिका : रविंद्रपुरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भूपतवाला स्थित श्री स्वामिनारायण आश्रम में घर सभा सत्संग का आयोजन किया गया। श्री स्वामिनारायण आश्रम के परमाध्यक्ष स्वामी हरिवल्लभदास शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित सत्संग में मुख्य अतिथी अखिल भारतीय अखाड़ा एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी, स्वामी नित्यस्वरूपदास शास्त्री, भारत माता मंदिर के महंत महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी, बाबा हठयोगी सहित अनेक संत तथा ब्रह्मचारी शामिल हुए। अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि राष्ट्र की एकता अखण्डता बनाए रखने में स्वामिनारायण सम्प्रदाय की अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि समाज को सांस्कृतिक रूप से एकुजुट करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए स्वामिनारायण सम्प्रदाय से हाल ही में पिछड़े समाज के दो संतों को महामंडलेश्वर की उपाधि प्रदान की है। स्वामी हरिवल्लभदास शास्त्री के सानिध्य मे संचालित मानव सेवा प्रकल्प सभी के लिए प्रेरणादायी हैं।

स्वामी हरिवल्लभदास शास्त्री ने कहा कि संत महापुरूषों के सानिध्य में सत्संग से प्राप्त ज्ञान को आचरण में धारण करने से जीवन का कल्याण होता है। सभी बाधाएं दूर होती हैं, प्रत्येक कार्य में सफलता प्राप्त होता है।

महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी एवं बाबा हठयोगी ने कहा कि संतों के सत्संग से धर्ममार्ग पर दृढ़ रहने की प्रेरणा मिलती है। घर सभा सत्संग के माध्यम से श्रद्धालु भक्तों को दिव्य आनंद की अनुभूति कराने के लिए श्री स्वामिनारायण आश्रम बधाई का पात्र है।

स्वामी आनन्द स्वरूप दास महाराज ने सभी संतों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया और बताया कि स्वामिनारायण आश्रम की देश भर में स्थित सभी शाखाओं में घर सभा सत्संग का आयोजन कियाा जा रहा है। इसी कड़ी में हरिद्वार में भी सत्संग का आयोजन किया जा रहा है।



# ध्वजारोहण की स्थापना कर दुर्गा पूजा महोत्सव का हुआ शुभारंभ

**31वें दुर्गा पूजा महोत्सव में 29 सितम्बर से 3 अक्टूबर तक रहेगी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भरमार**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** तीर्थ नगरी हरिद्वार में 31वां विशाल दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन सुपर मार्केट सेक्टर-4 पुराने थाने के सामने, भेल में किया जा रहा है। नवरात्र के पहले दिन ध्वजा रोहण की स्थापना की गई। पांच दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत 29 सितम्बर को मुर्ति स्थापना के साथ की जायेगी और समापन 3 अक्टूबर को भंडारे का आयोजन करने के पश्चात मुर्ति विसर्जन के साथ होगा।

दुर्गा पूजा महोत्सव के अध्यक्ष दयाशंकर वर्मा ने बताया कि 31वां सामाजिक दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन विश्व शांति एवं उत्तराखंड के विकास की भावना के साथ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 29 सितम्बर को मां दुर्गा की मूर्ति की स्थापना कर पांच दिवसीय दुर्गा पूजा महोत्सव का शुभारंभ होगा। पांद दिनों तक बच्चों द्वारा सांस्कृति कार्यक्रम आयोजित किये जायेग। 3 अक्टूबर को विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा।



इसके पश्चात मां दुर्गा की मूर्ति का गंगा में विसर्जन किया जायेगा। ध्वजा रोहरण कार्यक्रम में दुर्गा पूजा महोत्सव के अध्यक्ष दयाशंकर वर्मा, सदस्य जितेंद्र राय, कोषाध्यक्ष ऋषि पाल चौधरी, सदस्य रामाधार चौबे, संजय शर्मा, अमन, अमरीश, रामचंद्र शर्मा, सुरेंद्र देवला, पूजा शर्मा, विवेक चौधरी, अरुण, बृज गोपाल शुक्ला, ब्रह्मा शंकर चौबे, वेदांत चौहान, अमर वर्मा, धनराज टेलर, संतोष चौहान, कन्हैया चौहान सहित, रंजना शर्मा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# ओंकार लाइफलाइन हॉस्पिटल में 125 मरीजों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** प्रख्यात शिक्षाविद्, एसएमजेएन कॉलेज के भूतपूर्व प्रधानाचार्य एवं प्रेस क्लब के अध्यक्ष स्वर्गीय डॉ. पी एस चौहान की स्मृति में एक निःशुल्क स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। इसमें करीब 125 मरीजों के सेहत का हाल जाना और परामर्श भी दिया गया। इस अवसर पर बताया कि निरोगी काया के लिये जीवन शैली में बदलाव जरूरी है। हरिद्वार के न्यू सराय रोड स्थित ओंकार लाइफ हॉस्पिटल में आयोजित इस स्वास्थ्य मेले विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। यह परीक्षण निशुल्क किया गया।

स्वास्थ्य मेले में निम्न डाक्टरों की टीम निशुल्क परामर्श दिया। स्वास्थ्य मेले में डॉ. मोहित चौहान एमबीबीएस एमडी (फिजिशियन), डॉ. अनुराग रावत (कार्डियोलॉजिस्ट), डॉ. अंशु गुप्ता (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ), डॉ. निलेश गिरी (जनरल सर्जन), डॉ. अनु अग्रवाल, एमबीबीएस, डीएनबी (हड्डी रोग विशेषज्ञ), डॉ. मनु सिंह (डेंटल सर्जन) ने मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। स्वास्थ्य मेले में मरीजों का ईसीजी निशुल्क किया गया साथ ही साथ खून के टेस्ट निःशुल्क किए गए। हड्डियों में कैल्शियम की जांच वाला बीएमडी टेस्ट जो अमूमन बड़े अस्पतालों में 2000 में होता है, निःशुल्क किया गया। इस अवसर पर लगभग 125 मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर ओंकार लाइफलाइन हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. मोहित चौहान ने एक प्रेस वार्ता में बताया कि इस हॉस्पिटल से समाज के हर वर्ग को हर तरह का इलाज मिलेगा जिसके लिए उनकी डॉक्टरों की टीम मौजूद है। उन्होंने बताया कि कार्डियोलॉजिस्ट डा. अनुराग रावत की सेवाएं और परामर्श का लाभ अब ग्रामीण जनता भी ले सकेगी। हर तरह की इमर्जेंसी से निपटने के लिए क्रिटिकल केयर, आई सी यू एवं इमर्जेंसी की पूरी व्यवस्था है। अब हॉयर सेंटर वाली सारी सुविधाएं यहीं दी जाएंगी। इस अवसर पर डा. अनुराग रावत ने कहा कि बदलती जीवन शैली, बढ़ती हुए हृदय रोगों का कारण है। उन्होंने बताया कि खान पान, व्यायाम और पूरी नींद से हृदय रोगों से बचा जा सकता है।



**सूचना ( नाम परिवर्तन )**

मैं इन्दर सिंह निवासी केशव नगर सोसाइटी रोड, लक्सर, ने अपना नाम इन्दर सिंह (Inder Singh) से बदलकर इन्द्रजीत (Indrjit) कर लिया है। यह नाम सरकारी कार्यों के लिए मान्य होगा। भविष्य में मेरी पहचान इसी नाम से होगी। इन्द्रजीत पुत्र महेंद्र सिंह निवासी केशव नगर सोसाइटी रोड़ लक्सर (हरिद्वार) उत्तराखण्ड

**सूचना ( नाम परिवर्तन )**

मेरे पुत्र देव्यांश के आधार कार्ड में उसका नाम अर्णव है। जबकि शैक्षिक व जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम देव्यांश है। जो सही है। अतः भविष्य में मेरे पुत्र को अर्णव के बजाए देव्यांश के नाम से ही जाना पहचाना जाए। सुधीर कुमार पुत्र अजब सिंह, निवासी हुसैनपुर थाना व तहसील लक्सर (हरिद्वार)।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
सिटी कार्यालय दैनिक
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड, हरिद्वार
**डी. एस. वर्मा**
**ब्यूरो चीफ/जिला प्रभारी**
मो.: 9411100741

# अग्रसेन के जन्मोत्सव पर निकाली विशाल शोभायात्रा



शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** अग्रवाल सभा की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने अग्रसेन के जन्मोत्सव पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई। सोमवार को महोत्सव के दौरान हवन पूजन किया गया और उसके बाद शाम को विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया।

शोभायात्रा में आगे घोडों पर ध्वजवाहक, अखाड़ा, 18 गोत्रों की झांकी और नवयुवक समिति द्वारा महाराज के डोले की झांकी सजाई गई। गाजे बाजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस मौके पर अग्रवाल सभा के संरक्षक उमेश अग्रवाल, अध्यक्ष अमित गोयल,मंत्री अतुल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शलभ मित्तल,आशीष मित्तल,विकास अग्रवाल,अंकुर अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# पेपर लीक होने से युवाओं में उबाल

■ जोरदार नारेबाजी के साथ किया प्रदर्शन, एसडीएम के प्रतिनिधि को दिया ज्ञापन



शाह टाइम्स संवाददाता

**लोहाघाट।** बीते रविवार को राज्य स्तर पर हुई यूकेएसएससी परीक्षा का पेपर लीक होने पर युवाओं में उबाल आ गया है। उनका कहना है कि सरकार स्वच्छ व पवित्र वातावरण में परीक्षाओं को संचालित करने में पूरी तरह असफल रही है तथा परीक्षाओं में पेपर लीक होने की घटना ने सरकार के सभी दावों की पोल खोल दी है।

आज सोमवार को विभिन्न स्थानों से आए युवाओं ने इस मुद्दे को लेकर अपना जबरदस्त रोष प्रकट किया। उनका कहना था कि वह लोग हाड़ तोड़ मेहनत कर अपने भविष्य को सुनिश्चित करने के पूरी तैयारी के साथ परीक्षाएं देते हैं। लेकिन उसका दुर्भाग्यपूर्ण पहलू यह है कि परीक्षाओं का पेपर लीक होने से उनके अरमानों में ही पानी फिर जाता है। सुमित मुरारी, कमल जोशी, मुकेश पांडे, हिमांशु शर्मा, जेपी भट्ट,रूपेश पांडे, सूरज सिंह, धर्म सिंह, अमित तरुण पचौरी, नीरज जोशी, जगदीश, मोहित, कमल मेहता, कुलदीप सिंह, राहुल सिंह, पवन राम का कहना था कि सरकार किसी भी प्रतियोगी परीक्षाओं को निष्पक्षता से संचालित करने में पूरी तरह नाकाम रही है। सरकार की नीति और नियत पर अब हमारा कोई भरोसा भी नहीं रहा है। उन्होंने इस मामले में सीबीआई जांच कराने के साथ दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। कहा मंगलवार को चंपावत में मुख्यमंत्री के कैंप कार्यालय से लेकर जिला अधिकारी कार्यालय तक छात्र नारेबाजी एवं प्रदर्शन कर अपना आक्रोश रैली निकालेगे। उन्होंने सभी युवाओं से अपील की है जिला मुख्यालय में होने वाले प्रदर्शन में अत्यधिक संख्या में भाग लेकर अपनी शक्ति व सामर्थ का परिचय दें।

## एक नजर

# यूनियन के चुनाव कराए जाने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**टनकपुर।** मां शारदा खनन ट्रक एसोसिएशन से जुड़े वाहन स्वामियों ने उपजिलाधिकारी आकाश जोशी को ज्ञापन सौप कर यूनियन के चुनाव कराए जाने की मांग की है।



सोमवार को खनन से जुड़े वाहन स्वामियों ने एसडीएम को दिया गये ज्ञापन में बताया कि मां शारदा खनन ट्रक एसोसिएशन टनकपुर का कार्यकाल जो कि तीन वर्ष का था, वर्तमान में समाप्त हो चुका है। कहा कि वर्ष 2025–26 के लिए संगठन का चुनाव करना नितांत आवश्यक है। इस संबंध में वाहन स्वामियों ने यूनियन के चुनाव कराए जाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के लिए एसडीएम से मांग की है। एसडीएम को ज्ञापन देने के दौरान जगदीश चंद्र, नारायण चंद, जितेंद्र चंद, दिनेश चंद, विशाल चंद, राकेश चंद्र, अमित चंद, मदन जोशी, किशन चंद, रोहित चंद, सुमित चंद, जगदीश सिंह, मोहम्मद अमीन, शहादत हुसैन, मोहम्मद सलमान, पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष नदीम हुसैन, जाबिर हुसैन, शेहरम, रियासत हुसैन, नजीर हुसैन, इकबाल हुसैन आदि मौजूद रहे।

# रक्तदान शिविर में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत का किया स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** स्वास्थ्य केंद्र जसपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में आयोजित स्वास्थ्य सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत निशुल्क शिविर में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री व सांसद तीरथ सिंह रावत ने नि:शुल्क रक्त दान शिविर में मौके पर मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं /जनप्रतिनिधियों/क्षेत्रीय नागरिकों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया।



सोमवार को स्वास्थ्य केंद्र जसपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में आयोजित स्वास्थ्य सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत निशुल्क शिविर में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज पाल, भाजपा उपाध्यक्ष विनीत चौहान के साथ शिविर और अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान सरकार द्वारा जनता को दी जा रही चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराने के चिकित्सा अधीक्षक धीरेंद्र गहलोत को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अस्पताल में प्रतिदिन मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर धीरेंद्र मोहन गहलोत ने अस्पताल में कुछ और विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती करने एवं अस्पताल का उच्चारण कर 50 बेड बनाने की मांग भी रखी। पूर्व मुख्यमंत्री ने शीघ्र ही डॉक्टरों की समस्याओं को दूर करने का भरोसा दिया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मनोज पाल, युवा जिला उपाध्यक्ष विनीत चौहान, भाजपा नेता डॉक्टर सुदेश, वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेंद्र सिंह, नगर अध्यक्ष राजकुमार, महामंत्री रवि मणि, महिला नेत्री अनीता पवार, अशोक खन्ना, भाजपा नेता सुधीर ,डॉ धीरेंद्र कुमार समेत भाजपा कार्यकर्ताओं / दर्जनों क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।

# विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया

शाह टाइम्स संवाददाता

**टनकपुर।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंपावत के निर्देश पर सोमवार को उपजिला चिकित्सालय टनकपुर में विश्व रोगी सुरक्षा दिवस व विश्व अल्जाइमर दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों व अन्य सभी प्रकार के उपचारों के लिए आए लोगों को अल्जाइमर से ग्रसित व्यक्तियों के सम्बन्ध में उसके लक्षणों , कारणों और उससे बचाव कैसे हो इस संदर्भ में विस्तार पूर्वक विधिक जानकारी देकर जागरूक किया गया।




पी एल वी .अधिकार मित्र अमित कुमार के द्वारा महिलाओं एवं पुरुषों को स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने और शारीरिक श्रम करने के लिए प्रेरित किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सीएमएस टनकपुर डाक्टर घनश्याम तिवारी ने उपस्थित लोगों को अल्जाइमर रोग के सम्बंध में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए अवगत कराया गया। साथ ही बचाव के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि इसका अभी तक उपचार संभव नहीं हो पाया है बस केवल सावधानी और व्यस्त रहना , हंसना , बोलना , स्वयं को सामान्य बनाए रखना एकांत से दूर रहना पढ़ना यही सब उपाय है। मस्तिष्क को शून्य में जाने रोकना ही समझदारी है। वहीं परिवार के सदस्यों को भी इस प्रकार के व्यक्ति से सौहार्द बनाए रखना,बोलते– चालते रहना चाहिए। ऐसे व्यक्ति को अकेला न छोड़ें इन्हीं सब सावधानियों से ही अल्जाइमर मरीज को सुरक्षित रखा जा सकता है। कार्यक्रम का आयोजन अधिकार मित्र अजय गुरूरानी, किरन गहतोड़ी, राधिका अधिकारी,किरन जोशी, ऋतु महर व अमित कुमार द्वारा किया गया। जागरूकता शिविर के दौरान डॉक्टर ललित मोहन रखोलिया, सपना काम्बोज, सीनियर फार्मेसिस्ट जगदीश कुवंर सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मांग को लेकर खनन व्यवसाइयों ने सीएम को भेजा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**टनकपुर।** मां शारदा खनन ट्रक एसोसिएशन के अध्यक्ष अमन ठाकुर के नेतृत्व में खनन व्यवसाईयों ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारी जीवन सिहं नेगी को दिया है।



प्राप्त समाचार के अनुसार सोमवार को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन में खनन से जुड़े व्यासाइयों ने शारदा खनन गेट में विभिन्न प्रकार की आ रही समस्याओं के निवारण की मुख्यमंत्री से मागं की है। ज्ञापन में वाहन स्वामियों ने शारदा खनन गेट को जल्द से जल्द सुचारु किया जाने की भी मांग की है। बताया कि वन विकास निगम द्वारा जो रॉयल्टी दर दी जा रही है उसके सापेक्ष प्राइवेट पट्टो की रॉयल्टी दर में 50% से भी ज्यादा का अंतर है। जिससे हर वर्ष वन विकास निगम में चलने वाले वाहन और उनसे जुड़े हजारों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। इसके अलावा अपर स्टीम नायकगोठ गेट खोले जाने की मांग की गई है। ज्ञापन में खनन व्यवसाययों ने बताया कि नायकगोठ गेट विगत 4 सालों से बंद है। जिससे स्थानीय लोगों के रोजगार में भी गिरावट आई है। खनन न किये जाने से तीन से चार गांव में भूमि का कटाओ भी हो रहा है। इस संदर्भ में क्षेत्र के खनन व्यवसाययों ने मुख्यमंत्री से समस्याओं का समाधान किए जाने की पुरजोर मांग की है। ज्ञापन देने के दौरान नसीब हुसैन, दीपक पचोली, शहरोज हुसैन, रियासत हुसैन, शहादत हुसैन सहित आदि खनन व्यवसायी मौजूद रहे।

# जनता मिलन कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने सभी 47 शिकायतों का किया मौके में ही निस्तारण

शाह टाइम्स संवाददाता

**चंपावत।** सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिलाधिकारी के जन मिलन कार्यक्रम में लोगों द्वारा विभिन्न स्थानों से आकर 47 समस्याएं दर्ज की गई। जिसमें अधिकांश देवीय आपदा से संबंधित थी। जिसमें कई लोगों के मकान को नुकसान पहुंचने के बाद भी अभी तक उन्हें कोई मदद नहीं मिली है।



अधिकारी निर्धारित समय में समस्याओं का करें : डीएम

जिलाधिकारी ने प्रत्येक समस्या के बारे में फरियादियों से पूरी जानकारी लेने के बाद उसके निस्तारण की समय सीमा निर्धारित की। आपदा से क्षतिग्रस्त मकानो का स्पॉट में जाकर अधिकारी सर्वेक्षण कर अपनी रिपोर्ट जिला प्रशासन को देंगे, ताकि उन्हें तत्काल राहत सहायता दी जा सके। डूंगरा सेठी में चल रहे पेयजल संकट का निवारण करने के लिए उन्होंने आज ही जल संस्थान के अधिकारियों को वहां पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। एक आवेदक द्वारा गरीबी के कारण कर्ज माफी हेतु आवेदन किया गया था। जिस पर जिलाधिकारी का कहना था कि यह कार्य मुख्यमंत्री राहत सहायता कोष से ही संभव है। जिसके लिए अलग से आवेदन किया जाना चाहिए। जिलाधिकारी ने राशन कार्ड एवं अन्य छोटी–मोटी समस्याओं का अधिकारियों से दो दिन में समाधान करने को कहा तथा यह भी सुनिश्चित करने को कहा जो भी कार्य हो वह नियम के दायरे में ही होना चाहिए। पाड़ासुशेरा के फरियादी द्वारा शिविर लाइन का निर्माण तथा सोलर लाइट की सुविधा दिए जाने की मांग की। आज जन मिलन कार्यक्रम में पहली नवरात्रि होने के बावजूद भी दूर दराज क्षेत्रों से लोग बड़ी संख्या मे आए हुए थे।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों से लोग बड़ी उम्मीदों के साथ अपना समय व धन खर्च कर यहां आते हैं। उनकी समस्याओं का शीघ्र निराकरण कर उन्हें यह अहसास कराया जाना चाहिए कि जिला प्रशासन उनकी समस्याओं के प्रति गंभीर है। जन मिलन कार्यक्रम में सीडीओ डॉ जीएस खाती,एसडीएम अनुराग आर्या, सीएमओ डा. देवेश चौहान, सीईओ मेहरबान सिंह बिष्ट, सीवीओ डा. वसुंधरा गरब्याल, डीडीओ दिनेश दिगारी सहित सभी अधिकारी मौजूद थे।

# समिति की बैठक में पेश की गई आय–व्यय वार्षिक रिपोर्ट

■ विधायक ने किया सहकारी समिति के प्रथम इलेक्ट्रॉनिक शोरूम का उद्घाटन



शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** क्षेत्र की प्रसिद्ध बहुउद्देशीय जसपुर फीका पार किसान सेवा सहकारी समिति लिमिटेड द्वारा वार्षिक सामान्य निकाय बैठक 2025 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिसमें समिति द्वारा पेश किए गए आय–व्यय वार्षिक रिपोर्ट के साथ–साथ वर्ष भर में समितियां द्वारा की गई उपलब्धियां को प्रदर्शित किया गया ।

समिति के एमडी अरुण कुमार सोलंकी के सफल निर्देशन में समिति को केंद्र /राज्य में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु राष्ट्रपति, राज्यपाल, उत्तराखंड मुख्यमंत्री एवं मान्य सहकारिता मंत्री द्वारा सम्मानित किए जाने पर उनकी प्रशंसा की गई । उसके पश्चात समिति के इलेक्ट्रॉनिक शोरूम का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक आदेश चौहान व एससी एसटी आयोग अध्यक्ष मुकेश कुमार द्वारा सामूहिक रूप से फीता काट कर किया गया।

मीडिया से बातचीत में सहकारी समिति के युवा, कर्मठ एमडी अरुण सोलंकी ने बताया कि समिति के कर्मचारी/ किसानों को घरेलू उपयोग में आने वाले वह बेटियों की शादी में प्रयोग होने वाले समस्त इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं को बाजार से काफी कम दामों पर उपलब्ध होंगे, इससे समिति की आय तो बढ़ेगी साथ ही किसानों को भी इसका आर्थिक लाभ मिलेगा। इस संबंध में किसानों को बेहतर कंपनी से कम मूल्य पर उत्पाद दिलाने के लिए समिति का सर्वप्रथम टाटा समूह की उत्कृष्ट ब्रांड राष्ट्रीय ब्रांड क्रोमा के साथ समझौता हुआ है। हमारे इलेक्ट्रॉनिक शोरूम पर एसी, कूलर, फ्रिज, टीवी, गीजर तमाम प्रकार के उपकरण बाजार से काफी कम मूल्य पर उपलब्ध होंगे। टाटा क्रोमा कंपनी के अलावा समिति एचपी, डेल ब्रांड के लैपटॉप समेत तमाम इलेक्ट्रॉनिक उपकरण समिति बाजार से सस्ते दामों पर किसानों को बेचेगी। इसके अलावा समिति में जो किसान मेंबर हैं उनको सहकारी समिति पासबुक, चेक बुक व दो गारंटर ( समिति से जुड़े सदस्य) देने पर उक्त सामान किस्तों पर भी उपलब्ध होगा। भविष्य में समिति द्वारा मोटरसाइकिल व अन्य उत्पादों को भी समिति के शोरूम पर बेचने की योजना है, जिससे किसानों को सस्ते दामों पर अच्छी क्वालिटी का सामान उपलब्ध हो सके। उन्होंने बताया कि फीका पार बहुउद्देशीय सहकारी समिति ने जो इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम तैयार किया है यह सहकारी समिति का पहला शोरूम होगा।

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक आदेश चौहान, अनुसूचित जाति जनजाति मोर्चे के अध्यक्ष मुकेश कुमार, जिला पंचायत सदस्य नईम प्रधान, चरणजीत सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि तीरथ सिंह, ग्राम प्रधान इल्मा परवीन, शमीम दूधिया, अकील अहमद, साफिन चौधरी,,अजलान खान, ब्लॉक प्रधान संघ अध्यक्ष गुरमीत सिंह, भाकियू के प्रेम सिंह सहोता सनी प्रधान समेत सैकड़ो की संख्या में समिति से जुड़े सदस्य व क्षेत्रीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उधम सिंह नगर के तत्वावधान में विश्व अल्जाइमर दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

सोमवार को बाजपुर उप जिला चिकित्सालय के सभागार में प्रभारी सीएमएस डॉक्टर पीडी गुप्ता की अध्यक्षता में विश्व अल्जाइमर दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन कर पराविधिक कार्यकर्ता मोहम्मद शहीद ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उधम सिंह नगर की ओर से मिलने वाली निशुल्क विधिक सेवाओं एवं राष्ट्रीय नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 व स्थाई लोक अदालत के विषय में जानकारी दी।

पीडी गुप्ता ने बताया कि अल्जाइमर को ज्यादातर लोग भूलने की बीमारी के नाम से जानते हैं, अल्जाइमर एक तरह का मेंटल डिसऑर्डर है। समय रहते इस बीमारी की पहचान करना बेहद जरूरी होता है वरना आपकी मेंटल हेल्थ और फिजिकल हेल्थ बुरी तरह से डैमेज हो सकती है। दवाओं और थोड़ी बहुत सावधानी बरत कर इस बीमारी के लक्षणों को काफी हद तक कंट्रोल किया जा सकता है। इस मौके पर डॉक्टर एकता तिवारी, डा. विनय, डा. शाहू, डा. विनीत आदि मौजूद रहे।

# रुद्रपुर शहर में त्योहारी सीजंन में ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत

■ महापौर ने पुलिस प्रशासन और व्यापारियों के साथ बनाई रणनीति

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** शहर में हर साल त्योहारी सीजन के दौरान बढ़ते ट्रैफिक जाम और अतिक्रमण की समस्या से निपटने के लिए नगर निगम ने इस बार कमर कस ली है। सोमवार को नगर निगम कार्यालय में महापौर विकास शर्मा और नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें पुलिस, यातायात विभाग, सीपीयू, व्यापार मंडल और ठेली–फड़ व्यापारियों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य दीपावली और अन्य आगामी त्योहारों के दौरान शहर में सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करना और बाजार क्षेत्रों में भीड़भाड़ को नियंत्रित करना रहा। बैठक में सभी पक्षों से सुझाव आमंत्रित किए गए और विस्तृत चर्चा के बाद कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में तय किया गया कि इस बार दीपावली पर मुख्य बाजार में लगने वाले अस्थायी ठेली–फड़ बाजार को गांधी पार्क में स्थानांतरित किया जाएगा। महापौर ने स्पष्ट किया कि बाजार में दुकान लगाने की अनुमति केवल स्थानीय पंजीकृत व्यापारियों को ही दी जाएगी। बाहरी व्यापारियों को इस बार दुकान लगाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। नगर निगम द्वारा सभी अस्थायी व्यापारियों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया गया है। बिना पंजीकरण के दुकान लगाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उनका सामान जब्त किया जाएगा। रजिस्ट्रेशन के उपरांत दुकानों का आवंटन लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा ताकि पारदर्शिता बनी रहे। त्योहारों को देखते हुए मुख्य बाजार क्षेत्र में शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक चारपहिया वाहनों की नो एंट्री लागू की जाएगी। साथ ही, गांधी पार्क में व्यापारियों और आम नागरिकों के लिए वैकल्पिक पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। भीड़भाड़ को नियंत्रित करने और ट्रैफिक सुचारू रखने के लिए बाजार की सड़कों के दोनों ओर सफेद पट्टी लगाई जाएगी, जिसके बाहर न तो वाहन पार्क किए जा सकेंगे और न ही कोई अतिक्रमण सहन किया जाएगा। संयुक्त टीम मंगलवार शाम को पूरे बाजार क्षेत्र का सर्वे और चिन्हीकरण करेगी, जिसमें पुलिस और व्यापार मंडल की टीम भी शामिल रहेगी। यह अभियान काशीपुर बाइपास रोड से शुरू किया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि बार–बार हिदायत देने के बावजूद कई दुकानदार पुन: अतिक्रमण कर लेते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है। इससे निपटने के लिए नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम बनाई जाएगी, जो प्रतिदिन बाजार क्षेत्रों और प्रमुख सड़कों का निरीक्षण करेगी। जहां भी ठेली–फड़ या दुकानों का सामान सड़कों पर पाया जाएगा, वहां त्वरित कार्रवाई करते हुए चालान और सामान जब्ती की जाएगी। महापौर विकास शर्मा ने बैठक में कहा कि शहर में यातायात जाम की समस्या दिनों–दिन गंभीर होती जा रही है। विशेषकर त्योहारी सीजन में यह समस्या विकराल रूप ले लेती है। नगर निगम इसे नियंत्रित करने के लिए लगातार प्रयासरत है और इस बार सभी संबंधित विभागों एवं व्यापार मंडलों को विश्वास में लेकर ठोस रणनीति बनाई गई है। उन्होंने कहा कि जो व्यवस्थाएं बनाई जा रही हैं, वे केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि जनहित में हैं। बैठक में नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, सीओ प्रशांत कुमार, यातायात निरीक्षक नरेन्द्र कुमार आर्य, चौकी इंचार्ज नवीन बुधानी, देवेन्द्र कुमार, देवभूमि व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष गुरमीत सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री मनोज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप राव, मुख्य बाजार के पार्षद चिराग कालड़ा, पारस चुघ, राजेश कामरा, राजेन्द्र कुमार, राजेश कुमार, संदीप कुमार, मनोज कुमार और प्रमोद कुमार सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे।



# छात्र संघ चुनावों की आचार संहिता के चलते छात्रों ने फिलहाल किया अपना आंदोलन स्थगित

शाह टाइम्स संवाददाता

**लोहाघाट।** राजकीय आदर्श महाविद्यालय, देवीधुरा की शिक्षा संबंधी समस्याओं और लंबित मांगों को लेकर बीते 20 दिनों से चल रहा धरना–प्रदर्शन आज लोकतांत्रिक परंपराओं और आचार संहिता का सम्मान करते हुए फिलहाल स्थगित कर दिया गया। धरना स्थगित करने से पूर्व आंदोलनरत छात्रों ने अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी पाटी नितेश डांगर को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से छात्रों ने प्रशासन से स्पष्ट कहा कि यदि चुनाव उपरांत भी इन न्यायोचित मांगों पर ठोस कार्यवाही नहीं की जाती है तो यह संघर्ष और भी व्यापक व तीव्र रूप में पुन: प्रारंभ किया जाएगा। आंदोलन के दौरान छात्रों की अनुशासित एकजुटता, अभिभावकों व क्षेत्रीय जनमानस का समर्थन और पूर्व छात्रों की भागीदारी ऐतिहासिक रही। यह संघर्ष व्यक्तिगत नहीं बल्कि संपूर्ण पर्वतीय क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाने का संकल्प है। इस आंदोलन का नेतृत्व महाविद्यालय के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष देवेंद्र भट्ट एवं पूर्व जिला संयोजक, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चंपावत, सुदीप चम्याल द्वारा किया गया था।

# किशनपुर छोई के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से लगाई मालिकाना हक की गुहार



शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** ग्राम किशनपुर पड़ाव छोई,ग्राम पटरानी और मालधन के ग्रामीणों ने वर्षों से लंबित अपनी सबसे बड़ी मांग 'भूमि पर मालिकाना हक' को लेकर एक बार फिर आवाज बुलंद की है। इस बार ग्रामीणों ने भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि इंदर रावत के नेतृत्व में देहरादून पहुंचकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्य सचिव को तत्काल निर्देश दिए हैं और पूरे प्रकरण का गहन सर्वेक्षण कर स्थायी समाधान निकाला जाए।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी पीड़ा रखते हुए बताया कि किशनपुर पड़ाव छोई गांव की लगभग 20 एकड़ भूमि पर कई परिवार वर्ष 1918 से पीढ़ी दर पीढ़ी निवासरत हैं। उन्होंने इस भूमि को अपने श्रम और समर्पण से सींचा है। यहाँ घर बनाए, बच्चों का पालन–पोषण किया, और धीरे–धीरे एक संपूर्ण बस्ती का स्वरूप दिया। उन्होंने बताया कि इस गांव के करीब 80 प्रतिशत निवासी अनुसूचित जाति से आते हैं और सामाजिक व आर्थिक रूप से बेहद कमजोर हैं। बावजूद इसके, उन्हें अब तक जमीन पर मालिकाना हक नहीं दिया गया है।प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि ग्रामीणों की पीढ़ियाँ यहां जन्मीं, पली–बढ़ीं,लेकिन आज भी स्थायी निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र जैसे बुनियादी दस्तावेजों के लिए दर–दर भटकना पड़ता है। कहा कि सरकारी दस्तावेजों में उनके नाम दर्ज हैं, उन्हें लोकसभा और विधानसभा चुनाव में मतदान का अधिकार भी प्राप्त है, लेकिन ग्राम पंचायत चुनावों में उन्हें अब तक मताधिकार नहीं दिया गया। इससे उनके अधिकारों का हनन तो हो ही रहा है, साथ ही वे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से भी वंचित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए मुख्य सचिव को स्पष्ट निर्देश दिए कि जल्द से जल्द सर्वे कराकर स्थायी समाधान निकाला जाए ताकि वर्षों से उपेक्षित ग्रामीणों को न्याय मिल सके।

# आयुर्वेद का शंखनाद पुनः गुंजायमान

## स्वर्णिम क्षण की ऐतिहासिक पुनरावृत्ति

### आचार्य बालकृष्ण विश्व रैंकिंग में शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में पुनः सम्मिलित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** आचार्य बालकृष्ण को अमेरिका के प्रतिष्ठित स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के शोध समूह और विश्वप्रसिद्ध प्रकाशक एल्सेवियर द्वारा जारी विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में पुनः सम्मिलित किया गया है।

इस उपलब्धि की ऐतिहासिक पुनरावृति, आचार्य बालकृष्ण के लिए व्यक्तिगत रूप से ही नहीं, अपितु पतंजलि, आयुर्वेद एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष के लिए हर्ष का विषय है। भारत के सनातन ज्ञान को साक्ष्य-आधारित वैज्ञानिक दृष्टिकोण के धरातल पर प्रमाणित कर आचार्य बालकृष्ण ने सिद्ध कर दिया है कि अगर प्रबल इच्छाशक्ति हो, तो कोई भी कार्य असंभव नहीं है। उनके द्वारा किए गए शोध कार्य, विश्व भर के वैज्ञानिकों के लिए प्राकृतिक जड़ी-बूटियों से जुड़ें भविष्य के शोध कार्यों के लिए मार्ग प्रशस्त करेंगे।

आचार्य की अनुसन्धानीय एवं आयुर्वेदिक कार्यों में गहन विशेषज्ञता एवं उनके गतिशील मार्गदर्शन से प्रेरणा लेकर 300 से अधिक शोध लेखों का प्रकाशन अंतर्राष्ट्रीय रिसर्च जर्नल्स में किया गया है। आचार्य के सतत निर्देशन में पतंजलि द्वारा 100 से अधिक साक्ष्य-आधारित आयुर्वेदिक औषधियों को विकसित किया गया है, जिससे जनमानस को आयुर्वेदिक औषधियों का एक सुगम एवं एलोपैथिक दवाइयों का दुष्प्रभाव रहित विकल्प उपलब्ध हुआ है। योग और आयुर्वेद पर 120 से अधिक पुस्तकों और 25 से अधिक अप्रकाशित प्राचीन आयुर्वेद पांडुलिपियों का लेखन उनके आयुर्वेद के प्रति आस्था एवं समर्पण का परिणाम है।

प्राकृतिक जड़ी-बूटियों को हर्बल एनसाइक्लोपीडिया के माध्यम से सूचीबद्ध कर भविष्य की वैज्ञानिक




पीढ़ी को एक समग्र कोष प्रदान करने की उनकी दूरदृष्टि को विश्वभर के वैज्ञानिक समूहों द्वारा सराहा गया है। उत्तराखंड के मालागांव स्थित हर्बल वर्ल्ड के माध्यम से जनमानस के समक्ष प्रस्तुत कर आचार्य ने इसे एक ज्ञानवर्धक स्वरुप दिया है, जोकि आगंतुकों के मध्य जागरूकता जगा रहा है। इस अवसर पर योग ऋषि स्वामी रामदेव ने कहा कि आचार्य बालकृष्ण ने न केवल आयुर्वेद को वैज्ञानिक प्रमाणों के साथ स्थापित किया है, बल्कि विश्वभर के शोधकर्ताओं के लिए आयुर्वेद में शोध के नए द्वार भी खोले हैं।

उन्होंने आगे कहा कि विश्व के शीर्ष वैज्ञानिकों में सम्मिलित किया जाना इस बात का प्रमाण है कि प्राकृतिक जड़ी-बूटियों और सनातन आयुर्वेदिक ज्ञान में अपार संभावनाएं छिपी हैं। स्वामी ने इसे भारत की अनुसंधान क्षमता और वैश्विक नेतृत्व की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। इस अवसर पर पतंजलि के प्रमुख वैज्ञानिक डा. अनुराग वार्ष्णेय ने कहा कि यह हम सबका सौभाग्य है कि हमें आचार्य जी के सानिध्य में कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ है। आयुर्वेद को आधुनिक प्रमाणीकरण के माध्यम से विश्व पटल पर स्थापित करने के अनुकरणीय शोध कार्य एवं उनके समर्पण को हम बारम्बार नमन करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि आचार्य बालकृष्ण का यह योगदान हमें प्रेरित करता है कि हम अपने सनातन ज्ञान एवं आधुनिक विज्ञान का समन्वय स्थापित कर स्वस्थ, उज्जवल एवं आत्मनिर्भर भारत की मजबूत आधारशिला का निर्माण करें।

# सचिवालय में आयोजित हेल्थ कैंप का 450 लोगों ने उठाया लाभ

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत सविवालय में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग तथा सचिवालय संघ के तत्वाधान में एक विशेष स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने किया । शिविर में कुल 450 लोगो ने पंजीकरण करा स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। 93 लोगों ने रक्तदान भी किया । इस मौके पर



मुख्य सचिव ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सचिवालय में आयोजित स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर स्वास्थ्य विभाग एवं सचिवालय संघ का एक महत्त्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी सचिवालय कर्मियों और उनके परिजनों को इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ लेने का अनुरोध किया। इस शिविर में स्वास्थ्य विभाग एवं दून मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ चिकित्सकों, पैरा मेडिकल स्टाफ, टैक्नीशियन के द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई। शिविर में विभिन्न प्रकार के चिकित्सयीय परीक्षण और दवा वितरण की निःशुल्क व्यवस्था भी की गई। शिविर में फीजिशियन, सर्जन, ईएनटी, हड्डी रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, नेत्र रोग, त्वचा रोग, मनोचिकित्सा, बाल रोग तथा फिजियोथेरेपी से संबधित विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस मौके पर रक्त एवं मधुमेह से संबंधित 396 जांचे की गई तथा 175 ईसीजी परीक्षण भी किये गये। इस मौके पर सचिव स्वास्थ्य डॉ आर राजेश कुमार, स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ सुनीता टम्टा, निदेशक डॉ शिखा जंगपांगी, दून मेडिकल कालेज की प्राचार्य डॉ गीता जैन, निदेशक चिकित्सा शिक्षा डॉ अजय आर्य, नोडल अधिकारी डॉ विमलेश जोशी, डॉ अमित शुक्ला, डॉ रवीन्द्र राणा, डॉ केसी पंत, डॉ अनिल आर्य, सहित सचिवालय संघ के अध्यक्ष सुनील लखेडा, महासचिव राकेश जोशी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## 46 लाख की हेरोइन के साथ एक गिरफ्तार

**देहरादून।** ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत उत्तराखंड एसटीएफ की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने नशे के तस्करों पर कड़ी कार्रवाई की है। एसटीएफ कुमाऊं यूनिट ने किच्छा पुलिस के साथ मिलकर एक ज्वाइंट ऑपरेशन में लगभग 152.39 ग्राम अवैध हेरोइन के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद की गई हेरोइन की कीमत करीब घ्46 लाख बताई जा रही है। एसटीएफ को सूचना मिली थी कि ऊधम सिंह नगर जिले में नशे का कारोबार बड़े पैमाने पर फैला हुआ है। इसी के आधार पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ नवनीत भुल्लर के निर्देश पर एएनटीएफ की कुमाऊं यूनिट के प्रभारी निरीक्षक पावन स्वरूप के नेतृत्व में टीम ने किच्छा कोतवाली पुलिस के साथ मिलकर सोमवार शाम को लालपुर में एक संयुक्त कार्रवाई की। इस दौरान संतोख सिंह पुत्र संता सिंह, निवासी लालपुर, गुरुद्वारे के पास, को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से 152.39 ग्राम अवैध हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह यह हेरोइन बरेली से लाकर ऊधम सिंह नगर में महंगे दामों पर बेचता था। एसटीएफ टीम को पूछताछ में कई अन्य ड्रग तस्करों के नाम भी पता चले हैं, जिन पर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।एसएसपी एसटीएफ नवनीत भुल्लर ने जनता से अपील की है कि नशे से दूर रहें और किसी भी तरह के लालच में आकर नशा तस्करी में शामिल न हों।

## अवैध निर्माण पर एमडीडीए की बड़ी कार्रवाई, ऋषिकेश में बहुमंजिला भवन सील

**देहरादून।** मसूरीख्रदेहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने ऋषिकेश में अवैध निर्माण पर सखघ्त कार्रवाई की है। भुवन रावत के गली नंबर 9, निर्मल बाग, ब्लॉकख्रबी, ऋषिकेश में किए जा रहे अवैध बहुमंजिला निर्माण को सोमवार को एमडीडीए टीम ने सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान सहायक अभियंता शशांक सक्सेना, अवर अभियंता मनीष डिमरी, अमित भारद्वाज, सुपरवाइजर बीरेंद्र खंडूरी, सतीश कुमार सहित पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा। एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा प्राधिकरण की प्राथमिकता है कि शहर और आसपास के क्षेत्रों में बिना अनुमति के हो रहे निर्माणों को रोका जाए। नियमों के विरुद्ध निर्माण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आमजन को भी सलाह है कि किसी भी निर्माण से पहले एमडीडीए से स्वीकृति अवश्य लें। एमडीडीए ने स्पष्ट किया है कि ऐसे अवैध निर्माणों पर भविष्य में भी इसी प्रकार की सखघ्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## ऑटो गैलरी में स्कूटी की खरीदारी पर लक्की ड्रा में मिला आई फोन

**ऋषिकेश।** जीएसटी में कटौती और नवरात्रि के शुभ अवसर पर देहरादून रोड स्थित ऑटो गैलरी होंडा ऋषिकेश में सोमवार को ग्राहकों की भीड़ उमड़ी। इस दौरान ऑटो गैलरी की तरफ से ग्राहकों को एलईडी टीवी, फ्रीज, वॉशिंग मशीन, इलैक्ट्रिक कैटल, गैस चूल्हा, स्क्रैच कूपन व अन्य उपहार ग्राहकों को प्रदान किए गए। ऋषिकेश स्थित गंगानगर निवासी कृतिदा को स्कूटी की खरीदारी में लक्की ड्रा में उपहार स्वरूप आई फोन भी मिला। ऑटो गैलरी के संचालक अलक्षेंद्र सिंह ने लोगों आभार जाते हुए कहा कि यह जन विश्वास ही है, जिसके चलते लगातार खरीदारी को गैलरी में स्थानीय व दूर-दराज क्षेत्र से लोग पहुंच रहे हैं। गैलरी ग्राहकों की हर उम्मीद पर पूरी तरह से खरी उतर रही है और इसे पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। कहा कि इस तरह का प्यार ग्राहकों को बना रहे, तो भविष्य में भी उनकी सुविधा के लिए बेहतर योजनाएं गैलरी लाती रहेगी।

## रक्तदान जरूरतमंदों के लिए जीवन रक्षा में बड़ा योगदानः बंसल

**देहरादून ।** भारतीय जनता पार्टी महानगर देहरादून के दो मंडल करणपुर मंडल एवं सरदार पटेल मंडल में सेवा पखवाड़े के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद नरेश बंसल उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने सभी रक्तदान करने वाले युवा साथियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनको धन्यवाद किया। राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प के अनुसार विकसित भारत को साकार करने के में आपका अहम योगदान रहेगा आने वाले समय में आप सभी युवा साथियों के माध्यम से नई ऊर्जा के साथ देश लगातार आगे बढ़ता रहेगा।

## यूकेएसएसएससी पेपर लीकः एनएसयूआई ने फूंका पुतला, आंदोलन की चेतावनी

**देहरादून।** उत्तराखंड में लगातार हो रहे पेपर लीक के विरोध में एनएसयूआई ने जोरदार प्रदर्शन किया। एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष हिमांशु रावत के नेतृत्व में डीएवी कॉलेज परिसर में उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग का पुतला दहन किया गया। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। एनएसयूआई ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार और आयोग की निष्क्रियता के कारण युवा लगातार शोषण का शिकार हो रहे हैं।

# सीएम ने व्यापारियों से लिया जीएसटी स्लैब पर फीडबैक

### आयोजित किया जा रहा जागरूकता कार्यक्रम व्यापारियों से बोले सीएमः घटे जीएसटी का लाभ आम जन तक पहुंचाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को देहरादून के प्रेमनगर में आयोजित श्ळैज बचत उत्सवश कार्यक्रम में शामिल हुए। यह आयोजन देशभर में जीएसटी दरों में की गई कटौती को लेकर जन जागरूकता फैलाने और जनता को इसके प्रत्यक्ष लाभों से अवगत कराने के उद्देश्य से किया गया। मुख्यमंत्री धामी ने सोमवार शाम देहरादून के प्रेमनगर स्थानीय बाजार पहुंचकर व्यापारियों से मुलाकात कर नए जी.



एस.टी स्लैब के बारे में फीडबैक लिया एवं व्यापारियों से आम जन को भी घटे हुए जी.एस.टी के बारे में जानकारी देने का आग्रह किया।

**मुख्यमंत्री ने जनता से किया संवाद**

मुख्यमंत्री ने विभिन्न प्रतिष्ठानों में जाकर दुकानदारों से फीडबैक भी लिया। मुख्यमंत्री ने व्यापारियों से स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा हम स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देकर भारत के लोगों और भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करें।

**मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में आर्थिक सुधार और जनकल्याण एक साथ चल रहे हैं। जीएसटी दरों में कमी से हर वर्ग को राहत मिली है गृहिणियों से लेकर छोटे व्यापारियों तक, हर कोई इससे लाभान्वित हो रहा है।**

मुख्यमंत्री ने बड़ी संख्या में जनता से मुलाकात कर उनको घटे हुए श नेक्स्ट जनरेशन जी.एस.टीश के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने आम जनता को राहत पहुंचाने के लिए कई आवश्यक उत्पादों और सेवाओं पर जी.एस.टी स्लैब में कमी की है। जिसका सीधा लाभ देश के आम जनता को मिलेगा।

# हैल्थ कैंप का मरीजों ने उठाया लाभ

**देहरादून।** शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन गढ़ी डाकरा में नव चेतना इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज व फ्रांसिस ग्रुप सेवार्थ ट्रस्ट की और से आयोजित फ्री मेडिकल कैंप का शुभारंभ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने रिबन काट कर किया। इस अवसर पर कैंप में महिला रोग, बाल रोग विशेषज्ञ, नेत्र चिकित्सा, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मरीजों का मुफ्त परीक्षण व जांच की गई और खून की जांच, नजरों की जांच भी हुई। करीब मरीजों ने इस अवसर का लाभ उठाते हुए अपनी चित्सकीय जांचें करवाई।

धस्माना ने कहा कि दुनिया में अगर सबसे उत्तम कोई धर्म है तो वह मानव धर्म है और अगर सबसे बड़ी कोई पूजा इबादत अरदास या प्रेयर है तो वह मानव सेवा है। धस्माना ने कहा कि नव चेतना इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज व फ्रांसिस ग्रुप सेवार्थ ट्रस्ट ने जो गढ़ी डाकरा में शुरुआत की है वो अनुकरणीय है क्योंकि इस पूरे क्षेत्र में मिलिट्री अस्पताल के अलावा कोई अस्पताल नहीं है और इतनी बड़ी आबादी को अब यह नया चिकित्सा संस्थान मिलने का रहा है यह निश्चित रूप से इस क्षेत्र का सौभाग्य है।

इस अवसर पर नव चेतना इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के सचिव राहुल अग्रवाल, शिक्षाविद डॉ. सुनील अग्रवाल, फ्रांसिस ग्रुप सेवार्थ ट्रस्ट के सोनू फ्रांसिस, राजेश उनियाल, वीरेश शर्मा, सुशीला शर्मा, नजमा खान, डॉ. अजय टम्टा, डॉ. हर्षिता शर्मा, डॉ. शाइन, डॉ. चित्रा, डॉ. मनमोहन, नव चेतना इंस्टीट्यूट की प्रधानाचार्य गुंजन वर्मा, नर्सिंग विभागाध्यक्ष डॉ. दीपक बड़ौनी, आशी यादव, काजल व हिमांशु तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# युवा कांग्रेस ने अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष का पुतला फूंका

**देहरादून।** उत्तराखंड में लगातार हो रहे पेपर लीक मामलों को लेकर उत्तराखंड युवा कांग्रेस में भारी आक्रोश है। इसी क्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष विनीत प्रसाद भट्ट के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष का पुतला फूंका और जोरदार प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन हाल ही में पटवारी/बीडीओ/वीडीओ भर्ती की लिखित परीक्षा के पेपर लीक होने की खबर के बाद किया गया। युवा कांग्रेस ने आरोप लगाया कि पेपर लीक होने से मेहनती और ईमानदार छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नकल माफियाओं पर लगाम लगाने के लिए सख्त नकल विरोधी कानून लाने की बात कही थी, लेकिन सच्चाई यह है कि सरकार की मिलीभगत से नकल माफिया लगातार सक्रिय हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष विनीत प्रसाद भट्ट ने कहा कि स्नातक स्तरीय परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट बाद ही प्रश्न पत्र परीक्षा केंद्रों से बाहर आ गए। उन्होंने मांग की कि इस मामले में तत्काल उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि युवाओं के भविष्य के साथ इसी तरह खिलवाड़ जारी रहा, तो युवा कांग्रेस प्रदेशव्यापी आंदोलन छेड़ेगी, जिसकी सारी जिम्मेदारी सरकार की होगी। इस दौरान प्रदर्शन में युवा कांग्रेस के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### डीएवी पीजी कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव को लेकर सौंपा ज्ञापन

**देहरादून।** डीएवी पीजी कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव की तिथि घोषित होने से पहले ही एनएसयूआई छात्र संगठन ने कड़ा रुख अपनाया है।कॉलेज के छात्रसंघ अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल के नेतृत्व में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कॉलेज के प्राचार्य को एक ज्ञापन सौंपा।

# पुलिस ने 36 लाख रुपये की नकदी के साथ दो को पकड़ा

**देहरादून।** रानीपोखरी पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक कार से 36 लाख रुपये नकद बरामद कर दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने वाहन को मोटर व्हीकल एक्ट के उल्लंघन में सीज कर दिया है और आयकर विभाग को सूचित कर दिया है।21 सितंबर को जब पुलिस महानिरीक्षक, गढ़वाल परिक्षेत्र राजीव स्वरूप के निर्देश पर चलाए जा रहे श्ऑपरेशन लगामश के तहत रानीपोखरी पुलिस थाना क्षेत्र में वाहनों की चेकिंग कर रही थी। भोगपुर रोड से गडूल जाने वाली सड़क के तिराहे पर पुलिस टीम ने एक सफेद रंग की मारुति एस-क्रॉस को रोका। कार में दो व्यक्ति सवार थे।

**यूजेवीएन लिमिटेड**

सं0 731 — दिनांक 22.09.2025

**निविदा तिथि विस्तार सूचना**

अपरिहार्यकारणों से निविदा सं0-05/यूजेवीएनलि0/अअ(अनुएवंउ0)/केपीएस/2025-26: कुल्हाल विद्युत गृह के अग्नि शमन उपकरणों की रिफिलिंग एवं अन्य सम्बन्धित कार्य हेतु खोलने एवं जमा करने की तिथियां निम्नवत विस्तारित की जाती है-
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि : 29.09.2025, 15.00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि: 30.09.2025, 11.00 बजे
निविदा की अन्य शर्तें पूर्ववत अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट"www.ujvnl.com"से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

अधिशासी अभियन्ता(अनु0 एवं उ0), कुल्हाल

" बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**कार्यालय सहायक अभियन्ता-तृतीय (वीजापुर) सिंचाई खण्ड, विकासनगर (डाकपत्थर) देहरादून**

पत्रांकः 479/स0अ0-तृतीय/सिं0ख0वि0/टी- 1, — दिनांक 19/09/2025

**निविदा सूचना संख्या - 02/स0अ0-तृतीय/2025-26**

मा0 राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा इस उपखण्ड के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु सीलबन्द निविदाए सिंचाई विभाग, उत्तराखण्ड में निम्नानुसार वांछित पंजीकृत श्रेणी के ठेकेदारों से दिनांक 03.10.2025 के अपरान्ह में 3:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आंमत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा अपरान्ह 3:30 बजे उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के सम्मुख खोली जायेगी, इस दिवस पर किन्ही कारणों से अवकाश घोषित होने पर निविदायें अगले कार्य दिवस पर खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य अदा करने पर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनांक 19.09.2025 से दिनांक 03.10.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में सायं 2:00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य+ 18% जी0एस0टी0 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की न्यूनतम श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जनपद देहरादून के विकासखण्ड सहसपुर में मुसन्दावाला नहर एवं कुलावों की मरम्मत कार्य। (रीच 1500.00 से 2500.00 मी0 तक) | 9000.00 | 500.00 + G.S.T.18% | 3 माह | 'ई' एवं उच्चतर |
| 2 | जनपद देहरादून के विकासखण्ड सहसपुर में डुगां नहर की मरम्मत कार्य। (रीच 0.00 से 2500.00 मी0 तक) | 9000.00 | 500.00 + G.S.T.18% | 3 माह | 'ई' एवं उच्चतर |
| 3 | जनपद देहरादून के विकासखण्ड सहसपुर में प0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी नहर की मरम्मत कार्य। (रीच 0.00 से 2500.00 मी0 तक) | 8000.00 | 500.00 + G.S.T.18% | 3 माह | 'ई' एवं उच्चतर |
| 4 | जनपद देहरादून के विकासखण्ड सहसपुर में कोटड़ा संतुर नहर की मरम्मत कार्य। (रीच 0.10 से 500.00 मी0 तक) | 9000.00 | 500.00 + G.S.T.18% | 3 माह | 'ई' एवं उच्चतर |
| 5 | Channelization work in Tons River near at Paras Ground In E.H.T. in Sahaspur Block. Job-1 | 10000.00 | 500.00 + G.S.T.18% | 3 माह | 'ई' एवं उच्चतर |
| 6 | Channelization work in Tons River near at Paras Ground In E.H.T. in Sahaspur Block. Job-2 | 10000.00 | 500.00 + G.S.T.18% | 3 माह | 'ई' एवं उच्चतर |
| 7 | Construction of Spur in Tons river R/B Near at U/ s of Ambedkar Colony & Nimbus Academy in Sahaspur Block. Job-1 | 10000.00 | 500.00 + G.S.T.18% | 3 माह | 'ई' एवं उच्चतर |
| 8 | Construction of Spur in Tons river R/B Near at U/ s of Ambedkar Colony & Nimbus Academy in Sahaspur Block. Job-2 | 10000.00 | 500.00 + G.S.T.18% | 3 माह | 'ई' एवं उच्चतर |
| 9 | Construction of Wire Crates for strengthening of FP Wall of Ambekdar Colony in Tons river ,Sahaspur Block. Job-3 | 6000.00 | 500.00 + G.S.T.18% | 3 माह | 'ई' एवं उच्चतर |
| 10 | Repair work & Construction of FP work near at Parwal village in Asan river ,Sahaspur Block. Job-1 | 10000.00 | 500.00 + G.S.T.18% | 3 माह | 'ई' एवं उच्चतर |
| 11 | Strengthening of existing FP work near at Jalvayu Tower, in Tons river ,Sahaspur Block. Job-1 | 10000.00 | 500.00 + G.S.T.18% | 3 माह | 'ई' एवं उच्चतर |

निविदा देने सें पूर्व ठेकेदार को कार्यस्थल व अनुबन्ध की शर्तों आदि को कार्यालय सूचना पट पर देखकर समस्त परिस्थितियों से अवगत हो जाना चाहियें।

सहायक अभियन्ता-तृतीय (वीजापुर)
सिंचाई खण्ड, विकासनगर (डाकपत्थर)

## अदालती सूचना

**न्यायालय प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय पौड़ी गढ़वाल**
**बै० वा०सं०-26 सन् 2025**

नवीन भट्ट उम्र वर्ष पुत्र श्री फरशराम भट्ट ग्राम- उनियालगांव पो0 - चन्दोला राई,तह0 -पौडी पट्टी-नादलदस्यू पौड़ी गढ़वाल मो0नं0 .........प्रार्थी/वादी

**बनाम**

श्रीमती पूनम भट्ट 38 वर्ष पत्नी श्री नवीन भट्ट , पुत्री श्री प्रकाशचन्द पोखरियाल हाल मायका ग्राम-पोखरी, पो०-विशल्ड पट्टी-घुडदौडस्यू, तह0 पौड़ी, पौड़ी गढ़वाल।

आप नोटिसी को सूचित किया जाता है कि आपके पति द्वारा आपके विरुद्ध इस न्यायालय में विवाह विच्छेद हेतु अर्न्तगतधारा -25 (1) (ii) (iii) समान नागरिक संहिता का बाद प्रस्तुत किया है जिसमे आपकी उपस्थिति हेतु 08-10-2025 तिथि नियत है।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त तिथि को ठीक 10 बजे प्रातः असलतन या वकालतन उपस्थित होकर जबाबदेही करे अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में एक तरफा सुनवाई की जायेगी।

आज दि० 19.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी।

**आदेशानुसार**
**प्रशासनिक अधिकारी**
**कुटुम्ब न्यायालय पौड़ी गढ़वाल**

## अदालती सूचना

**न्यायालय श्रीमान अपर आयुक्त गढ़वाल मण्डल पौड़ी**
**राजस्व अपील संख्यां 19 सन् 2024-25**

अपीलार्थी - बसन्त किशोर पुत्र स्वा विद्यादत्त व अन्य निवासी नन्दपुर पट्टी मोटाढ़ाग कोटद्वार ....समन बनाम

**बनाम**

विपक्षीगण/प्रत्युत्तरदातागण -
1- रामेश कुकरेती पुत्र नन्दलाल निवासी नन्दपुर पट्टी मोटाढ़ाग कोटद्वार गढ़वाल
२- उत्तराखण्ड सरकार द्वारा कलक्टर महोदय पौड़ी गढ़वाल
3- आयुक्त नगर निगम कोटद्वार गढ़वाल

यह की अपीलार्थीगण विपक्षीगणों के खिलाफ अपर आयुक्त गढ़वाल मण्डल पौड़ी के न्यायालय में एक राजस्व अपील सं0 19 सन् 2024-25 प्रस्तुत की है। जिसमें विपक्षीगणों की उपस्थिति हेतु दिनांक 4-10- 2025 को तिथि नियत है।

अतः आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से ठीक 10 बजे प्रातः न्यायालय में उपस्थित होवें ऐसा ना करने पर मामले में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

आज दिनांक 19-9-2025 को न्यायालय की मुद्रा से जारी

**न्यायालय अपर आयुक्त गढ़वाल मण्डल, पौडी**

## सूचना

मेरे मुवक्किल दीपक पांडे पुत्र श्री जी एस पांडे निवासी 197, खुड़बुड़ा मोहल्ला, देहरादून की संपत्ति की मूल विलेख कहीं खो गई है जिसमे एक मूल रजिस्ट्री जो कि सबरजिस्ट्रार कार्यालय देहरादून में बही संख्या 1, जिल्द 963, के पृष्ठ 153, ए डी फा बुक संख्या 1, जिल्द 1189,पृष्ठ 877 से 886, में संख्या 1261, दिनांक 13.03.2002 को विधिवत दर्ज व अंकित है। मूल विलेख वास्तव में कहीं खो गया है जिसका कही भी प्रयोग अवैध होगा, यदि किसी को कोई आपत्ति है तो प्रकाशित होने से 7 दिन के भीतर एडवोकेट आलोक पुंडीर, सिविल कोर्ट कंपाउंड देहरादून मोबाईल 9412054582 पर संपर्क कर सकते है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादकः
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग

देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# भारत की पाक पर लगातार 7वीं जीत

## अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल ने 59 गेंदों पर 105 रन जोड़े, सात गेंद के बाकी रहते हुए जीता मैच



**दुबई, वार्ता।** भारतीय फील्डर्स ने 20 ओवर में 5 कैच टपका दिए। भारत के प्रीमियम फास्ट बॉलर जसप्रीत बुमराह ने 4 ओवर में 45 रन दे दिए। भारत के स्पिनर्स का जादू भी नहीं चला। कुलदीप, वरुण और अक्षर ने मिलकर सिर्फ 1 विकेट लिया। एशिया कप सुपर-4 राउंड में भारत के खिलाफ पाकिस्तान की पारी में पाकिस्तान के लिए जो कुछ भी सही हो सकता था हुआ। इसके बावजूद नतीजा क्या रहा। भारत ने 6 विकेट से आसान जीत हासिल की। यह इंटरनेशनल क्रिकेट में टीम इंडिया की पाकिस्तान के ऊपर लगातार सातवीं जीत है। बालिंग और फील्डिंग में कुछ हद तक कमजोर प्रदर्शन के बावजूद भारत ने शानदार जीत की पटकथा कैसे लिख डाली। भारत ने टॉस जीता, सूर्या ने फिर सलमान से हाथ नहीं मिलाया दुबई की पिच पर टारगेट चेज करना फायदेमंद रहता है। इस मैच से पहले पिछले 5 साल में यहां टॉप-12 टीमों के बीच 19 टी-20 इंटरनेशनल खेले गए थे। इसमें 17 में टारगेट चेज करी टीम जीती थी। इस बार भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस जीता और टारगेट चेज करने का ही फैसला किया। सूर्या ने टॉस के बाद एक बार फिर पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया। पाकिस्तान के साथ ग्रुप स्टेज मुकाबले में भी उन्होंने यही किया था। इससे नाराज पाकिस्तानी टीम मैच रेफरी एंडी पाइक्राफ्ट को हटाने पर अड़ गई थी। आईसीसी ने न सिर्फ उनकी डिमांड खारिज की, बल्कि इस मैच के लिए भी एंडी पाइक्राफ्ट को ही मैच रेफरी बनाया गया। पावरप्ले में पाकिस्तान ने की दम दिखाने की कोशिश पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ ग्रुप स्टेज मैच में भी पहले बल्लेबाजी की थी। तब पाकिस्तानी टीम पावरप्ले के पहले 6 ओवर में 2 विकेट खोकर सिर्फ 42 रन बना पाई थी। इस बार पाकिस्तान ने बेहतर प्रदर्शन किया और 6 ओवर में 1 विकेट खोकर 55 रन बनाए। सईम अयूब की जगह ओपनिंग करने आए फखर जमान 15 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद दूसरे ओपनर साहिबजादा फरहान ने नंबर 3 पर खेलने आए सईम के साथ 72 रन की पार्टनरशिप कर डाली। मिडिल ओवर में धीमी पड़ी पाकिस्तान की पारी पावरप्ले में अच्छी शुरुआत के बाद पाकिस्तान की पारी मिडिल ओवर्स में धीमी पड़ गई। पहले 6 ओवर में करीब 9 की रन रेट से बैटिंग करने वाली टीम अगले 10 ओवर में सिर्फ 64 रन बना सकी। तीन विकेट भी गंवाए। 16 ओवर की समाप्ति तक पाकिस्तान का स्कोर 119/4 था। फहीम की बैटिंग ने दिया संघर्ष करने लायक स्कोर पाकिस्तान ने डेथ ओवर्स यानी आखिरी 24 गेंदों पर 52 रन बनाए और टीम 20 ओवर में 171 रन तक पहुंचने में कामयाब रही। इसमें फहीम अशरफ का योगदान अहम रहा। फहीम ने सिर्फ 8 गेंदों पर 20 रन बनाए। कप्तान सलमान अली आगा ने 13 गेंदों पर 17 रन बनाए। इस मैच में भारत के प्रमुख गेंदबाज जसप्रीत बुमराह बिल्कुल लय में नहीं दिखे। उन्होंने अपने 4 ओवर में 45 रन खर्च कर दिए और उन्हें एक भी विकेट नहीं मिला। वरुण ने 4 ओवर में रन तो 25 ही दिए, लेकिन विकेट का खाता वे भी नहीं खोल पाए। कुलदीप ने 1 विकेट जरूर लिया, लेकिन उन्होंने 31 रन खर्च कर दिए। अभिषेक और गिल के आगे बेबस पाकिस्तानी क्रिकेट एक्सपर्ट्स इस पिच पर 171 रन के स्कोर को चुनौतीपूर्ण बता रहे थे। लेकिन, भारतीय ओपनर्स अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल ने जिस आक्रामक तेवर से बल्लेबाजी की उससे बहुत जल्द यह पता चल गया कि पाकिस्तान की एक और हार तय है। इन दोनों ने पावरप्ले में ही 69 रन बटोर लिए। दोनों ने पहले विकेट के लिए 59 गेंदों पर 105 रन की पार्टनरशिप की। पिछले तीन मैचों में सिर्फ 35 रन बना पाए शुभमन गिल इस बार अलग अंदाज में दिखे। उन्होंने 167 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 47 रन बनाए।

## सुल्तान जोहोर कप: भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम की घोषणा

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने सोमवार को मलेशिया में होने वाले सुल्तान जोहोर कप के आगामी संस्करण में भाग लेने के लिए रोहित की अगुवाई में 18 सदस्यीय भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम की घोषणा की। डिफेंडर रोहित को कप्तान बनाया गया है। टीम में गोलकीपर बिक्रमजीत सिंह और प्रिंसदीप सिंह, डिफेंडर रोहित, तलेम प्रियोबर्ता, अनमोल एक्का, आमिर अली, सुनील पी बी और रवनीत सिंह( मिडफील्डर अंकित पाल, थुनाओजम इंगलेम्बा लुवांग, अदरोहित एक्का, अराजित सिंह हुंदल, रोसन कुजूर और मनमीत सिंह शामिल हैं।

# भारत-पाक में अब प्रतिद्वंद्विता नहीं रही: सूर्या



**मुझे लगता है कि पत्रकारों को प्रतिद्वंद्विता पर यह सवाल पूछना बंद कर देना चाहिए**

**दुबई, वार्ता।** भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने इस धारणा को खारिज कर दिया है कि भारत बनाम पाकिस्तान मुकबला अब प्रतिद्वंद्विता है। सूर्यकुमार यादव ने रविवार रात पाकिस्तान को छह विकेट से हराने के बाद पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा कि मैं इस सवाल पर एक बात कहना चाहूंगा। मुझे लगता है कि आपको प्रतिद्वंद्विता पर यह सवाल पूछना बंद कर देना चाहिए। इससे पहले उन्हें याद दिलाया गया कि सवाल प्रतिद्वंद्विता के बारे में बिल्कुल नहीं था। स्तर और प्रतिद्वंद्विता एक जैसी ही है।

मेरे हिसाब से, अगर दो टीमें 15-20 मैच खेलती हैं और अगर आमने-सामने मुकाबला 7-7 या 8-7 का होता है, तो उसे प्रतिद्वंद्विता कहते हैं। लेकिन 13-0, 10-1--- मुझे नहीं पता कि आंकड़े क्या हैं। लेकिन अब यह प्रतिद्वंद्विता नहीं रही। लेकिन हां, मुझे लगता है कि हमने उनसे बेहतर क्रिकेट खेला। रिकॉर्ड के लिए, भारत ने दुबई में 2022 में एशिया कप में पाकिस्तान से मिली पिछली हार के बाद से अब तक लगातार सात मैचों में खसिर्फ पुरुष अंतर्राष्ट्रीय मैचों में, पाकिस्तान को हराया है। इस 'प्रतिद्वंद्वी' के बारे में उनकी राय पूछे जाने से पहले, सूर्यकुमार ने बताया कि उन्हें खेल का निर्णायक दौर पाक की पारी का आधा समय लगा जब पाकिस्तान ने दस ओवर में एक विकेट पर 91 रन बनाए थे, जो भारत के खिलाफ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में अब तक का उनका सर्वोच्च हाफटाइम स्कोर था। यही वह समय था जब सूर्यकुमार ने अपनी टीम को संभाला और अंपायरों ने ड्रिंक्स इंटरवल की घोषणा कर दी। इसके बाद, भारत ने अगले सात ओवरों में केवल 38 रन देकर पाक पर लगाम कसी। इस टूर्नामेंट में 10-17 ओवरों के बीच बल्लेबाज़ी करने वाली टीमों का यह सबसे कम स्कोर है। सूर्या ने कहा कि मेरे हिसाब से, पहली पारी के पहले ड्रिंक्स में टर्निंग पॉइंट आया। उसके बाद लोगों ने अपनी बॉडी लैंग्वेज बदल दी। आप हमेशा पावरप्ले के बाद खेल में बदलाव देखते हैं। लेकिन आज, दस ओवर के बाद खेल बदल गया, जब गेंदबाजो ने अपनी लाइन और लेंथ बदली, उस स्थिति में क्या ज़रूरी था, यह समझा और थोड़ी ज्यादा ऊर्जा दिखाई। स्पिनरों ने अच्छी गेंदबाजी की। और मेरे हिसाब से, शिवम का स्पैल, आप कह सकते हैं कि यह एक टर्निंग पॉइंट था। सूर्या ने शिवम के बारे में कहा कि मुझे लगता है कि वह सभी अभ्यास सत्रों में अपनी गेंदबाजी पर बहुत मेहनत कर रहा है।

# चोटिल बवुमा पाक के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर



**बवुमा को यह चोट इंग्लैंड के सीमित ओवरों के दौरे पर लगी थी, जिसे ठीक होने में छह से आठ हफ्ते लगेंगे**

**केपटाउन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट कप्तान टेम्बा बवुमा पिंडली में खिंचाव के कारण पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। बावुमा को यह चोट हाल ही में इंग्लैंड के सीमित ओवरों के दौरे पर लगी थी और उन्हें ठीक होने में छह से आठ हफ्ते का समय लग सकता है।

उनकी गैरमौजूदगी में एडन मारक्रम टीम की कप्तानी करेंगे। टीम में ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर की दो साल से अधिक समय के बाद वापसी हुई है। वह स्पिन विभाग में सेनुरन मुथुमसे और प्रेनेलन सुब्रायन के साथ शामिल होंगे। पहली पसंद के स्पिनर केशव महाराज इंग्लैंड में कमर में खिंचाव के बाद केवल दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध हैं। एक और बड़ी खबर यह है कि विकेटकीपर लक्वटन डी कॉक ने एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास वापस ले लिया है और पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय और टी-20 दोनों टीमों में वापसी की है। डी कॉक ने आखिरी बार पिछले साल जून में बारबाडोस में हुए टी-20 विश्व कप फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के लिए खेला था। पाकिस्तान दौरे के सफेद गेंद वाले चरण के लिए कॉर्बिन बॉश और डेवाल्ड ब्रेविस को छोड़कर अपने सभी ऑल-फॉर्मेट खिलाड़ियों को आराम देने का फैसला किया है। डेविड मिलर टी-20 टीम की कप्तानी करेंगे जबकि मैथ्यू ब्रीट्जके वनडे टीम की कमान संभालेंगे। दक्षिण अफ्रीका पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट से एक दिन पहले लवडहोक में अपने नए स्टेडियम का उद्घाटन करने के लिए नामीबिया में एक अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच भी खेलेगा और उस मैच के लिए उसकी एक अस्थायी टीम होगी। ऑलराउंडर डोनोवन फरेरा उस टीम की कप्तानी करेंगे, जिसमें डी कॉक, नंद्रे बर्गर, गेराल्ड कोएत्जी, रीजा हेंड्रिक्स और लुआन-ड्रे प्रीटोरियस, और रिवाल्डो मूनसामी शामिल हैं, जिन्हें पहली बार टीम में शामिल किया गया है। पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली एकदिवसीय टीम में फेरेरिया को बर्गर, कोएत्जी और डी कॉक के साथ शामिल किया गया है, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर जॉर्ज लिंडे और ब्योर्न फोर्टुइन की वापसी हुई है। लेग स्पिनर नकाबा पीटर एक मजबूत स्पिन गेंदबाजी टीम का हिस्सा हैं। टेस्ट टीम में जून में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप गदा जीतने वाले मुख्य खिलाड़ी शामिल हैं। ब्रेविस, सुब्रायन और ज़ुबैर हम्जा इस ग्रुप में नए हैं, जबकि डेन पैटरसन या लुंगी एनगिडी, जो सफेद गेंद वाली टीम का हिस्सा हैं, के लिए कोई जगह नहीं है। कगिसो रबाडा, मार्को जेनसन और वियान मुल्डर तेज गेंदबाज टीम में हैं। दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच शुकरी कॉनराड ने कहा कि टेम्बा की पिंडली की चोट के कारण दुर्भाग्यवश वह छह से आठ हफ्तों तक मैदान से बाहर रहेंगे, लेकिन हमारा ध्यान उन्हें नवंबर में होने वाले भारत दौरे के लिए पूरी तरह तैयार होने का सर्वश्रेष्ठ मौका देने पर है। उन्होंने कहा हम टेम्बा के उपलब्ध न होने से निराश हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### उत्तराखंड क्रिकेट में गड़बड़ी के मामले में बीसीसीआई से जवाब तलब

**नैनीताल, वार्ता।** उच्च न्यायालय ने उत्तराखण्ड क्रिकेट एसोसिएशन (यूसीए) में व्याप्त अनियमितताओं के मामले में सुनवाई करते हुए सोमवार को भारतीय क्रिकेट की प्रमुख संस्था भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को आठ अक्टूबर तक जवाब दाखिल करने को कहा है। इस मामले से जुड़ी पांच याचिकाओं पर न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की पीठ में सुनवाई हुई। सोमवार को बीसीसीआई के प्रतिनिधि अदालत में पेश हुए और जवाब देने के लिए पीठ से समय की मांग की। पीठ ने आठ अक्टूबर तक की मोहलत दे दी। डॉ. बुद्धि चंद्र रमोला, धीरज भंडारी और संजय गुसाईं एवं अन्य की ओर से याचिका दायर कर कहा गया कि यूसीए में अनियमितताएं व्याप्त हैं। बीसीसीआई के धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। खाने के नाम पर लाखों की अनियमतता की गयी है। याचिकाकर्ताओं की ओर से 12 करोड़ के दुरुपयोग का आरोप लगाया गया है।

### आयुष शेट्टी व एचएस प्रणय कोरिया ओपन में करेंगे भारत की अगुवाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** आयुष शेट्टी और एचएस प्रणय मंगलवार से दक्षिण कोरिया के सुवन में शुरू होने वाले कोरिया ओपन में भारत टीम की अगुवाई करेंगे। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय का हाल के वर्षो में अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा हैं। प्रणय के साथ पुरुष एकल में आयुष शेट्टी भी होंगे, जो जून में यूएस ओपन सुपर 300 में जीत के साथ इस सीजन में 2025 बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर पर खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। किरण जॉर्ज भी मुख्य ड्रॉ में हैं, जबकि थारुण मन्नेपल्ली और मीराबा लुवांग मैसनम को क्वालीफायर से भिड़ना होगा।

# श्याम लाल कॉलेज ने जीता बिट्स पिलानी हॉकी टूर्नामेंट का खिताब



**पिलानी, वार्ता।** दिल्ली यूनिवर्सिटी के श्याम लाल कॉलेज ने फाइनल में श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स को 5-0 से हराकर बिट्स पिलानी हॉकी टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया।

राजस्थान स्थित बिट्स पिलानी के मैदान पर खेले गए फाइनल मुकाबले में श्याम लाल कॉलेज की ओर से नंदकिशोर ने 2 और प्रत्यूष सिंह जग्गी, अभिषेक

**फाइनल मुकाबले में नंद किशोर ने दो और प्रत्यूष, अभिषेक व हर्ष ने एक-एक गोल किए**

और हर्ष ने एक- एक गोल किए। इसी टूर्नामेंट में हार्ड लाइन मैच में हंसराज कॉलेज ने मेजबान बिट्स पिलानी को 6-5 से ट्राइब्रेकर में हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। निर्धारित समय में हंसराज कॉलेज और बिट्स पिलानी टीम के बीच मैच एक- एक गोल से बराबर रहा। हंसराज कॉलेज की तरफ से रविराज व बिट्स पिलानी की तरफ से अंकित ने एक-एक गोल किया। इसके बाद हुए ट्राइब्रेकर में हंसराज कॉलेज ने बिट्स पिलानी को 6-5 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। विजेता टीम श्याम लाल कॉलेज टीम को 25 हजार रूपये का तथा उपविजेता एससीओसी को दस हजार का ईनाम मिला।

### डिकॉक ने संन्यास का फैसला लिया वापस

**केप टाउन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक ने एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास लेने का अपना फैसले वापस ले लिया है और चयनकर्ताओं उन्हें पाकिस्तान दौरे के लिए एकदिवसीय और टी-20 टीमों में शामिल किया गया है। इसके साथ ही वह नामीबिया के साथ एकमात्र टी-20 मैच भी खेलेंगे। डी कॉक ने 2023 के एकदिवसीय विश्व कप के बाद 50 ओवर के क्रिकेट से संन्यास ले लिया था,और द. अफ्रीका के लिए उनका आखिरी सीमित ओवरों का मैच बारबाडोस में 2024 का टी-20 विश्व कप फाइनल था। हालांकि उन्होंने आधिकारिक तौर पर टी-20 से संन्यास नहीं लिया। इस बीच, वह हाल ही में समाप्त हुई सीपीएल सहित दुनिया भर की टी-20 लीगों में सक्रिय रहे हैं। वर्तमान मुख्य कोच ने डीकॉक के साथ चर्चा की है और कहा है कि उन्होंने फिर से राष्ट्रीय टीम के लिए प्रतिबद्धता जताई है।

# जीएडब्ल्यू को रोमांचक मुकाबले में हराकर टीकेआर ने जीता पांचवां सीपीएल खिताब

**खेले गए फाइनल मुकाबले में सौरव नेत्रवलकर और अकील ने शानदार गेंदबाजी की**

**प्रोविडेंस, वार्ता।** सौरभ नेत्रवलकर (तीन विकेट) और अकील होसेन (दो विकेट/16 रन) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत ट्रिनबागो नाइट राइडर्स (टीकेआर) ने गयाना अमेजन वॉरियर्स को तीन विकेट से हराकर सीपीएल का खिताब अपने नाम किया।

यह टीकेआर का पांचवां सीपीएल खिताब है। खेले गए फाइनल मुकाबले में टीके आर ने सौरभ नेत्रवलकर और अकील होसेन के शानदार गेंदबाजी के दम पर गयाना अमेजन वॉरियर्स को 130 रनों पर रोक दिया। 131 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीकेआर के लिए टीकेआर के लिए एलेक्स हेल्स (26), कॉलिन मुनरो (23), सुनील नारायण ने (22), कोरेन पोलार्ड ने 21 रनों का योगदान दिया। होसेन ने बल्लेबाजी के दौरान लक्ष्य का पीछा करते हुए आखिरी क्षणों में सात गेंदों पर नाबाद 16 रनों की तेज पारी खेलकर ट्रिनबागो नाइट राइडर्स (टीकेआर) को पांचवां सीपीएल खिताब दिलाया। होसेन उस समय बल्लेबाजी करने उतरे जब टीकेआर का स्कोर सात विकेट पर 116 रन था और उसे 22 गेंदों में 15 रन चाहिए थे और उन्होंने गुडाकेश मोटी की गेंदों पर पहले छक्का और फिर चौका लगाकर नाटकीय अंदाज में जीत का जश्न मनाया। टीकेआर ने 18 ओवर में सात विकेट पर 133 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया।

## टी-20 सीरीज: आदिल आलम व संदीप जोरा नेपाल टीम में शामिल

**काठमांडु, वार्ता।** नेपाल ने इस महीने के आखिरी में यूएई में वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली ऐतिहासिक तीन मैचों की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के लिए ऑलराउंडर मोहम्मद आदिल आलम और मध्यक्रम बल्लेबाज संदीप जोरा को टीम में शामिल किया है। यह नेपाल की किसी पूर्णकालिक सदस्य के खिलाफ पहली द्विपक्षीय श्रृंखला होगी।

आलम ने आखिरी बार अगस्त 2022 में और जोरा ने जून 2024 में नेपाल के लिए खेला था। रोहित पौडेल टीम की अगुवाई करेंगे और दीपेंद्र सिंह ऐरी उनके उप-कप्तान होंगे। गेंदबाजी आक्रमण लेग स्पिनर संदीप लामिछाने पर केंद्रित होगा। बाएं हाथ के स्पिनर ललित राजबंशी, जो पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया में हुई टॉप एंड टी-20 श्रृंखला से चूक गए थे, की भी टीम में वापसी हुई है।

# किदांबी श्रीकांत, नंदी हैदराबाद पिकलबॉल लीग में शामिल हुए

**श्रीकांत विश्व बैडमिंटन में भारत के उत्थान में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है उनके नाम 12 से अधिक खिताब है**

**हैदराबाद, वार्ता।** भारत के बैडमिंटन स्टार और पूर्व पुरुष एकल विश्व नंबर वन किदांबी श्रीकांत, नंदी चार्जर्स फ्रैंचाइजी में निवेशक और भागीदार के रूप में आधिकारिक तौर पर हैदराबाद पिकलबॉल लीग (एचपीएल) में शामिल हो गए हैं।

लीग अक्टूबर में हैदराबाद में अपनी शुरुआत करेगी। श्रीकांत विश्व बैडमिंटन में भारत के उत्थान में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनके नाम 12 से अधिक खिताब है। उनका अब नंदी चार्जर्स के साथ जुड़ना पिकलबॉल में भी उसी चैंपियन जैसी मानसिकता और प्रतिस्पर्धी भावना लाता है। किदांबी श्रीकांत ने कहा कि मैं हैदराबाद पिकलबॉल लीग का हिस्सा बनकर और नंदी चार्जर्स के साथ हाथ मिलाकर वाकई उत्साहित हूं। पिकलबॉल तेज-तर्रार, गतिशील है और इसमें भारत में प्रशंसकों से जुड़ने के लिए जरूरी हर चीज मौजूद है, यह देखने में आसान, रोमांचक और बेहद प्रतिस्पर्धी है। सबसे अधिक उत्साहित करने वाली बात यह है कि मुझे अपने खेल के अनुभव को एक नए क्षेत्र में लाने और इस लीग की प्रतिष्ठा बढ़ाने का मौका मिला है। इस सफर की शुरुआत में ही इसमें शामिल होना इसे और भी सार्थक बनाता है और मेरा मानना है कि नंदी चार्जर्स एक ऐसी टीम बनकर माहौल बना सकती है जो पूरे जोश और गर्व के साथ प्रतिस्पर्धा करती है। नंदी चार्जर्स के फ्रैंचाइजी मालिक ने कहा कि हमें नंदी चार्जर्स फैमिली में श्रीकांत का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है।

# पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय दल की ध्वजवाहक होगी प्रीति पाल

**पैरा एथलेटिक्स में देश के सबसे चमकते सितारों में से एक बनने का प्रीति का सफर दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता का प्रतीक है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की पैरा-एथलीट और पेरिस पैरालंपिक 2024 में दोहरा कांस्य पदक जीतने वाली प्रीति पाल को आगामी इंडियनऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में भारतीय दल की आधिकारिक तौर पर ध्वजवाहक नियुक्त किया गया है। सेरेब्रल पाल्सी से जूझने से लेकर पैरा-एथलेटिक्स में देश के सबसे चमकते सितारों में से एक बनने तक का उनका सफर दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता का प्रतीक है। प्रीति ने अपनी अथक भावना और समर्पण से सभी बाधाओं को पार किया है। 100 मीटर में 14:21 सेकंड और 200 मीटर टी-35 स्प्रिंट श्रेणियों में 30:01 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ उन्होंने पेरिस में दो ऐतिहासिक कांस्य पदक जीते। 27 सितम्बर से पांच अक्टूबर तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित होने वाले इस ऐतिहासिक आयोजन में देश के शीर्ष एथलीटों और वैश्विक सितारे प्रदर्शन करने उतरेंगे। अगली पीढ़ी के पैरा-एथलीटों के लिए प्रेरणाोत प्रीति ने कहा कि यह सफर कड़ी मेहनत और समर्पण का रहा है। जहां एक ओर विशेषज्ञ कोचिंग ने मुझे तकनीकी रूप से मार्गदर्शन दिया है, वहीं साई और टॉप्स का सहयोग मेरे लिए एक बड़ा बदलाव लेकर आया है, जिसने मुझे उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए आवश्यक




सुविधाए, उपकरण और वित्तीय सहायता प्रदान की है। मेरा दैनिक प्रशिक्षण गहन है और मैं अपने प्रदर्शन के हर पहलू को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करती हूं। यह क्षण न केवल मेरी यात्रा की पहचान है, बल्कि लचीलेपन और टीम वर्क का प्रमाण भी है। मेरा लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना और भारत को और अधिक गौरव दिलाना है। मेरा हर कदम उन लोगों के लिए है जो मुझ पर विश्वास करते हैं और उन लोगों के लिए जो चुनौतियों के बावजूद सपने देखने का साहस रखते हैं।

### टीम को पिछली हारों पर ध्यान नहीं देकर, आगे बढ़ना होगा: उपेंद्र मलिक

**जयपुर, वार्ता।** यूपी योद्धा के सहायक कोच उपेंद्र मलिक ने कहा है कि टीम को पिछली हार पर ध्यान न देते हुए आगे बढ़ने की जरूरत हैं।

यूपी योद्धा सोमवार को जयपुर के एसएमएस इंडोर स्टेडियम में तमिल थलाइवाज से मुकाबला करेंगे। यूपी योद्धा का अब तक का अभियान मुश्किल रहा है, उन्होंने अपने छह मैचों में केवल चार अंक ही जुटाए हैं। वे लगातार चार मैच हारे हैं और अगर उन्हें अपना सीजन जारी रखना है तो उन पर जल्द से जल्द स्थिति बदलने का दबाव है। सहायक कोच उपेंद्र मलिक ने स्वीकार किया कि हालिया नतीजे टीम के लिए कठिन रहे हैं, लेकिन उन्होंने शिविर के भीतर सकारात्मक माहौल बनाए रखने के महत्व पर बल दिया।

# हाईकोर्ट ने अशासकीय विद्यालयों में भर्ती पर लगी रोक हटाई

## विद्यालय प्रबंधक एसो. ने उच्च न्यायालय का जताया आभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** विद्यालय प्रबंधक एसोसिएशन की बैठक में हाई कोर्ट द्वारा अशासकीय विद्यालयों में भर्ती पर लगी अघोषित रोक हटाने पर स्वागत किया गया तथा सरकार की मनमानी के विरोध मे निंदा प्रस्ताव पारित किया गया।

जनपद हरिद्वार के अशासकीय विद्यालयों के प्रबंधकों की रुड़की स्थित सनातन धर्म प्रकाश चंद कन्या इंटर कॉलेज में आहूत की गई बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीएमडी इंटर कॉलेज चुड़ियाला के प्रबंधक दुष्यंत त्यागी ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार अशासकीय विद्यालयों का अस्तित्व समाप्त करने पर तुली है लेकिन संगठन की एकता व न्यायालय की न्यायिक प्रक्रिया के सामने सरकार को बार-बार मुंह की खानी पड़ रही है। एसो. के मंत्री एवं राजा महेंद्र प्रताप प्रेम विद्यालय इंटर कॉलेज गुरुकुल नारसन के प्रबंधक अरविंद राठी ने कहा कि अशासकीय विद्यालयों की चयन प्रक्रिया में विद्यालय प्रबंधन का कोई हस्तक्षेप न होने के बावजूद शिक्षा मंत्री उन पर भ्रष्टाचार के अनर्गल आरोप लगाकर नियुक्ति प्रक्रिया को बाधित करते रहे हैं



जिसका उच्च न्यायालय द्वारा माकूल जवाब दिया गया है। एसडीपीसी इंटर कॉलेज के प्रबंधक एवं संगठन के कोषाध्यक्ष रविंद्र सिंघल ने मुख्य सूचना आयुक्त द्वारा प्रबंध समितियों के समस्त अभिलेखों को प्रधानाचार्य को सौंपे जाने व सूचना अधिकार में शामिल करने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए इस आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती देने की घोषणा की। आर एन आई इंटर कॉलेज भगवानपुर के प्रबंधक अनुराग गोयल ने प्रबंध समितियों का कार्यकाल 3 वर्ष से बढ़कर 5 वर्ष करने की मांग की। बैठक में सर्वसम्मति से सहमति बनी कि अब जनपद के प्रबंधक देहरादून की एसोसिएशन का हिस्सा न होकर पृथक एसोसिएशन पंजीकृत कराएंगे ताकि स्वतंत्र रूप से अशासकीय विद्यालयों के हक में निर्णय ले सकें। संचालन मीडिया प्रभारी एवं नेशनल कन्या इंटर कॉलेज खानपुर के प्रबंधक डॉक्टर घनश्याम गुप्ता ने किया। बैठक में मुख्य रूप से ममतेश कुमार शर्मा एडवोकेट प्रबंधक बी एस एम इण्टर कॉलेज रुड़की सुरेश कुमार गर्ग,योगेंद्र कुमार चौहान, मुकेश कुमार चौधरी,मुस्वीर अली, अर्पित राठी, रितु अरनिया, सरित कुमार, ईश्वर दयाल कंसल, सुंदरलाल प्रजापति, अंकित कुमार, राजवीर सिंह, इमरान अहमद आदि उपस्थित रहे स कुमार, राजवीर सिंह, इमरान अहमद आदि उपस्थित रहे।

# तहसील प्रशासन ने सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** भगवानपुर तहसील प्रशासन ने सरकारी जमीन को प्लाटिंग के कब्जे में ली गई भूमाफियाओं से कब्जा मुक्त करायाना । यब तहसीलदार अनिल गुप्ता ने बताया कि कुछ लोगों ने सिसौना में सरकारी भूमि को कब्जे में लेकर प्लाटिंग करनी शुरू कर दी थी शिकायत के बाद एसडीएम के आदेश पर उक्त भूमि को कब्जा मुक्त कर दिया गया। तहसीलदार अनिल गुप्ता ने बताया कि ग्राम सिसौना जदीद तहसील भगवानपुर में उप जिलाधिकारी देवेंद्र सिंह नेगी के आदेश के अनुपालन में ग्राम समाज की सरकारी जमीन लगभग 5:30 बीघा खाम भूमि को आवास कॉलोनी प्लाटिंग से कब्जा मुक्त कराई गई साथ में नायब तहसीलदार अनिल गुप्ता राजस्व निरीक्षक सुभाष चौहान राजस्व उप निरीक्षक दाउद अली ग्राम प्रधान एवं ग्रामीण मौके पर उपस्थित रहे सरकारी ग्राम समाज की भूमि का कब्जा ग्राम प्रधान को दे दिया गया है

# शिक्षक संघ ने खेल समन्वयक दिनेश को न हटाए जाने को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ ने खेल समन्वयक दिनेश बड़वाल को न हटाए जाने के लिए उप शिक्षा अधिकारी को दिया पत्र-प्राथमिक शिक्षक संगठन नारसन ने उप शिक्षा अधिकारी श्री मेहराज अहमद को दिये पत्र में लिखा की संज्ञान में है कि राजनीतिक दबाव के चलते खेल समन्वयक नारसन श्री दिनेश बड़वाल को उनके पद से हटाए जाने का षड्यंत्र किया जा रहा है जिसको संगठन कदापि बर्दाश्त नहीं करेगा खेल समन्वयक दिनेश बड़वाल छात्र-छात्राओं के खेल के प्रति समर्पित शिक्षक हैं यदि उन्हें इस पद से राजनीतिक षड्यंत्र के तहत हटाया गया तो यह उनके साथ अन्याय होने के साथ-साथ छात्र छात्राओं के साथ भी अन्याय होगा क्योंकि उक्त शिक्षक दिनेश बड़वाल छात्र-छात्राओं को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक प्रतिभाग कराते हैं। विगत कई वर्षों से नारसन विकासखंड के बच्चे न केवल राज्य स्तर पर बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी विकासखंड के साथ-साथ जनपद हरिद्वार का नाम भी रोशन कर रहे हैं संगठन ने चेतावनी दी कि यदि दिनेश बड़वाल को उनके पद से हटाया जाएगा तो संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा इस अवसर पर संगठन के मंत्री मासूम अली कोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार अध्यक्ष अरविंद शर्मा के साथ-साथ शरद शर्मा कन सिंह राठौड़ तसलीमा कुंतल गुप्ता जेब परवीन ज्योति गर्ग चंद्र सेन शर्मा धाम सिंह राजकुमार वीर सिंह पवार अब्दुल कादिर सफाकत अली राजेश सैनी परमिंदर मलिक आदि शिक्षकों ने शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन दिया

# पीपल चौक से अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** कलियर निवासी एक व्यक्ति ने पीपल चोक और जीरो जोन से अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग की हैं।

पिरान कलियर निवासी तसलीम ने रुड़की ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र शेट को पत्र देकर बताया कि पीपल चौक से हज हाउस तक जाने वाले मार्ग पर भारी अतिक्रमण हो गया है।उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र की पुरानी बिल्डिंग से लेकर हज हाउस तक के जीरो जोन क्षेत्र में रेडी, ठेली और फड़ लगाकर लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है। इस अवैध अतिक्रमण के कारण दरगाह आने वाले जायरीनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से इस अतिक्रमण को हटाने और दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग की है।ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने पिरान कलियर एसओ और नगर पंचायत के ईओ को जांच कर कार्रवाई करने आके निर्देश दिए हैं।नगर पंचायत ईओ कुलदीप सिंह चौहान ने बताया कि जल्द ही एक टीम गठित कर अवैध अतिक्रमण हटाया जाएगा।

# हत्या मामले में फरार आरोपियों पर बड़ी कार्रवाई, 82 की मुनादी व उद्घोषणा चस्पा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली पुलिस ने हत्या के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों पर शिकंजा कसते हुए माननीय न्यायालय के आदेश पर बड़ी कार्रवाई की है। रविवार को पुलिस ने गाँव जोरासी जबरदस्तपुर में जाकर फरार चल रहे आसिफ कुरैशी पुत्र फारूख कुरैशी और सुऐब कुरैशी पुत्र शहीद के घरों पर 82 सीआरपीसी की मुनादी कर उद्घोषणा चस्पा की।

गौरतलब है कि इन दोनों आरोपियों के खिलाफ कोतवाली रुड़की में मु0अ0सं0 239/2025, धारा 103, 115(2), 191(2), 191(3), 190, 352, 109 ठछै के तहत दिनांक 9 जुलाई 2025 को मामला दर्ज किया गया था। लेकिन गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी आसिफ कुरैशी व सुऐब कुरैशी लगातार फरार चल रहे हैं। न्यायालय ने स्पष्ट आदेश दिए हैं कि यदि ये आरोपी एक माह के भीतर अदालत के समक्ष हाजिर नहीं होते हैं तो इनके खिलाफ कुर्की की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पुलिस की इस कार्रवाई से गांव और आसपास के क्षेत्र में चर्चा का माहौल बन गया है। लोग मान रहे हैं कि अब फरार आरोपी कानून से ज्यादा देर तक बच नहीं पाएंगे। समाज में भी इस बात का संदेश गया है कि अपराध करके भागने वाले चाहे कितने भी शातिर क्यों न हों, पुलिस और कानून के शिकंजे से बच पाना नामुमकिन है। फरार आरोपीआसिफ कुरैशी पुत्र फारूख कुरैशी निवासी ग्राम जोरासी जबरदस्तपुर, कोतवाली रुड़की, जनपद हरिद्वार,सुऐब कुरैशी पुत्र शहीद निवासी ग्राम जोरासी जबरदस्तपुर, कोतवाली रुड़की, जनपद हरिद्वार है।

## मंगलौर कोतवाली में मेडिकल स्टोर स्वामियों को पुलिस का अल्टीमेटम

# स्टोरों पर प्रतिबंध दवाई बेची, तो होगी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** कस्बे में मंगलवार कोतवाली पुलिस ने मेडिकल स्टोर स्वामियों की एक बैठक बुलाकर उन्हें दो दो टूक अल्टीमेटम दिया है कि अगर मेडिकल स्टोर पर प्रतिबंध दवाई बची तो कड़ी कार्रवाई होगी साथ ही यह भी हिदायत दी है कि अपने स्टोर पर सीसीटीवी कैमरे जरूर लगाए ।

मेडिकल स्टोर पर प्रतिबंधित दवाई व नशे की दवाईया बिक्री किए जाने की सूचना के बाद जनपद हरिद्वार पुलिस सख्त हो गई है स्वास्थ्य विभाग की चेकिंग के साथ ही पुलिस भी मेडिकल स्टोरों की जांच करने में जुट गई है। मंगलौर कस्बा पुलिस चौकी में मेडिकल संचालकों की बैठक आयोजित की गई जिसमें बिना रजिस्ट्रेशन के कोई भी मेडिकल स्टोर संचालित नहीं होंगे। मेडिकल स्टोरों पर फार्मासिस्ट के उपस्थिति भी अनिवार्य होगी। बिना डॉक्टर के पर्चे पर कोई भी दवाईयां नहीं दी जाएगी। नारकोटिस वो प्रतिबंधित सम्बन्धित कोई भी दवाईयां मेडिकल स्टोर पर नहीं होनी चाहिए। ड्रग्स टीम के साथ स्थानीय पुलिस भी लगातार



मेडिकल स्टोरों की जांच करने में जुट गई है। मेडिकल स्टोर्स पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के निर्देश दिए हैं।

## रतमऊ नदी में आए तेज पानी के कारण बढ़ेडी राजपुताना क्षेत्र में

# विधायक फुरकान ने किसानों के नुकसान का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** रतमऊ नदी में आए तेज पानी के कारण बढ़ेडी राजपुताना क्षेत्र में भूमि कटाव से किसानों की फसलों और भूमि को नुकसान हुआ।क्षेत्रीय विधायक फुरकान अहमद सिचांई विभाग सहित सम्बंधित अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे और कटावग्रस्त क्षेत्र का निरीक्षण किया।

सोमवार को पिरान कलियर विधायक हाजी फुरकान अहमद सिंचाई विभाग के उपखंड अधिकारी गोपाल सैनी, जेई विपिन सैनी के साथ विधानसभा के बढ़ेडी राजपुताना पहुंचे।उन्होंने अधिकारियों के साथ रतमऊ नदी से हुई किसानों की भूमि के कटाव का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इस सम्बंध में ज्वांइट मजिस्ट्रेट रुड़की से फोन पर वार्ता की।विधायक फुरकान अहमद ने किसानों को आश्वासन दिया कि प्रशासन से उनके हुए नुकसान का उचित मुआवजा दिलाया जाएगा। साथ ही उन्होंने अधिकारियों से कहा कि टूटे हुए तटबंध का पुनर्निर्माण जल्द कराया जाए। ताकि भविष्य में किसानों को इस तरह की समस्या का सामना न करना पड़े। इस मौके पर लेखपाल तेलूराम ,एडवोकेट कुंवर साहिल राणा,



अमजद पुंडीर, गुलजार राणा, बाबर राणा, राव गुलजार, राव इरफान, राव इल्तजा, राव शावेज, राव वसीम, राव तसलीम, राव इंतजार, राव चांद खां, राव फुरकान, राव बबलू, राव काला, हाजी नईम खां आदि मौजूद रहें।

# पृथ्वीराज चौहान की मूर्ति को लेकर गांव में हलचल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर क्षेत्र के रामपुर राय घटी गाँव में राजपूत सम्राट पृथ्वीराज चौहान की मूर्ति स्थापित करने को लेकर ग्रामीण एकजुट हो गए हैं। मूर्ति को मँदिर परिसर की बंजर जमीन पर स्थापित करने की योजना है, लेकिन एक व्यक्ति द्वारा इस जमीन के कुछ हिस्से पर कब्जा करने का मामला सामने आया है।ग्रामीणों के अनुसार, मँदिर परिसर की लगभग डेढ़ बीघा जमीन पर एक व्यक्ति ने अवैध कब्जा कर रखा है। इस मामले को सुलझाने के लिए तहसील के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे थे। अधिकारियों ने जमीन की पैमाइश की और उस स्थान को चिन्हित कर दिया जहाँ मूर्ति स्थापित की जानी है।ग्रामवासियों ने बताया कि यह उनके लिए गर्व का क्षण है कि उनके पिछड़े गाँव रामपुर राय घटी में देश के गौरव महाराजा पृथ्वीराज चौहान की मूर्ति स्थापित होने जा रही है। उन्होंने कहा कि यह मूर्ति न सिर्फ गाँव की शान बढ़ाएगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करेगी। इस अवसर पर गाँव के सैकड़ों लोग मौजूद थे, जो इस पहल से बेहद खुश और उत्साहित नजर आए। मूर्ति स्थापित होना उनके लिए सम्मान की बात है।

## अवैध खनन में ट्रैक्टर ट्राली सीज

**झबरेडा।** पुलिस ने क्षेत्र में कार्यवाही करते हुए अवैध खनन करने वाले एक ट्रैक्टर ट्राली को सीज कर दिया है। झबरेड़ा थाना अध्यक्ष अजय शाह ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार को झबरेड़ा थाना क्षेत्र के गांव बूढ़पुर नूरपुर में ट्रैक्टर ट्राली द्वारा मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा था जिसकी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची तो अवैध खनन करने वाले पुलिस को देखते ही मौके से ट्रैक्टर ट्राली को छोड़ फरार हो गए।

# किसान मोर्चा ने एचआरडीए कार्यालय पर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** हरिद्वार-रुड़की विकास प्राधिकरण कार्यालय में एक दिवसीय धरने के दौरान उत्तराखंड किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुलशन रोड ने कहा कि रुड़की में मास्टर प्लान योजना को सरकार लागू करने जाती है उसका जो नक्शा बनाया गया है वह बिना किसी जमीनी सर्वे के बनाया है। आरोप लगाया कि यह प्लान केवल कुछ लोगों को लाभ पहुंचाने का हैं जिसे क्षेत्र के किसान किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसका पुनः जमीनी सर्वे कर दोबारा नक्शा बनाया जाना जरूरी है।

जिलाध्यक्ष महकार सिंह ने कहा तैयार किए गए प्लान में ग्रीन जोन की भूमि कमर्शियल एवं कमर्शियल भूमि को ग्रीन जोन में दर्शाया गया है। तहसील अध्यक्ष रुड़की राव आकिल ने कहा कि इस नक्शे में सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के आवंटित पट्टे की जमीन को भी आबादी में दर्शाया गया है। उन्होंने कहा कि यह नक्शा भू माफिआयों को लाभ पहुंचाने की नीयत से बनाया गया है। इसके साथ क्षेत्र में लगातार अवैध कालोनिया काटी गई उनकी होनी चाहिए।

## भाजपा सरकार में थमने का नाम नहीं ले रहा पेपर लीक का सिलसिला : राजेंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** यूके एसएससी परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने के आरोप पर महानगर कांग्रेस ने चंद्रशेखर चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया। महानगर अध्यक्ष एडवोकेट राजेंद्र चौधरी ने कहा कि "सरकार युवाओं को नौकरी देना ही नहीं चाहती, तभी बार-बार पेपर लीक की घटनाएं हो रही हैं।"प्रदेश महासचिव विकास त्यागी ने कहा कि "युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाली भाजपा सरकार को अब जवाब देना होगा। जब नौकरी देनी ही नहीं तो परीक्षाओं का ढोंग क्यों? युवा कांग्रेस महासचिव प्रणय प्रताप ने कहा कि "पेपर लीक उन मेहनती छात्रों के साथ धोखा है जो अपनी प्रतिभा पर भरोसा रखते हैं। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने युवाओं के सपनों से खिलवाड़ बंद नहीं किया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर सलीम खान, संजय तोमर गुड्डू, राजकुमार, भूषण त्यागी, भानु प्रताप, अमित कुमार, उम्मेद गाजी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जनसेवा एक्सप्रेस के रुड़की स्टेशन पर ठहराव की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** दरगाह साबिर पाक कलियर में आने वाले जायरीनों ने दरगाह प्रबंधक और रेलवे प्रशासन को ज्ञापन देकर जन सेवा एक्सप्रेस का रुड़की स्टेशन पर ठहराव बहाल करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि रुड़की स्टेशन कलियर से नजदीक है और यहां से परिवहन की सुविधा भी आसानी से मिल जाती है।

जानकारी के अनुसार जायरीन अजित सोनू, सुमित, रोहित, अजमल, प्रवीण शाह,रोहन आदि का कहना है कि दरगाह में दूर दराज से जायरीन जियारत करने के लिए आते हैं। जिनमें से अधिकतर यात्री जन सेवा एक्सप्रेस से यात्रा करते हैं। पहले यह गाड़ी रुड़की रेलवे स्टेशन पर रुकती थी लेकिन अब इसे सहारनपुर और लक्सर स्टेशन पर ही रोक दिया जाता है जिससे कलियर पहुंचने वाले जायरीनों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इनका कहना है कि रुड़की स्टेशन कलियर से नजदीक है और यहां से परिवहन की सुविधा भी आसानी से मिल जाती है। ऐसे में उन्हें सहारनपुर उतरने के बाद अतिरिक्त यात्रा करनी पड़ती है। इससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती है।यदि ट्रेन का स्टॉपेज फिर से रुड़की स्टेशन पर बहाल कर दिया जाए तो जायरीनों को बड़ी राहत मिलेगी।जायरीनों ने दरगाह प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए दरगाह प्रबंधन और रेलवे प्रशासन से धार्मिक स्थल पर आने वाले जायरीनों की सुविधा को देखते हुए इस पर गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

## आईजी पर गलत टिप्पणी करने पर भीम आर्मी ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का पुतला फूंका

**लक्सर।** आईजी लक्सर राजीव स्वरूप के खिलाफ टिप्पणी पर भीम आर्मी ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का पुतला फूंका। भीम आर्मी और प्रधान संगठन ने आज लक्सर के शिव चौक पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण महारा का पुतला फूंका। यह प्रदर्शन आईजी राजीव स्वरूप के खिलाफ करण महारा की टिप्पणी के विरोध में किया गया।सैकड़ों की संख्या में इकट्ठा हुए कार्यकर्ताओं ने करण महारा के खिलाफ नारे लगाए और कहा कि कांग्रेस की मानसिकता किसी भी दलित अधिकारी या नेता को बर्दाश्त नहीं करती।उन्होंने चेतावनी दी कि अगर करण महारा ने आईजी राजीव स्वरूप से माफी नहीं मांगी, तो वे उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाएंगे और उनके घर के बाहर धरना-प्रदर्शन करेंगे। कार्यकर्ताओं ने पुलिस को एक पत्र भी सौंपा है, जिसमें करण महारा के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई है।

## नरसान में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 470 लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

# स्वास्थ्य शिविर से क्षेत्र के लोगों को मिल रहा लाभ : नीशू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** जनपद वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से शासन के निर्देशों के अनुपालन में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत आज स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, नरसान में किया गया ।

इस अवसर पर श्रीमति नीशू राठी अध्यक्ष गन्ना समिति ने कहा कि आयोजित किए जा रहे स्वास्थ्य शिविर में क्षेत्र वासियों को इसका लाभ मिल रहा है जिसमें स्वास्थ्य शिविरों में पहुंच रहें लोगों का उपचार निःशुल्क किया जा रहा है, इसके लिए उन्होंने राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया,उन्होंने आयोजित होने वाले स्वास्थ्य शिविरों का अधिक से अधिक लोगों को शिविर का लाभ लेने का आह्वान किया है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर के सिंह ने अवगत कराया है कि आज आयोजित किए गए स्वास्थ्य शिविर में 470 व्यक्तियों को विभिन्न प्रकार की चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है जिसमें एक्स-रे, आर०के०एस०के०, ए०एन०सी०, आँखों की जाँच



बाल रोग, दन्त चिकित्सा तथा विकलांग प्रमाण-पत्र आदि सुविधाओं का लाभ उठाया गया। इस अवसर पर डॉ० आर० के० सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, हरिद्वार, डॉ० अनील वर्मा, (अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, हरिद्वार), डॉ अचिन्तन गर्ग (चिकित्सा अधीक्षक), सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, नारसन, डॉ० अलका तोमर एवं डॉ० उसमान, चिकित्सा अधिकारी, श्री अगरीश एवं कमलेश, फार्मेसी अधिकारी, श्री अनुज भारद्वाज, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबन्धम, श्री दिवांशु शर्मा, एकाउंट कम एडमिन ऑफिसर, श्री आकाश सैनी, कनिष्ठ सहायक, डॉ० विकास भट्ट, सी०एच०ओ०, डॉ० अमिता भारती, सी०एच०ओ० श्री किशन पाल, आर०के०एस० काउन्सलर, एवं समस्त अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

# नपं ईओ ने सब्जी, रेहड़ी पटरी व ठेली वालों की सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** नगर पंचायत झबरेडा सभागार में कस्बे में फल सब्जी ठेली व रेहडी लगाने वालों की बैठक कर नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी द्वारा लाइसेंस बनाए जाने की जानकारी दी गई। उन्होंने 1 अक्टूबर तक सभी फल सब्जी ठेली व रेहडी वालों को लाइसेंस बनवाए जाने को कहा गया।

नगर पंचायत झबरेड़ा अधिशासी अधिकारी हर्षवर्धन रावत ने कस्बे में फल सब्जी ठेली तथा रेहडी लगाने वाले की एक बैठक आयोजित कर बताया कि कस्बे मे फल सब्जी लगाने वाले दुकानदारों की तह बाजारी नगर पंचायत द्वारा बिल्कुल समाप्त कर दी गई है। अब सब्जी फल ठेली वालों के लिए नियम जारी किया गया है कि सभी नगर पंचायत में आकर अपने-अपने लाइसेंस बनवा ले 1 वर्ष का लाइसेंस शुल्क 15 सौ रुपए निर्धारित किया गया है। इस वर्ष 2025 का लाइसेंस शुल्क की फीस सात सौ पचास रुपए नगर पंचायत में जमा कर सभी को लाइसेंस बनवाना होगा। उन्होंने बताया कि कस्बे के मुख्य बाजार में अतिक्रमण अधिक बढ़ गया है। नगर पंचायत की ओर से मुख्य बाजार में दुकानों के आगे सड़क पर शीघ्र ही निशान लगाकर लाल पेंट से लाइन लगाई जाएगी। सभी दुकानदारों व सब्जी की फड लगाने वालों को नगर पंचायत की ओर से लगाए गए निशान के अंदर ही रहकर अपना सामान रखना होगा ।नियम का उल्लंघन करने वालों पर नगर पंचायत की ओर से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर राजेंद्र सिंह ओमपाल सिंह तरुण कुमार गुफरान जुल्फान अली इरफान मेहताब अनीस अहमद चरण सिंह संदीप कुमार गौतम तथा संजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

# पीएम का खुला पत्र

सोमवार को अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू होने के साथ ही पूरे देश में जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत हो गई। रविवार को अपने राष्ट्र संबोधन के बाद पीएम मोदी ने सोमवार को इस संबंध में देशवासियों के नाम एक खुला पत्र भी जारी किया। जिसमें 22 सितम्बर से अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू होने के साथ ही पूरे देश में जीएसटी बचत उत्सव की बात कही गई थी। निश्चित रूप से सरकार का यह एक अच्छा कदम ही कहा जाएगा। इससे महिला, युवा, गरीब, मध्यम वर्ग, व्यापारी, लघु उद्योग, कुटीर उद्योग सभी को लाभ होगा। इस फायदे का इशारा पीएम मोदी के खुले पत्र में भी स्पष्ट रूप से बताया गया है। अब रोजमर्रा की जरूरी चीजें जैसे खाना, दवाई, साबुन आदि सामान अब 5 फीसदी की दर से मिलेंगे। बाकी सामानों पर भी टैक्स दरों में कमी की बात पत्र के माध्यम से देशवासियों से कही गई है। उन्होंने उन दुकानदारों की प्रशंसा की, जिन्होंने अपने यहां पहले और अब के बोर्ड इस तरह लगाए हैं, जिसमें लोगों को बताया जा सके कि कोई सामान कितना सस्ता हो गया है। पत्र में 11 वर्षों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने की बात भी कही गई है। पीएम मोदी कुछ समय से स्वदेशी सामान पर अधिक जोर दे रहे हैं। विपक्ष हालांकि अभी भी उनसे नाखुश दिखाई दे रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तो कह भी दिया कि आठ साल जनता को लूटने के बाद अब उसको थोड़ी राहत प्रदान की गई है। विपक्ष का यह भी कहना है कि वह काफी लंबे समय से जीएसटी को लेकर आवाज उठा रहे थे, क्योंकि जो दरें पहले निश्चित की गई थीं उससे सरकार का खजाना तो भर रहा था, लेकिन जनता की जेब खाली हो रही थी। यह बात सरकार भी अप्रत्यक्ष रूप से ही सही मानती दिखाई भी दे रही है, क्योंकि पीएम मोदी स्वयं कह रहे हैं कि नए जीएसटी सुधार से आम आदमी को लाभ होगा। उनकी क्रय शक्ति बढ़ेगी, क्योंकि इससे जो बचत होगी उससे उनकी आर्थिक मजबूती में बढ़ोतरी होगी। इसलिए इसको उन्होंने बचत उत्सव का नाम भी दिया है। निश्चित रूप से सरकार की तरफ से यह देशवासियों के लिए एक बड़ा तोहफा ही कहा जाएगा। यह भी देखना दिलचस्प है कि अभी तक सरकार की तरफ से ही इस फैसले को लेकर अधिक गंभीरता दिखाई जा रही है और पूरा सरकारी अमला इसे सरकार की बड़ी उपलब्धि बताकर माहौल को अपने पक्ष में करता दिखाई दे रहा है। देश के गृहमंत्री अमित शाह ने भी सोमवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा है कि मोदी सरकार का नवरात्र के शुभ अवसर पर देश की सभी माताओं बहनों को जीएसटी सुधारों का उपहार। उन्होंने इसके लिए पीएम मोदी की तारीफ भी की। केंद्रीय वित्तमंत्री सीतारमण भी नई दिल्ली में एक स्टेशनरी की दुकान पर गईं ताकि वह देख सकें कि दुकानदार इसका ठीक से पालन कर रहे हैं या नहीं। निश्चित रूप से पक्ष विपक्ष के दावे आरोप प्रत्यारोप के चलते ही रहते हैं, लेकिन इस समय तो यही कहा जा सकता है कि समय की नजाकत को देखते हुए सरकार ने यह एक सराहनीय कदम उठाया है। अब जरूरत इस बात की है यह सुनिश्चित किया जाए कि लोगों को सीधे लाभ पहुंचे।

## पीओके के लोग आजादी की मांग कर रहे



पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओ.के) भारत में बिना किसी लड़ाई या हमले के अपने आप मिल जाएगा, पीओके के लोग खुद आजादी की मांग कर रहे हैं और एक दिन वे कहेंगे कि मैं भी भारत हूं, 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के अगले ही दिन सीडीएस, तीनों सेनाध्यक्षों और रक्षा सचिव के साथ बैठक में उन्होंने पूछा था कि अगर सरकार आदेश दे, तो क्या सेना तैयार है, उन्होंने बिना एक पल गंवाए कहा कि बिल्कुल तैयार हैं, इसके बाद पीएम मोदी ने हमें पूरी छूट दी और आपने नतीजा देखा कि सीमा पर नहीं, बल्कि 100 किमी अंदर जाकर आतंकी ठिकाने तबाह किए गए, भारत ने आतंकियों को उनके धर्म के आधार पर नहीं, बल्कि उनके कर्म (अपराध) देखकर मार गिराया, आतंकी हमारे लोगों को धर्म पूछकर मारते हैं, पर भारत ने उनका धर्म नहीं देखा, सिर्फ बुरे काम देखकर जवाब दिया है। **राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

# करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है मां शाकुम्भरी सिद्ध पीठ

## सहारनपुर में 42 किमी. उत्तर निर्जन वन में है प्रागैतिहासिक मंदिर

सहारनपुर से 42 किलो मीटर उत्तर निर्जन वन क्षेत्र में शाकुम्भरी देवी का प्रागैतिहासिक धार्मिक मंदिर है। लोगों का मत है कि मां शाकुम्भरी देवी असोज (अश्विन) शुदी चौदस को अवश्य अपने मंदिर में आती हैं। इसी कारण यहां असोज शुदी चौदस को मेला लगता है। इस पीठ में दूर-दूर से लाखों श्रद्धालु आते हैं और शाकुम्भरी देवी के दर्शन कर सोने व चांदी के छत्र चढ़ाते हैं। शाकुम्भरी देवी का उल्लेख संस्कृत के अनेक ग्रन्थों में मिलता है। इनमें महाभारत, देवी भागवत, मार्कण्डेयपुरा, पद्पुराण आदि का नाम लिया जा सकता है। सहारनपुर जनपद के गजेटियर में भी शाकुम्भरी देवी तथा उसके मंदिर का उल्लेख मिलता है। महाभारत में वन पर्व का उल्लेख मिलता है।

यह देवी तीनों लोको में शाकुम्भरी नाम से विख्यात है। उत्तम व्रत का पालन करने वाली उस देवी ने एक हजार दिव्य वर्षों तक एक-एक महीने पर केवल शाक का आहार किया था। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर अहुत से तपोधन ऋषि यहां आये तो उस देवी ने उन महर्षियों का आतिथ्य सत्कार भी शाक के द्वारा ही किया। महाभारत के अतिरिक्त कई पुराणों में भी शाकुम्भरी को उल्लेख मिलता है। तक मै पृथ्वी में शाकुम्भरी नाम से प्रसिद्धि प्राप्त करूंगी और वहीं पर दुर्गम नामक राक्षस का वध करूंगी। सन् 1921 ई. में प्रकाशित सहारनपुर गजेटियर के पृष्ठ 225 पर उल्लेख मिलता है। लगभग 2400 वर्ष पूर्व प्रवास काल में सम्राट चन्द्रगुप्त यहां (बेहट)ठहरता था और यहीं से शाकुम्भरी देवी के दर्शनों को जाता था। इसी प्रसंग का एक प्रकरण डा. सत्यकेतु विद्यालंकार द्वारा लिखित आचार्य चाणक्य नामक उपन्यास में इस प्रकार दिया गया है। शिवा. लिक पहाड़ियों में स्थित यह मंदिर उस समय बड़ा पवित्र माना जाता था और भगवती शाकुम्भरी के दर्शन के लिये लाखों श्रद्धालु प्रति वर्ष यहां आया करते थे। इस मंदिर के चारों और घनघोर जंगल था और दिन में समय वहां जाना भय से खाली नहीं समझा जाता था। यहीं कारण है कि शाकुम्भरी के यात्री 'बृहद्हटट्' नामक नगर में ठहरकर दिन के समय टोली बनाकर दर्शन को जाते थे। बृहद्टट् नगरी शाकुम्भरी देवी के मंदिर से डेढ़ योजन पर उस राजमार्ग पर स्थित थी, जो कुरुक्षेत्र से उत्तर के पार्वत्य नगरों के साथ व्यापार हेतु इस मार्ग का उपयोग था और बृहद्हटट् इस व्यापार का महत्वपूर्ण स्थान था। श्री मंदिर के गर्भ में मां शाकुम्भरी देवी के दाहिने ओर छोटी सी मूर्ति बालगणपति की है। दाहिने भीमा भ्रामरी की मूतियां है, बाये शताक्षी देवी



की मूर्ति है। प्रमुख मंदिर के बाहर आंगन में शिव, हनुमान, काली एवं भैरव आदि की मूर्तियां है। मंदिर के सामने ही स्वच्छ जल की प्राकृतिक धारा बहती है, इसके दूसरी ओर विशाल 'वीर क्षेत्र' का मैदान है। पास ही पहाड़ पर माता छिन्नमस्ता देवी का मंदिर है। मंदिर से एक मील पहले भूरादेव का एक छोटा सा मंदिर है। इसे भगवती का पहरेदार भी कहते हैं। कहते हैं कि देवी का यह मंदिर बहुत ही भव्य था। इसके आसपास कोई निर्माण नहीं था केवल अश्विनी मास की चतुर्दशी को ही यहां छोटा सा मेला लगता था। दर्शनार्थी रात्रि में यहां ठहरना नहीं चाहते थे क्योंकि यह घाटी हिंसक पशुओं से भी थी। तीर्थ यात्री बेहट में ही डेरा डालते थे। वहां से प्रातः ही बैलगाड़ियों में यहां दर्शन करने आते थे और रात होते-होते बेहट लौट जाया करते थे। 7-8 किलो मीटर ऊपर सहस्रा ठाकुर जी का प्राचीन मंदिर है। श्रद्धालु तब इसी मंदिर को अधिक महत्व देते थे। इस क्षेत्र की सम्पूर्ण परिक्रमा 1-2 मील की थी, जिसमें शाकुम्भरी देवी, सहस्रा ठाकुर शाकेश्वर महादेव, रक्त दंतिका, छिन्न मस्तिका आदि पूजनीय स्थान थे। प्रथम दर्शन भूरे देव का माना जाता था। अन्यथा यात्रा अधूरी मानी जाती थी। अब परिस्थितियां अत्यन्त बदल चुकी है। आज मां शाकुम्भरी देवी की मान्यता न केवल भारत वरन् विश्व स्तर की हो चुकी है। प्रतिदिन यात्रियों तथा दर्शनार्थियों का ताता लगा रहता है। रविवार अष्टमी तथा चतुर्दशी को तो छोटे मेले जैसा दृश्य देखने को मिलता है। समृद्ध परिवारों के तीर्थ यात्री तो अब अपने-अपने निजी वाहनों से आते हैं और दर्शन कर भण्डारा देकर सांयकाल वापस चले जाते है। वैसे सहारनपुर से बसें भी मंदिर द्वार तक जाती आती है। मंदिर के समीप ऊपर भी आश्रम है जहां निःशुल्क आवास तथा भोजन की सुविधा उपलब्ध है। विशाल यज्ञ शाला में सहस्र चण्डी यज्ञ होते रहते हैं। सामने तथा नीचे खोल में कई धर्मशालाएं, रैन बसेरा तथा अग्रवाल धर्मशाला, श्री शंकराचार्याश्रम आदि है अर्थात ठहरने की अच्छी व्यवस्था है। इसके लिए मंदिर के व्यवस्थापक राणा आदित्य प्रताप सिंह मंदिर परिक्षेत्र में अच्छा इंतजाम रखते हैं। सहस्रा खोले में मंदिर में पास भोजन जलपान तथा प्रसाद आदि की अस्थायी दुकाने हैं। दुकानों में भी यात्रियों को ठहराने की व्यवस्था रहती है। वर्षाकाल में बरसाती नदी में जल भर जाने के कारण भूरादेव से मंदिर श्री शाकुम्भरी देवी तक मार्ग प्रायः अवरुद्ध हो जाता है और तीर्थ यात्रियों को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। वाहन तथा सामान ओर कभी-कभी यात्री भी पानी में बह जाते हैं। भूरादेव से भवन तक का एक मील का यह टुकड़ा अभी तक नहीं बन पाया है। कई बार मंत्रियों, वन विभाग तथा जिला पंचायत द्वारा घोषनाएं हुई किन्तु यह कार्य सम्पन्न नहीं हुआ। जब तक नदी पर दो पुल नहीं बनते और ऊपर पहाड़ी मार्ग नहीं बन जाता तक तक मंदिर तथा आसपास के सौन्दर्यीकरण का प्रश्न ही नहीं उठता। यह गुरूतर कार्य प्रदेश तथा केन्द्रीय सरकार ही करा सकती है। माता वैष्णवी देवी की तर्ज पर इस मंदिर का विकास भी किया जा सकता है अन्यथा तीर्थ यात्रियों की कठिनाइयां जस की तस ही बनी रहेगी। इस बार भरने वाला शाकुम्भरी मेला आज 22 सितम्बर से 2025 से शुरू हो गया है। मेले की सभी व्यवस्था जिला पंचायत करती है। जबकि जिले का पुलिस व प्रशासन भी अपनी व्यवस्था बनाए रखने में कोई कमी नहीं छोड़ता। लगभग दस दिनों तक चलने वाले इस मेले में श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा हुआ है। आजकल चतुर्थ नवरात्र पर्व पर सिद्धपीठ श्री मां शाकुम्भरी देवी मंदिर पर श्रद्धालुओं का सैलाब सा उमड़ा हुआ है।



ज़िया अब्बास ज़ैदी
वरिष्ठ पत्रकार
मोबाइल नंबर- 9837776610,
ई-मेल- ziaabbaszaidist@gmail.com

# बच्चों का हास-परिहास और उनका विकास

**यह है कि छोटे बच्चे अक्सर कहे जाने पर मजाक नहीं करते और शोधकर्ताओं के सामने शर्माते भी हैं। कभी-कभी उनका हास्य समझना भी मुश्किल होता है। फिर, कुछ विद्वान हास्य को हल्का-फुल्का विषय मानते हैं और शोध के लायक नहीं समझते। लेकिन हाल के अध्ययनों ने इस सोच को बदला है। एलेना होइका जैसे मनोवैज्ञानिकों ने बच्चों के हास्य के विकास को बारीकी से ट्रैक किया और दिखाया कि यह उनके मानसिक विकास से जुड़ा है। यानी यह केवल हंसी-मजाक नहीं है, बल्कि बच्चों के विकास में गंभीर और अहम भूमिका निभाता है। बहरहाल, हास्य का महत्व सिर्फ बचपन के विकास या सामाजिक रिश्तों तक सीमित नहीं है। इसकी असली ताकत यह है कि यह हमें इंसान बनाता है।**

हास्य-विनोद इंसानी व्यक्तित्व का बहुत पुराना और रोचक पहलू है। बच्चे पूरे वाक्य बोलने या किताब पढ़ने से पहले ही हंसी-मजाक और शरारतें करने लगते हैं। यह उनके विकास, दूसरों से जुड़ाव और बुद्धिमत्ता से जुड़ा होता है।

शोध बताता है कि बच्चे जन्म के कुछ ही महीनों बाद मुस्कराने और थोड़े समय बाद हंसने लगते है। शुरू में वे सरल खेलों से मजा लेते हैंय जैसे आंख-मिचौली, गुदगुदी या टेढ़े-मेढ़े चेहरे बनाना। फिर वे अजीब जगहों पर छिपने का नाटक, उछल-कूद या चीजों को खिलौने बना कर मजा लेने लगते हैं। धीरे-धीरे बच्चे और उन्नत हास्य करने लगते हैंय जैसे चिढ़ाना, भूमिकाएं निभाना, बेतुके शब्द बोलना और अंत में शब्दों के खेल और चुटकुले समझना। मनोवैज्ञानिकों ने इसे 'अर्ली ह्यूमर सर्वेश जैसे शोधों में दर्ज किया है। इससे स्पष्ट होता है कि बच्चे अचानक मजाकिया नहीं बन जाते बल्कि धीरे-धीरे यह कौशल विकसित करते हैं, जो आगे चलकर उनकी सोच और संवाद की क्षमता को मजबूत बनाता है। हास्य सिर्फ मनोरंजन नहीं है, बल्कि यह सीखने और सामाजिक विकास का एक महत्वपूर्ण जरिया है। जब कोई बच्चा मजाक या चुटकुला समझता है, तो उसे कई बातों पर ध्यान देना पड़ता है - जैसे किसी चीज का सामान्य उपयोग क्या है, उसमें क्या अलग या अजीब किया गया है और क्यों वह मजेदार लग रहा है। इसका मतलब है कि बच्चा चीजों को केवल अपनी नजर से नहीं बल्कि दूसरों के दृष्टिकोण से भी देखना सीखता है। मनोवैज्ञानिक इसे थ्योरी ऑफ माइंड कहते हैं। जो बच्चे ज्यादा मजाक करते हैं या खेल-खेल में हंसी-मजाक करते हैं, वे सामाजिक और मानसिक रूप से ज्यादा तेजी से विकसित होते हैं। वे जल्दी सीखते हैं, बेहतर संवाद करते हैं और अच्छे रिश्ते बना पाते हैं। हंसी-विनोद हमारे रिश्तों को मजबूत करने का काम करते हैं। मनोवैज्ञानिक रॉबर्ट प्रोवाइन के अध्ययन में पाया गया कि हम दूसरों के साथ रहते हुए लगभग 30 गुना अधिक हंसते हैं। दिलचस्प बात यह है कि हम केवल 20 प्रतिशत मजाक या चुटकुलों पर हंसते है, बकाया तो आम बातचीत के दौरान हंसते हैं। यानी हंसी जुड़ाव, भरोसे और अपनेपन से जुड़ा मामला है। यह आदत सिर्फ इंसानों तक सीमित नहीं है। चिम्पैंजी और गोरिल्ला जैसे अन्य प्राइमेट भी खेलते समय हंसी जैसी हरकतें दिखाते हैं। वैज्ञानिक मानते हैं कि शुरू में हंसी का विकास 'सोशल ग्रूमिंग' के लिए हुआ था। क्योंकि शारीरिक ग्रूमिंग जैसे एक-दूसरे को साफ करना छोटे समूहों तक सीमित था और समय लेता था, हंसी शायद एक आसान और तेज तरीका बनी जिससे बड़े समूहों में भी अपनापन बढ़ सके। मनुष्यों में हंसी और भी मजबूत भूमिका निभाती है। यह दो तरह की होती है। एक, स्वाभाविक हंसी (जब हमें सच में कुछ मजेदार लगता है)। दूसरी, जान-बूझकर की गई हंसी जिसे हम दोस्ती जताने, तनाव घटाने या रूचि दिखाने के लिए करते हैं। दोनों ही तरह की हंसी लोगों को जोड़ने और समूहों को एकजुट रखने में अहम भूमिका निभाती है। वैज्ञानिक कहते हैं कि इंसानी हंसी हमारी निहायत नैसर्गिक अभिव्यक्तियों में से एक है। इंसानों की खासियत यह है कि हम केवल खेल-खेल में नहीं, बल्कि व्यंग्य, कटाक्ष और यहां तक कि गहरी दार्शनिक बातों पर भी हंस सकते हैं। यह दिखाता है कि हास्य मानव स्वभाव की बुनियादी विशेषता है। इतिहास में कई दार्शनिकों ने इंसान की अनोखी पहचान को परिभाषित करने की कोशिश की है - अरस्तू ने इसे तार्किकता का नाम दिया, विट्गेंस्टाइन ने इसे भाषा बताया और सार्त्र ने स्वतंत्र निर्णय, लेकिन हास्य की सर्वव्यापकता और बच्चों द्वारा इसे इतनी जल्दी अपनाना यह संकेत देता है कि हास्य हमारी पहचान के लिए उतना ही जरूरी है जितनी तार्किकता या भाषा। कहना गलत न होगा कि हम हंसते हैं इसलिए हम इंसान हैं।

**सीखने में हास्य का महत्व**

हास्य सीखने को आसान और मजेदार बना देता है। शोध बताते हैं कि यदि बच्चों को पढ़ाते समय हंसी-मजाक का इस्तेमाल किया जाता है तो बच्चे जल्दी और बेहतर सीखते हैं। यहां तक कि खबरें भी मजेदार अंदाज में सुनाई जाएं तो लोग उन्हें ज्यादा दिलचस्पी से सुनते हैं। बच्चों द्वारा हास्य और कल्पना को मिलाना भी सीखने का हिस्सा है। जैसे केले को फोन बनाना या अजीब से शब्द गढ़ना-यह केवल खेल नहीं बल्कि रचनात्मकता की शुरुआत हैं। हास्य बच्चों को सुरक्षित और मजेदार तरीके से नियम तोड़ने का मौका देता है, जिससे वे नई बातें सोच पाते हैं और आगे बढ़ते हैं। धीरे-धीरे यही खेल-खेल में किया गया हास्य उन्हें कहानी कहने, नकल करने और गहराई से सोचने की क्षमता तक ले जाता है। हालांकि बच्चों में हास्य बहुत महत्वपूर्ण है, लेकिन इस पर उतना शोध नहीं हुआ है जितना अन्य मनोवैज्ञानिक विषयों पर हुआ है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# आयुर्वेद दिवसः स्वास्थ्य और प्रकृति के संतुलन का महत्व

आयुर्वेद, जिसकी जड़ें भारतीय संस्कृति और ज्ञान की हजारों वर्षों पुरानी परंपराओं में निहित हैं, आज वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य और कल्याण की एक मान्यता प्राप्त प्रणाली बन चुका है। ऋग्वेद और अथर्ववेद में वर्णित औषधीय ज्ञान से लेकर चरक, सुश्रुत और वाग्भट्ट जैसे आचार्यों के ग्रंथों तक, आयुर्वेद ने सदियों से मनुष्य को प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण जीवन जीने की शिक्षा दी है। यह केवल एक औषधि-प्रणाली नहीं है बल्कि जीवन जीने की संपूर्ण पद्धति है, जिसमें आहार, विहार, आचरण, योग और ध्यान को स्वास्थ्य का मूल आधार माना जाता है। इसी कारण आयुर्वेद को 'जीवन वेद' कहा जाता है, जो मनुष्य को केवल रोगमुक्ति ही नहीं बल्कि दीर्घायु, संतुलित और पर्यावरण-सम्मत जीवन की ओर प्रेरित करता है। 2016 में जब पहली बार आयुर्वेद दिवस मनाया गया था, तब इसकी तिथि धनतेरस के साथ जुड़ी थी लेकिन वैश्विक महत्व और स्थाई पहचान को ध्यान में रखते हुए अब प्रत्एक वर्ष 23 सितंबर को यह दिवस मनाया जाएगा। इस वर्ष आयुर्वेद दिवस का 10वां संस्करण 'आयुर्वेद जन-जन के लिए, पृथ्वी के कल्याण के लिए' थीम के साथ मनाया जा रहा है, जो न केवल मनुष्य के व्यक्तिगत स्वास्थ्य को बल्कि पर्यावरणीय संतुलन और पारिस्थितिकीय स्थिरता को भी केंद्र में लाता है। इस .ष्टि से यह वर्ष आयुर्वेद दिवस को वैश्विक स्वास्थ्य और धरती के कल्याण का एक संयुक्त मंच बना देता है। वर्तमान वैश्विक संदर्भ में जब आधुनिक जीवनशैली अनेक चुनौतियां खड़ी कर रही है, तब आयुर्वेद की प्रासंगिकता बहुत बढ़ गई है। मधुमेह, मोटापा, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, मानसिक तनाव इत्यादि जीवनशैली से संबंधित रोग आज विश्वभर में गंभीर समस्या बन चुके हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर साल करोड़ों लोग जीवनशैली संबंधी विकारों से प्रभावित हो रहे हैं और इनसे जुड़ी मृत्यु दर लगातार बढ़ रही है। ऐसे समय में आयुर्वेद का यह संदेश कि रोग की रोकथाम उपचार से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है, आधुनिक चिकित्सा व्यवस्था के लिए भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो सकता है। आहार-विहार के संतुलन, प्राकृतिक जीवन पद्धति, दिनचर्या और ऋतुचर्या पर आधारित जीवनशैली को अपनाकर न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य सुधारा जा सकता है बल्कि सामाजिक और वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य भार को कम किया जा सकता है।



आयुर्वेद दिवस का इस वर्ष का विषय पर्यावरण की रक्षा को भी प्राथमिकता देता है। आज वैश्विक स्तर पर जलवायु परिवर्तन, वायु और जल प्रदूषण, प्राकृतिक संसाधनों की कमी और असंतुलित उपभोग जैसी चुनौतियां हमारे सामने हैं। वैज्ञानिक रिपोर्टें लगातार चेतावनी दे रही हैं कि यदि इन समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाली पीढ़ियां गंभीर संकट का सामना करेंगी। आयुर्वेद इस दिशा में मार्गदर्शन करता है कि कैसे हम प्रकृति के साथ संतुलित संबंध बनाकर अपने स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों की रक्षा कर सकते हैं। आयुर्वेदिक उपचार पद्धतियां रासायनिक दवाओं की तुलना में पर्यावरण पर कहीं अधिक कम बोझ डालती हैं। औषधीय पौधों और प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित चिकित्सा न केवल सुरक्षित है बल्कि जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र को भी संरक्षित करने में मददगार है। विश्व स्तर पर भी आयुर्वेद अब केवल भारत की सीमाओं तक सीमित नहीं है। आज 24 देशों में इसे पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली के रूप में मान्यता प्राप्त है और 100 से अधिक देश आयुर्वेदिक औषधियों और उत्पादों का आयात करते हैं। आयुष मंत्रालय के अनुसार भारत का आयुर्वेदिक उद्योग वर्ष 2023-24 में लगभग 5.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच चुका है और 2028 तक इसके 10 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। यह न केवल भारत की अर्थव्यवस्था में योगदान कर रहा है बल्कि विश्व को प्राकृतिक और सुरक्षित स्वास्थ्य विकल्प भी उपलब्ध करा रहा है। आयुर्वेदिक उत्पादों की मांग अमेरिका, यूरोप, एशिया और अफीका के देशों में लगातार बढ़ रही है और योग तथा ध्यान के साथ मिलकर यह एक समग्र स्वास्थ्य समाधान के रूप में स्थापित हो रहा है। आयुर्वेद दिवस 2024 की उपलब्धियों ने इस वर्ष के आयोजन के लिए ठोस आधार तैयार किया है। पिछले वर्ष अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) के दूसरे चरण का उद्घाटन किया गया, जिससे शोध, शिक्षा और उपचार की सुविधाओं का विस्तार हुआ। साथ ही आयुर्वेद में चार उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए गए, जिन्होंने आधुनिक अनुसंधान और पारंपरिक ज्ञान को जोड़ने का कार्य किया। 'देश का प्रकृति संरक्षण अभियान' भी इसी क्रम में शुरू किया गया, जो यह दर्शाता है कि आयुर्वेद केवल चिकित्सा नहीं है बल्कि पर्यावरणीय संरक्षण का भी हिस्सा है। यह उपलब्धियां



योगेश कुमार गोयल

इस बात का प्रमाण हैं कि भारत आयुर्वेद को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठा रहा है।

आयुर्वेद का प्रभाव सामाजिक स्तर पर भी उल्लेखनीय है। हाल ही में हुए प्रथम अखिल भारतीय एनएसएसओ सर्वेक्षण ने स्पष्ट किया है कि भारत के ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों में आयुर्वेद सबसे अधिक इस्तेमाल की जाने वाली उपचार प्रणाली है। इसका कारण यह है कि लोग इसे सुरक्षित, सुलभ और किफायती मानते हैं। आयुर्वेदिक औषधियां न केवल घरेलू स्तर पर आसानी से उपलब्ध होती हैं बल्कि इनके दुष्प्रभाव भी न्यूनतम होते हैं। यही कारण है कि आज आम नागरिक से लेकर वैश्विक स्वास्थ्य विशेषज्ञ तक, आयुर्वेद को आधुनिक चिकित्सा प्रणाली का एक महत्वपूर्ण पूरक मान रहे हैं। आयुर्वेद का यह स्वरूप न केवल स्वास्थ्य की .ष्टि से बल्कि सांस्कृतिक और कूटनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। विश्व के कई देशों में भारत की 'सॉफ्ट पावर' के रूप में आयुर्वेद और योग की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### सुशीला कार्की की कैबिनेट में शामिल हुए चार नए मंत्री

**काठमांडू।** नेपाल में पीएम सुशीला कार्की की कैबिनेट में सोमवार को चार नए मंत्री शामिल हो गए है। इन्हें राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल के निवास में आयोजित एक समारोह में शपथ दिलाई गई। इसमें पूर्व जज अनिल कुमार सिन्हा को उद्योग, विधि एवं भूमि प्रबंधन और सहकारिता मंत्रालय, महावीर पुन को शिक्षा मंत्रालय, मदन परियार को कृषि मंत्रालय और जगदीश खरेल को संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही कार्की की कैबिनेट में प्रधानमंत्री सहित आठ सदस्य हो गए हैं।

### पश्चिमी इराक में दो सुरक्षाकर्मी मारे गए

**बगदाद।** इराक के आतंकवाद निरोधी सेवा (सीटीएस) के दो सदस्य रविवार को पश्चिमी प्रांत अनबार में सुरक्षा अभियान के दौरान हुए विस्फोट में मारे गए और एक खुफिया अधिकारी घायल हो गया। यह जानकारी इराकी सेना ने दी। इराकी संयुक्त ऑपरेशन कमांड से संबद्ध मीडिया आउटलेट, सिक्योरिटी मीडिया सेल ने एक बयान में कहा कि यह घटना स्थानीय समयानुसार अपराह्न 3:00 बजे (1200 जीएमटी) हुई, जब सीटीएस और अनबर खुफिया एवं आतंकवाद निरोधक निदेशालय का एक संयुक्त बल अनबर में इस्लामिक स्टेट आतंकवादियों के ठिकानों पर हाल ही में किए गए हवाई हमले के स्थल का निरीक्षण कर रहा था।

### क्रीमिया में यूक्रेनी ड्रोन हमलों में तीन लोगों की मौत

**मास्को।** क्रीमिया में एक यूक्रेनी ड्रोन हमले में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 16 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी यूक्रेन के क्षेत्रीय प्रमुख सर्गेई अक्स्योनोव ने रविवार को अपने टेलीग्राम चैनल पर दी। अक्स्योनोव ने कहा कि यह घटना फोरोस बस्ती के पास हुई जहां फोरोस सैनिटोरियम और एक स्थानीय स्कूल भवन की कई सुविधाएं क्षतिग्रस्त हो गईं। अक्स्योनोव के सलाहकार ओलेग क्रायुचकोव ने एक टेलीग्राम पोस्ट में कहा कि फोरोस स्कूल पर ड्रोन हमले में असेंबली हॉल पूरी तरह नष्ट हो गया और लाइब्रेरी को भारी नुकसान पहुंचा।

### रागासा ने हांगकांग की सभी उड़ानों पर डाला असर, 500 से अधिक रद्द

**हांगकांग।** हांगकांग हवाई अड्डा प्राधिकरण ने सोमवार को तूफान रागासा के रौद्र रुप को देखते हुए विभिन्न विमानन कंपनियों की कई उड़ानें रद्द करने की घोषणा की। प्राधिकरण ने कहा कि मंगलवार शाम से ही उड़ानों में कटौती शुरु कर दी जाएगी। इस शक्तिशाली तूफान के बुधवार को यहां पहुंचने की आशंका है। इस दौरान केवल 'कुछ ही उड़ानों' को उड़ान भरने और उतरने की अनुमति होगी।

# ChatGPT की मदद से महिला ने जीते 1.25 करोड़ रुपये

## आठ सितम्बर को वर्जीनिया लॉटरी में चार सही नंबर और पावरबाल मिलाकर लाटरी जीती




■ जैसे ही यह इनाम मेरे पास आया, तो मुझे तुरंत समझ आ गया कि मुझे इस पैसे का क्या करना है: कैरी

**वर्जीनिया।** रिश्तों में सलाह देना हो या किसी की मन की बात सुनना, आज चैटजीपीटी कई तरह से लोगों की मदद कर रहा है, लेकिन अब यह लाटरी जीतने में भी मददगार साबित हो रहा है। वर्जीनिया के मिडलोथियन शहर की रहने वाली कैरी एडवर्ड्स इसका ताजा उदाहरण हैं। उन्होंने आठ सितम्बर को वर्जीनिया लाटरी में चार सही नंबर और पावरबाल मिलाकर लाटरी जीत ली।

पहले उन्हें 50 हजार अमेरिकी डॉलर (करीब 42 लाख रुपये) मिलने वाले थे। लेकिन उन्होंने 'पावर प्ले' नाम का एक विकल्प चुना, जिसमें केवल एक डॉलर और जोड़ने पर इनाम तीन गुना हो गया। इस तरह उन्हें कुल 150000 डॉलर (करीब 1.25 करोड़ रुपये) मिले। अब सवाल यह है कि ये इनाम जीतने वाले नंबर उन्हें किसने बताए? ये नंबर चौटजीपीटी ने दिए। कैरी आमतौर पर लाटरी नहीं खेलतीं। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने फोन के चौटजीपीटी ऐप से नंबर पूछे। एक प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान उन्होंने बताया कि मैंने चौटजीपीटी से कहा-मुझसे बात करो...क्या तुम्हारे पास मेरे लिए कुछ नंबर हैं? दो दिन बाद जब वह एक बैठक में थीं, तो उनके फोन पर एक नोटिफिकेशन आया, जिसने उन्हें चौंका दिया। शुरुआत में उन्हें लगा कि यह कोई धोखाधड़ी है, लेकिन जब उन्होंने खबर की पुष्टि की तो उन्हें इस जिंदगी बदल देने वाली जीत पर भरोसा हुआ। उन्होंने कहा, जैसे ही यह इनाम मेरे पास आया तो मुझे तुरंत समझ आ गया कि मुझे इस पैसे का क्या करना है। मुझे लगा कि मुझे यह सब दान कर देना चाहिए, क्योंकि मुझे पहले ही बहुत कुछ मिला है। मैं चाहती हूं कि यह एक उदाहरण बने कि जब किसी को कुछ अच्छा मिले तो वह दूसरों की मदद करे। कैरी एडवर्ड्स ने पूरे 150000 डॉलर अच्छे कामों में बांटने का फैसला किया। पहला हिस्सा उन्होंने एक चौरिटी को दिया, जिसका नाम एसोसिएशन फार फ्रंटोटेम्पोरल डिजेनरेशन है।

यह संस्था ऐसी बीमारी पर शोध करती है, जिससे 2024 में उनके पति की मौत हुई थी। दूसरा हिस्सा शलोम फार्म्स को दिया गया, जो रिचमंड में एक जैविक खेती करने वाला फार्म है और भूख की समस्या को हल करने के लिए काम करता है। तीसरा हिस्सा नेवी-मरीन कार्प्स रिलीफ सोसायटी को मिला, जो उनके दिल के बहुत करीब है, क्योंकि उनके पिता एक फाइटर पायलट थे और इस संस्था से हमेशा जुड़े रहे।



**यूक्रेन।** जापोरिज्जिया में रूसी हमले के दौरान नष्ट हुई एक इमारत में काम करते बचावकर्मी।

## बांग्लादेश में डेंगू से एक दिन में हुई सबसे अधिक मौतें: डीजीएचएस

**ढाका।** बंगलादेश के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) ने रविवार को कहा कि देश में डेंगू से कुल 12 लोगों की मौत हुई है। बंगलादेश में एक दिन में हुई मौतों का यह अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। डीजीएचएस के आंकड़ों के अनुसार इस साल मरने वालों की संख्या 179 तक पहुंच गई है। डीजीएचएस ने बताया कि पिछले 24 घंटों में रविवार सुबह आठ बजे तक देश में 740 नए संक्रमण के मामले सामने आये जिससे इस वर्ष अब तक डेंगू के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 41,831 हो गई है। संक्रमण के ये ताजा आंकड़े देश के कुछ हिस्सों में मच्छर जनित बीमारी के तेजी से बढ़त को दिखाते हैं। गौरतलब है कि जून-सितम्बर मानसून अवधि बंगलादेश में डेंगू बुखार का मौसम माना जाता है, इस कारण इसे मच्छर जनित बीमारियों के लिए उच्च जोखिम वाला देश माना जाता है।

## परमाणु निरस्त्रीकरण अब पुरानी कहानी: किम जोंग उन



■ किम ने द. कोरिया के साथ बातचीत की संभावना को सिरे से खारिज कर दिया

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया के राष्ट्रपति किम जोंग उन ने कहा है कि परमाणु निरस्त्रीकरण एक अवधारणा के रूप में अपना अर्थ खो चुका है और उनका देश अपने परमाणु हथियारों को 'कभी नहीं' त्यागेगा, लेकिन अगर अमेरिका 'परमाणु निरस्त्रीकरण के अपने मोह को छोड़ दे' तो वह उसके साथ 'शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व' पर चर्चा के लिए तैयार है।

उत्तर कोरिया की संवाद समिति केसीएनए के अनुसार, उन ने चौदहवीं सुप्रीम पीपुल्स असेंबली के तेरहवें सत्र के दूसरे दिन यह टिप्पणी की। यह सत्र 20 से 21 सितम्बर तक मानसुडे असेंबली हॉल में आयोजित किया गया था।अपने संबोधन में किम ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ अपनी 'अच्छी यादें' साझा कीं। साल 2018-19 में हुई इन मुलाकातों में प्रतिबंधों में राहत के बदले परमाणु निरस्त्रीकरण के कदमों पर चर्चा करने के लिए तीन बार बात की गई थी। यह टिप्पणी अमेरिका के राष्ट्रपति के इस साल किम से मिलने की इच्छा व्यक्त करने के एक महीने से भी कम समय बाद आई है। उन्होंने तब किम के साथ अपने 'बेहद मैत्रीपूर्ण' संबंधों पर ज़ोर दिया था। किम ने दक्षिण कोरिया के साथ बातचीत की संभावना को सिरे से खारिज कर दिया।

# अमेरिका को छोड़ 150 देशों ने फलस्तीन को दी मान्यता

## पिछले 24 घंटे में ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और पुर्तगाल ने फलस्तीन को एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता दी




■ ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा: दो राष्ट्र समाधान ही शांति का रास्ता
■ इस कदम से इजरायल पर गाजा में मानवीय संकट कम करने का दबाव बढ़ा
■ फ्रांस इस हफ्ते यूएन में फलस्तीन को मान्यता देने के पक्ष में वोट करेगा

**लंदन।** पिछले 24 घंटे में ब्रिटेन, कनाडा, आस्ट्रेलिया और पुर्तगाल ने फलस्तीन को औपचारिक तौर पर एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता दे दी। इससे फलस्तीन को मान्यता देने वाले देशों की संख्या अब करीब 150 हो गई है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि दो राष्ट्र समाधान ही शांति का रास्ता है।

वहीं पुर्तगाल के विदेश मंत्री पाउलो रेंजेल ने कहा कि फलस्तीन को मान्यता देना ही स्थाई शांति का एकमात्र रास्ता है। इस कदम से इजरायल पर गाजा में मानवीय संकट कम करने का दबाव बढ़ा है। हालांकि, अमेरिका अब भी फलस्तीन को एक देश के तौर पर मान्यता नहीं देता है। वहीं, फ्रांस ने भी ऐलान किया है कि वह इस हफ्ते यूएन में फलस्तीन को मान्यता देने के पक्ष में वोट करेगा। ब्रिटिश पीएम ने वीडियो संदेश जारी कर फलस्तीन को मान्यता देने का ऐलान किया। वहीं, इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि फलस्तीन को आजाद देश मानना आतंकवाद को इनाम देना है। जार्डन नदी के पश्चिम में फलस्तीनी देश नहीं बनेगा। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सरकार ने वेस्ट बैंक में यहूदी बस्तियों को दोगुना कर दिया है और इसे और बढ़ाएंगे। नेतन्याहू ने चेतावनी दी कि वह इस मान्यता का जवाब अमेरिका से लौटने के बाद देंगे। विदेश मंत्री यवेट कूपर ने इजरायल को साफ चेतावनी दी है कि ब्रिटेन के फलस्तीनी को मान्यता देने के बाद वह वेस्ट बैंक के हिस्सों पर कब्जा करने की कोशिश न करे, उनकी सरकार यह बर्दाश्त नहीं करेगी। कूपर ने कहा कि दोनों तरफ कट्टरपंथी लोग हैं जो टू स्टेट साल्यूशन को खत्म करना चाहते हैं, लेकिन ब्रिटेन इसे बचाना चाहता है। कई सालों से पश्चिमी देशों की सरकारें कहती रही हैं कि फलस्तीन देश को मान्यता तब दी जाएगी जब हालात सही होंगे। उनका मानना था कि सिर्फ मान्यता देने से असलियत नहीं बदलेगी। लेकिन अब हालात इतने बिगड़ गए हैं कि सरकारें दबाव महसूस कर रही हैं। इजरायल की लगातार सैन्य कार्रवाई से इजरायल को लेकर दुनिया की राय बदल रही है। इन्हीं वजहों से कई देशों ने फलस्तीन को मान्यता देने का फैसला किया है। फलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों में से करीब 75 प्रतिशत देश मान्यता दे चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र में इसे 'परमानेंट आबजर्वर स्टेट' का दर्जा हासिल है। इसका मतलब है कि फलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र के कार्यक्रमों में शामिल होने की अनुमति तो है लेकिन वोटिंग का अधिकार नहीं है। फ्रांस की मान्यता मिलने के बाद फलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के 5 में 4 स्थाई देशों का समर्थन मिल जाएगा। चीन और रूस दोनों ने 1988 में फलस्तीन को मान्यता दी थी। ऐसे में अमेरिका इकलौता देश होगा जिसने फलस्तीन को मान्यता नहीं दी है। उसने ने फलस्तीनी अथारिटी (एपी) को मान्यता दी है। फलस्तीनी अथारिटी 1994 में इसलिए बनाई गई थी ताकि फलस्तीनियों के पास अपनी स्थानीय सरकार जैसी व्यवस्था हो और आगे चलकर यह पूरा राज्य बनने की नींव बन सके।

# H-1B वीजा की फीस बढ़ने के बाद चीन लाया K वीजा

## टैलेंटेड युवाओं को बुलाना मकसद, चीनी कंपनी में नौकरी के ऑफर के बिना भी आवेदन कर सकेंगे




■ के-वीजा साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, मैथ से जुड़े युवाओं और स्किल्ड प्रोफेशनल्स के लिए है

**बीजिंग।** अमेरिका ने प्रोफेशनल्स के लिए एच-1बी वीजा की फीस करीब 6 लाख से बढ़ाकर 88 लाख कर दी है। इस बीच चीन ने नया 'के-वीजा' शुरू करने का ऐलान किया है।

साउथ चाइना मार्निंग पोस्ट के मुताबिक के-वीजा साइंस, टेक्नोलाजी, इंजीनियरिंग, मैथ (एसटीईएम) से जुड़े युवाओं और स्किल्ड प्रोफेशनल्स के लिए है। यह 1 अक्टूबर, 2025 से जारी होगा। इन सब्जेक्ट्स में रिसर्च कर रहे कैंडिडेट भी के-वीजा के लिए आवेदन कर सकेंगे। खास बात यह है कि चीनी कंपनी से नौकरी का ऑफर न होने पर भी इस वीजा के लिए आवेदन कर सकेंगे। अमेरिका ने 21 सितम्बर से एच-1बी वीजा फीस बढ़ा दी है। इससे प्रोफेशनल्स को अमेरिका जाने में मुश्किलें होंगी। ऐसे में चीन के के-वीजा को एच-1बी का विकल्प माना जा रहा है। इस बीच ब्रिटेन भी हाई स्किल्ड लोगों के लिए वीजा फीस खत्म करने पर विचार कर रहा है। रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक जिन लोगों ने दुनिया के टॉप 5 यूनिवर्सिटी में पढ़ाई की है या फिर कोई बड़ा इंटरनेशनल अवार्ड जीता है, उनकी पूरी वीजा फीस माफ हो जाएगी। फिलहाल, ब्रिटेन के ग्लोबल टैलेंट वीजा की आवेदन फीस 766 पाउंड (करीब 90 हजार) है। 26 नवम्बर के बजट से पहले इसे खत्म करने का ऐलान हो सकता है। चीन अभी 12 तरह के वीजा जारी करता है। अभी चीन में काम करने के लिए आर-वीजा या जेड-वीजा का इस्तेमाल किया जाता है। जेड-वीजा की वैधता 1 साल की है। जबकि आर-वीजा में ठहरने के लिए सिर्फ 180 दिन मिलते हैं। आर वीजा के लिए कोई फीस नहीं लगती, लेकिन इसकी आवेदन प्रक्रिया लंबी और पेचीदा है। इसलिए यह सफल नहीं हो पाया। वहीं, के- वीजा में विदेशियों को ज्यादा समय तक चीन में रहने की सुविधा मिलेगी। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि यह कितने समय के लिए होगी। के-वीजा में कुछ ऐसी सुविधाएं दी गई हैं, जो अभी चल रहे जेड वीजा में नहीं है। जेड वीजा वाला विदेशी व्यक्ति अगर चीन में काम करना चाहता है, तो उसे पहले किसी चीनी कंपनी या संस्था से नौकरी का प्रस्ताव या स्पान्सरशिप चाहिए होती है, लेकिन के-वीजा में यह नियम नहीं है। इसमें आवेदक को किसी स्थानीय कंपनी की जरूरत नहीं है। बस उसकी योग्यता, जैसे आयु, शिक्षा और काम का अनुभव देखा जाएगा। इससे विदेशी पेशेवरों के लिए आवेदन करना आसान हो जाएगा। अलग-अलग देशों के लिए के-वीजा से जुड़ी डिटेल जानकारी चीनी दूतावास और कान्सुलेट जारी करेंगे। चीन सरकार ने अगस्त में इस फैसले को मंजूरी दी थी।

## उत्तर कोरिया हर साल 15-20 अतिरिक्त परमाणु हथियार बना रहा: दक्षिण कोरिया

**नई दिल्ली।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने कहा है कि उत्तर कोरिया हर साल 15-20 अतिरिक्त परमाणु हथियार बना रहा है और 'एक अंतरिम आपातकालीन उपाय' के रूप में इस पर रोक लगाना फिलहाल परमाणु निरस्त्रीकरण का 'एक व्यवहार्य और यथार्थवादी विकल्प' होगा। ली ने बीबीसी के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पड़ोसी देश उत्तर कोरिया के प्रमुख किम के बीच हुए उस समझौते पर सहमत होंगे, जिसमें उत्तर कोरिया परमाणु हथियारों से छुटकारा पाने के बजाय उनका उत्पादन रोकने पर राजी होगा। उल्लेखनीय है कि उत्तर कोरिया ने 2022 में खुद को एक परमाणु शक्ति घोषित किया थी।

# सीरिया 58 साल बाद यूएन महासभा में शामिल होगा

**सीरियाई राष्ट्रपति अल-शरा न्यूयॉर्क पहुंचे, अमेरिका से रिश्ते सुधारने की करेंगे कोशिश**

**वाशिंगटन।** सीरिया 58 साल में पहली बार यूनाइटेड नेशन जनरल असेंबली (यूएनजीए) में शामिल होगा। इसके लिए सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शरा रविवार को न्यूयार्क पहुंचे हैं। वे यहां 80वीं महासभा के सत्र में हिस्सा लेंगे।

ये 23 सितम्बर से 29 सितम्बर, 2025 तक चलेगा। इससे पहले 1967 में तत्कालीन सीरियाई राष्ट्रपति नूर अल-दीन अल-अतासी ने यूएनजीए में हिस्सा लिया था। इसके बाद सीरिया में असद परिवार (हाफिज असद और बशर असद) का 50 साल लंबा शासन रहा। पिछले साल दिसम्बर में अल-शरा ने असद परिवार का तख्तापलट किया और अंतरिम राष्ट्रपति बने। अब सीरियाई सरकार अमेरिका और पश्चिमी देशों से रिश्ते सुधारने में जुटी है। सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल-शरा ने रविवार रात न्यूयॉर्क में सीरियाई समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ मुलाकात की। सीरिया और इजरायल के रिश्ते लंबे समय से तनावपूर्ण हैं। असद के पतन के बाद इजरायल ने सीरिया पर हवाई हमले बढ़ा दिए थे। इजरायल ने यूएन शांति सैनिकों की निगरानी वाला गोलन हाइट्स बफर जोन पर भी कब्जा कर लिया। इस बैठक में अल-शरा इजरायल के साथ अपने रिश्तों को सुधारने पर जोर दे सकते हैं। अल-शरा ने हाल ही में कहा था की वो 1974 के डिसएंगेजमेंट समझौते को फिर शुरू करना चाहते हैं। पिछले हफ्ते उन्होंने कहा कि जल्द ही कोई डील हो सकती है।

# पाक एयरफोर्स ने अपने ही लोगों पर की बमबारी

## 30 की मौत, चीन के जे-17 विमानों से 8 लेजर-गाइडेड बम गिराए



■ सेना बोली: यहां तालिबान बम बना रहा था

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी वायुसेना ने रविवार रात 2 बजे अपने ही देशवासियों पर चीन के जे-17 विमानों से 8 लेजर-गाइडेड बम गिराए। पाकिस्तानी वायुसेना ने यह हमला खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के तिराह घाटी के एक गांव पर किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस हवाई हमले में करीब 30 लोग मारे गए, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। सेना का कहना है कि इन हमलों का टारगेट तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) का बम बनाने वाला ठिकाना था। लोकल पुलिस ने मीडिया को बताया कि टीटीपी के दो कमांडर, अमान गुल और मसूद खान बम बनाकर मस्जिदों में छिपा रहे थे। इस हमले से जुड़े कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं, लेकिन उनकी पुष्टि नहीं हो पाई है। वहीं, इलाके के लोगों का कहना है कि सरकार और सेना सही जानकारी के बिना हमले कर रही है, जिससे आम लोग मर रहे हैं। जून में एक ड्रोन हमले में बच्चे की मौत के बाद एमनेस्टी इंटरनेशनल ने पाकिस्तान सरकार की आलोचना की थी। मार्च में भी खैबर के कटलांग में 10 नागरिक मारे गए थे। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दावा किया गया है कि पाकिस्तानी एयरफोर्स के हमले में करीब 30 लोगों की मौत हुई है। हालांकि इन वीडियोज की पुष्टि नहीं हुई है। 2001 में अमेरिका ने अफगानिस्तान पर हमला किया, तो कई लड़ाके पाकिस्तान के कबाइली इलाकों में छिप गए। 2007 में बेतुल्लाह मेहसूद ने 13 विद्रोही गुटों को मिलाकर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) बनाया। इसमें बड़ी संख्या में पाकिस्तानी सेना के विरोधी गुट के लोग शामिल थे। इनकी लड़ाई पाकिस्तान की सेना और सरकार के खिलाफ है। इस संगठन से जुड़े कई समर्थक पाकिस्तानी सेना में मौजूद हैं। अमेरिका ने पाकिस्तान को चेताया है कि टीटीपी एटमी हथियारों तक पहुंच सकता है। पाकिस्तान अक्सर आरोप लगाता है कि पाकिस्तानी तालिबान अफगानिस्तान के जमीन का इस्तेमाल करके उस पर आतंकी हमले करता है। हालांकि पाकिस्तान के इन आरोपों को अफगानिस्तान खारिज करता रहा है। अफगानिस्तान में 2021 के तालिबान की वापसी के साथ ही पाकिस्तानी तालिबान (टीटीपी) मजबूत हुआ है। टीटीपी ने नवम्बर 2022 में पाकिस्तान के साथ सीजफायर को एकतरफा तौर पर खत्म कर दिया था। इसके बाद उसने पाकिस्तान पर हमले तेज कर दिए हैं।

# फिलीपींस में भ्रष्टाचार को लेकर जोरदार प्रदर्शन

■ 95 पुलिसकर्मी घायल
216 प्रदर्शनकारी गिरफ्तार

**मनीला।** नेपाल के बाद अब फिलीपींस के हजारों युवाओं ने बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं से जुड़े घोटाले को लेकर राजधानी मनीला में रविवार को सड़कों पर जोरदार प्रदर्शन किया जिसमें 95 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं।

इस दौरान 216 प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को विरोध प्रदर्शन काफी हद तक शांतिपूर्ण रहा, लेकिन जल्द हिंसा भड़क उठी और प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ अयाला ब्रिज, मेंडिओला और क्लारो एम. रेक्टो एवेन्यू सहित प्रमुख क्षेत्रों में झड़पें हो गईं। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछारें की। फिलीपीनी न्यूज चैनल एबीएस-सीबीएन (एएनसी) के अनुसार गृह विभाग ने सोमवार को बताया कि 21 सितम्बर को मनीला में आयोजित भ्रष्टाचार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान हिसक झड़पों में 95 पुलिस कर्मी घायल हो गए और 216 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है। एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने एएनसी को बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में 127 युवा और 89 नाबालिग शामिल हैं। मनीला शहर के मेयर इस्को मोरेना ने बताया कि इनमें एक 12 साल का किशोर भी है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108